अनंतनाग में सेना-आतंकियों के बीच लगातार दूसरे दिन फायरिंग 12

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व्यापारी दिवस सम्मेलन धूमधाम से... 10


# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 14 | अंकः 330 | मूल्यः ₹ 3.00/- | पेज : 12 शुक्रवार | 15 सितंबर, 2023

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper




"ये घमंडिया गठबंधन वाले सनातन संस्कारों और परंपरा को समाप्त करने का संकल्प लेकर आए हैं। जिस सनातन को गांधी जी ने जीवनपर्यंत माना, जिस सनातन ने उन्हें अस्पृश्यता के खिलाफ आंदोलन चलाने के लिए प्रेरित किया। ये घमंडिया गठबंधन के लोग उस सनातन परंपरा को समाप्त करना चाहते हैं।

-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (मध्य प्रदेश के बीना में)

# घमंडिया गठबंधन सनातन को समाप्त करना चाहता हैः मोदी

## बीना में कहा, गांधी के आखिरी शब्द थे हे राम... वे जीवन भर सनातन के पक्ष में रहे

- मप्र के बीना में प्रधानमंत्री ने किया पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास, कहा, बुंदेलखंड शूरवीरों की धरती
- प्रधानमंत्री ने जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता का श्रेय देश की 140 करोड़ जनता को दिया

**सरकार देश में महिलाओं को 75 लाख नए गैस कनेक्शन देगीः प्रधानमंत्री**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सागर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सागर के बीना में बीपीसीएल (भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) रिफाइनरी में 50 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पेट्रो केमिकल प्लांट की आधारशिला रखी। रिफाइनरी से 3 किलोमीटर दूर हड़कलखाती गांव में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, घमंडिया गठबंधन सनातन को समाप्त करना चाह रहा है। गांधी जी के आखिरी शब्द थे- हे राम...। वे जीवन भर सनातन के पक्ष में रहे। सभास्थल से ही मोदी ने 1800 करोड़ रुपए के इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स का वर्चुअली शिलान्यास किया। इनमें नर्मदापुरम के ऊर्जा एवं नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रक्षेत्र, आईटी पार्क-3 व 4 इंदौर, मेगा इंडस्ट्रियल पार्क रतलाम और 6 इंडस्ट्रियल पार्क (नर्मदापुरम, गुना, शाजापुर, मऊगंज, आगर-मालवा और मक्सी) शामिल हैं। यह प्रधानमंत्री का मध्यप्रदेश में 6 महीने में छठवां दौरा है। इससे पहले 12 अगस्त को उन्होंने सागर आकर संत रविदास मंदिर की आधारशिला रखी थी।

### मैं यह गारंटी देने आया हूं कि एमपी में नई इंडस्ट्री आएंगी

साथियों, आजादी के इस अमृत काल में हर देशवासी ने भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए ये जरूरी है कि भारत आत्मनिर्भर हो। हमें विदेशों से कम से कम चीजें मंगानी पड़ें। आज भारत पेट्रोल-डीजल तो बाहर से मंगाता ही है, हमें पेट्रो केमिकल प्रोडक्ट्स के लिए भी दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता है। आज बीना रिफाइनरी में पेट्रो केमिकल कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास हुआ है। यह भारत को ऐसी चीजों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का काम करेगा। बहुत से लोगों को यह पता ही नहीं होता कि प्लास्टिक पाइप, बाल्टी-मग, कुर्सी-टेबल, पेंट, पैकिंग मटीरियल, मेडिकल उपकरण बनाने में पेट्रो केमिकल की बहुत बड़ी भूमिका होती है। बीना में बनने वाला यह कॉम्प्लेक्स इस पूरे क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचा देगा, यह मैं आपको गारंटी देने आया हूं। यहां नई इंडस्ट्री आएंगी। किसानों, छोटे उद्यमियों को मदद मिलेगी। सबसे बड़ी बात है कि मेरे नौजवानों को भी रोजगार के हजारों मौके मिलने वाले हैं। नए भारत में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर का भी कायाकल्प हो रहा है। देश की जरूरत बढ़ रही है, जरूरतें बदल रही हैं.. इसी सोच के साथ आज यहां इस कार्यक्रम में एमपी के दस नए इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया गया है। मध्यप्रदेश की औद्योगिक ताकत बढ़ेगी तो इसका लाभ सभी को होने वाला है। सभी की कमाई बढ़ेगी। नए अवसर मिलेंगे।

### एक जमाना था जब एमपी में अपराधियों का ही बोलबाला था

किसी भी देश या फिर किसी भी राज्य के विकास के लिए जरूरी है कि पूरी पारदर्शिता से शासन चले। भ्रष्टाचार पर लगाम कसी रहे। यहां मध्यप्रदेश में आज की पीढ़ी को बहुत याद नहीं होगा, लेकिन एक वो भी दिन था, जब यहां की पहचान देश के सबसे खस्ताहाल राज्यों में थी। आजादी के बाद जिन्होंने लंबे समय तक एमपी में राज किया, उन्होंने भ्रष्टाचार-अपराध के सिवा कुछ भी नहीं दिया। एक वो जमाना था, जब एमपी में अपराधियों का ही बोलबाला था, कानून व्यवस्था पर लोगों को भरोसा ही नहीं था। ऐसी स्थिति में आखिर मध्यप्रदेश में उद्योग कैसे लगते, व्यापारी यहां आने की हिम्मत कैसे करता? आपने जब हम लोगों को सेवा का मौका दिया, हमने पूरी ईमानदारी से मध्यप्रदेश का भाग्य बदलने का भरसक प्रयास किया। हमने मध्यप्रदेश को भय से मुक्ति दिलाई। पुरानी पीढ़ी के लोगों को याद होगा कि कैसे कांग्रेस ने इसी बुंदेलखंड को सड़क, बिजली और पानी जैसी सुविधाओं से तरसाकर रख दिया था। आज भाजपा सरकार में हर गांव तक सड़क, हर घर तक बिजली पहुंच रही है। कनेक्टिविटी सुधरी है तो उद्योग-धंधों के लिए पॉजिटिव माहौल बना है। बड़े निवेशक मध्यप्रदेश आना चाहते हैं। नई फैक्ट्री लगाना चाहते हैं। मध्यप्रदेश नई ऊंचाई छूने जा रहा है।



### घमंडिया गठबंधन सनातन को खंड-खंड करना चाहता है, यही इनका हिडन एजेंडा

- एक तरफ आज का भारत दुनिया को जोड़ने का सामर्थ्य दिखा रहा है, दुनिया के मंचों पर हमारा भारत विश्वमित्र के रूप में सामने आ रहा है.. दूसरी तरफ कुछ ऐसे दल भी हैं, जो देश-समाज को विभाजित करने में जुटे हैं। इन्होंने मिलकर एक इंडी एलायंस बनाया। इस एलायंस को कुछ लोग घमंडिया गठबंधन भी कहते हैं। इनका नेता तय नहीं है। नेतृत्व पर भ्रम है।
- इन्होंने पिछले दिन मुंबई में मीटिंग की। मुझे लगता है कि इस मीटिंग में उन्होंने आगे यह घमंडिया गठबंधन कैसे काम करेगा, उसकी नीति-रणनीति बना दी है। उन्होंने अपना हिडन एजेंडा तय कर लिया है। इनकी नीति है- भारत की संस्कृति पर हमला करने की। इनका निर्णय है- भारतीयों की आस्था पर हमला करो। नीयत है- भारत को जिस विचारों ने, जिन संस्कारों ने, जिन परंपराओं ने हजारों वर्ष से जोड़ा है, उसे तबाह कर दो।
- जिस सनातन से प्रेरित होकर देवी अहिल्याबाई ने देश के कोने-कोने में सामाजिक काम किए, ये घमंडिया गठबंधन उस सनातन संस्कार और परंपरा को समाप्त करने का संकल्प लेकर आया है। ये सनातन की ताकत थी कि झांसी की रानी लक्ष्मी बाई अंग्रेजों को यह कहकर ललकार पाईं कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी।
- जिस सनातन को गांधी जी ने जीवन पर्यंत माना, जिन भगवान श्रीराम ने उन्हें जीवन भर प्रेरणा दी.. उनके आखिरी शब्द थे- हे राम। जिस सनातन ने उन्हें आंदोलन चलाने के लिए प्रेरित किया, ये इंडी गठबंधन के लोग, उस सनातन परंपरा को समाप्त करना चाहते हैं।
- जिस सनातन से प्रेरित होकर स्वामी विवेकानंद ने समाज की बुराइयों के प्रति लोगों को जागरूक किया, ये उस सनातन को समाप्त करना चाहते हैं। जिस सनातन से प्रेरित होकर लोकमान्य तिलक ने मां भारती की स्वतंत्रता का बीड़ा उठाया, गणेश पूजा को स्वतंत्रता के आंदोलन से जोड़ा, सार्वजनिक गणेशोत्सव की परंपरा बनाई, आज उसी सनातन को ये इंडी गठबंधन तहस-नहस करना चाहता है।
- ये सनातन की ताकत थी कि स्वतंत्रता आंदोलन में फांसी पाने वाले वीर कहते थे कि अगला जन्म मुझे फिर भारत मां की गोद में मिले। जो सनातन संस्कृति संत रविदास का प्रतिबिंब है, माता शबरी की पहचान है, महर्षि वाल्मीकि का आधार है, जिस सनातन ने हजारों वर्ष से भारत को जोड़े रखा है।

### 50 हजार करोड़ एक कार्यक्रम में लगा रहे, इतना तो राज्यों का पूरे साल का बजट नहीं

बुंदेलखंड वीरों-शूरवीरों की धरती है। इस भूमि को बीना-बेतवा नदी का आशीर्वाद मिला हुआ है। मुझे महीने भर में दूसरी बार सागर आकर आप सभी के दर्शन का सौभाग्य मिला। मैं शिवराज सरकार का भी अभिनंदन करता हूं कि आज आप सभी के बीच आकर आपके दर्शन का अवसर दिया। पिछली बार मैं संत रविदास जी के भव्य स्मारक के भूमिपूजन के अवसर पर आपके बीच आया था। आज मुझे मध्यप्रदेश के विकास को नई गति देने वाली अनेक परियोजनाओं का भूमिपूजन करने का अवसर मिला। ये परियोजनाएं इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई ऊर्जा देंगी। इन परियोजनाओं पर केंद्र सरकार 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने वाली है। आप कल्पना कर सकते हैं कि 50 हजार करोड़ रुपए क्या होता है? हमारे देश के कई राज्यों का पूरे साल का बजट भी इतना नहीं होता है, जितना आज एक ही कार्यक्रम के लिए भारत सरकार लगा रही है। ये दिखाता है कि मध्यप्रदेश के लिए हमारे संकल्प कितने बड़े हैं। ये सारे प्रोजेक्ट्स आने वाले समय में मध्यप्रदेश में हजारों युवाओं को रोजगार देंगे।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दुनिया में बज रहा डंकाः शिवराज

इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी जी-20 की ऐतिहासिक सफलता के बाद यहां आए हैं। पूरे विश्व में डंका बज रहा है। चंद्रमा पर पहुंचा चंद्रयान। सूरज की ओर भी हमारा यान जा रहा है। बुंदेलखंड की धरती जिसे कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा पिछड़ा रखा। आज जो 50 हजार करोड़ से पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स बन रहा है, उससे भविष्य में भविष्य में दो लाख 45 हजार युवाओं को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

### जी-20 की सफलता का श्रेय मोदी को नहीं, आप सभी लोगों को जाता है

आपको याद होगा कि लाल किले से मैंने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति और सबका प्रयास के संबंध में विस्तार से चर्चा की थी। आज देखकर गर्व होता है कि भारत ने गुलामी की मानसिकता को पीछे छोड़कर अब स्वतंत्र होने के स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। कोई भी देश जब ऐसा ठान लेता है तो उसका कायाकल्प शुरू हो जाता है। अभी आपने इसकी तस्वीर जी-20 समिट में देखी है। आप सभी ने देखा है कि भारत ने किस तरह जी-20 का सफल आयोजन किया। आप मुझे बताइए, जी-20 की सफलता से आपको गर्व हुआ या नहीं? देश को गर्व हुआ कि नहीं हुआ? आपका माथा ऊंचा हुआ कि नहीं?

# लखनऊ में ऑक्सीजन सिलेंडर फटा, ड्राइवर-हेल्पर के चिथड़े उड़े, 1 की मौत, हाथ-पैर शरीर से अलग हुए, सिलेंडर धमाके के साथ कार पर गिरा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में बालागंज चौराहे के पास एक अस्पताल के बाहर ऑक्सीजन सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। सिलेंडर सप्लाई करने वाले दो कर्मचारी इसकी चपेट में आ गए। उनके हाथ पैर के चिथड़े उड़ गए। एक के सिर का हिस्सा भी उड़ गया। पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जिसमें एक कर्मचारी की मौत हो गई। हादसा देख आसपास इलाके में दहशत फैल गई। फरीदीपुर निवासी संजय का ऑक्सीजन प्लांट है। उनके मुताबिक जेपीएस अस्पताल में सिलेंडर की सप्लाई करने के लिए उनके कर्मचारी शोभित और आरिफ डाला लेकर गए



थे। अस्पताल के बाहर डाला खड़ा करने के बाद जैसे ही दोनों ने पीछे जाकर सिलेंडर उठाने का प्रयास किया वैसे ही एक सिलेंडर में धमाका हो गया। आरिफ और शोभित उछल कर दूर जा गिरे। हाथ पैर और शरीर के कई हिस्सों के चिथड़े हो गए। खून से लथपथ सड़क पर पड़ा देख उनको कोई हाथ तक नहीं लगा रहा था। 108 एंबुलेंस की टीम पहुंची। पुलिस कर्मियों की मदद से दोनों को अस्पताल भिजवाया गया। जहां इलाज के दौरान आरिफ की मौत हो गई। आरिफ फतेहपुर मवई संडीला का रहने वाला है। वह लखनऊ में दुबग्गा के मुर्दापुर में अपनी पत्नी शमा व दो बच्चों अनस (06) और शिफा (07) के साथ रह रहा था।

### जेपीएस अस्पताल के बाहर जमीन पर सिलेंडर गिरकर फटा

फरीदीपुर में रहने वाले संजय ऑक्सीजन सिलेंडर सप्लाई का काम करते हैं। संजय ने बताया, जेपीएस अस्पताल में सिलेंडर की सप्लाई करने के लिए उनके कर्मचारी शोभित और आरिफ डाला लेकर गए थे। अस्पताल के बाहर डाला खड़ा करने के बाद जैसे ही दोनों ने पीछे जाकर सिलेंडर उठाने का प्रयास किया, वैसे ही एक सिलेंडर में धमाका हो गया। आरिफ और शोभित उछल कर दूर जा गिरे। हाथ, पैर और शरीर के कई हिस्सों के चिथड़े हो गए। दोनों खून से लथपथ सड़क पर पड़े, तड़पते रहे। राहगीरों ने हादसे की जानकारी पुलिस और 108 एंबुलेंस की टीम को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। एडीसीपी पश्चिम चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि घायलों का इलाज प्राथमिकता है। बाकी जांच में देखा जाएगा कि हादसे की वजह क्या है। उधर जेपीएस अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उनकी तरफ से कोई ऑर्डर ऑक्सीजन सिलेंडर का नहीं दिया गया था।

# प्रदेश में फैले नौकरी दिलाने वाले रैकेट का लखनऊ में फूटा भांडा

- यूपी एसटीएफ ने चार जालसाजों को दबोचा नौकरी दिलाने के नाम 700 बेरोजगारों से 2 करोड़ से अधिक ठगे
- इंदिरानगर में चलाया जा रहा था एक कॉल सेंटर, यहां इंटरनेट व अन्य माध्यम से बेरोजगारों के नंबर पता कर लिए जाते थे
- इसके बाद उनको फ़ोन करके नौकरी दिलाने के नाम पर दो या तीन किस्तों में 50 हजार से 1 लाख रुपये वसूलते थे

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने राजधानी लखनऊ में नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से करोड़ों की ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। इस गेम का नेट पर पूरे प्रदेश में फैला है। अब तक 700 बेरोजगारों से दो करोड़ रुपये से ज्यादा हड़पने वाले चार आरोपियों को एसटीएफ ने गिरफ़्तार किया है। पकड़े गए लोग फर्जी कॉल सेंटर खोलकर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। जानकारी के अनुसार ये जालसाज अपने कॉल सेंटर पर एमटेक और बीटेक पास युवाओं को नौकरी पर रखते थे। इंदिरानगर में एक कॉल सेंटर चलाया जा रहा था जिसमें इंटरनेट व अन्य माध्यम से बेरोजगारों के नंबर पता कर लिए जाते थे। इसके बाद उनको फ़ोन करके नौकरी दिलाने के नाम पर दो या तीन किस्तों में 50 हजार से 1 लाख रुपये वसूलते थे।



### 12 जिलों में फैला है नेटवर्क

पकड़े गए जालसाजों का नेटवर्क प्रदेश के 12 जिलों में फैला हुआ है। अलग-अलग जिलों में इन्होंने अपने एजेंट भी रख कर रखे थे। इस पूरे मामले में मिर्ज़ापुर के राजन, प्रतापगढ़ के सुरेन्द्र प्रताप सिंह और हरदोई के सोमेन्द्र तिवारी को एसटीएफ ने लखनऊ के एक फ्लैट से गिरफ़्तार किया है।

### पहले गाजियाबाद में चल रहा था कॉल सेंटर

पकड़े गए जालसाज पिछले तीन साल से इस कॉल सेंटर को चला रहे हैं। पहले उनका यह कॉल सेंटर गाजियाबाद में खोला गया था, जिसके लिए आरोपी प्री-एक्टिवेटेड सिम खरीद लेते थे। ये सिम दुगने-तिगुने दाम पर दिल्ली से खरीदे जाते थे। फिर इन नंबरों के जरिए बेरोजगारों से संपर्क किया जाता था। कॉलिंग के लिए जालसाजों ने लड़कों की हायरिंग की हुई थी, जिसमें बीटेक और एमटेक पास शामिल थे। इन्हें 16-20 हज़ार रुपये सैलरी दी जाती थी और इन्हीं लोगों के द्वारा बेरोजगारों को कॉल कराया जाता था।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# 17 सितंबर से पूरे प्रदेश में चलेगा आयुष्मान भवः अभियान

- 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअली आयुष्मान भवः योजना को लॉन्च कर दिया। उत्तर प्रदेश में भी 17 सितंबर से इस योजना को लेकर पूरे प्रदेश में अभियान शुरू करेगी। इस अभियान को 5 हिस्सों में विभाजित किया गया है। इसके तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। 17 सितंबर से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की भी शुरुआत होगी। और पूरे प्रदेश में आयुष्मान मेला भी शुरू किया जाएगा। वहीं 2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड भी शुरू होगा।



### सेवा पखवाड़े में चलेगा स्वच्छता अभियान

17 सितंबर से शुरू होने वाला सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। ग्राम पंचायत सदस्यों, जेएएस, आरकेएस के सहयोग से प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल स्तरों पर सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर इस स्वच्छता कार्यक्रम को चलाया जाएगा। इसके अलावा नियमित स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता और सामाजिक एकजुटता के अवसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। इसी तरह अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता और लोगों को मृत्यु के बाद अंग दान करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### पीएमजेएवाई योजना से पात्र लाभार्थी को जोड़ा जाएगा

आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की शुरुआत पीएमजेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड के वितरण के लिए की जा रहीं है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र लाभार्थी न छूटे। आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के इरादे से 2021 में आयुष्मान आपके द्वार 1.0 और 2022 में 'आयुष्मान-आपके द्वार 2.0' चलाया गया था। इसके माध्यम से खुद पंजीकरण करके कार्ड निर्माण किया जा सकेगा। एफएलडब्ल्यू, उचित मूल्य की दुकानों (एफपीएस), कार्ड निर्माण एजेंसियो, स्वयंसेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि का उपयोग करके कार्ड निर्माण की कार्यवाही की जाएगी। घर-घर ई-केवाईसी और कार्ड डिलीवरी की सुविधा मिलेगी। इस पूरे कार्यक्रम के लिए डीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय जन प्रतिनिधियों को शामिल किया जा सकता है।

### हफ्ते में दो दिन शनिवार, रविवार को लगेगा हेल्थ मेला

आयुष्मान मेला के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन होगा। इसके अंतर्गत सेवाओं के उपयोग को अनुकूलित करने के लिए लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अपने मुद्दों और चिंताओं को व्यक्त करने के लिए मंच प्रदान करना और समूह कल्याण गतिविधियों के माध्यम से लोगों के बीच व्यवहार परिवर्तन को बढ़ाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसी तरह, प्रत्येक रविवार को मेडिकल कॉलेज द्वारा सीएचसी पर साप्ताहिक मेला आयोजित होगा। इसमें देखभाल की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सीएचसी में विशेषज्ञ और आउटरीच सेवाओं तक पहुंच में वृद्धि होगी। विशिष्ट देखभाल के माध्यम से स्क्रीनिंग, निदान और बुनियादी एवं उन्नत स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

### स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में बढ़ाई जाएगी जागरूकता

2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा की शुरुआत होगी। इसके तहत विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक ग्राम, वार्ड स्तर पर वीएचएसएनसी, नगरीय निकाय के नेतृत्व में आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें पात्र लाभार्थियों की सूची के साथ ही उपचार प्राप्त लाभार्थियों की सूची और सूचीबद्ध अस्पतालों की सूची के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। एनसीडी, टीबी और सिकल सेल रोग, संचारी सेवाओं और उनके उन्मूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और आभा आईडी के निर्माण की सुविधा के लिए विशेष स्वास्थ्य वार्ता होगी। इसके अलावा आयुष्मान ग्राम पंचायत व आयुष्मान अर्बन वाड्र्स का भी आयोजन होगा। यह वो दर्जा है जो मार्च 2024 तक विभिन्न मापदंडों को प्राप्त करने वाले ग्रामों व वाड्र्स को प्रदान किया जाना है।

# डीएम-एसपी ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

## एसचेक, डॉग स्क्वॉयड, बीडीडीएस एलआईयू की संयुक्त टीम ने चलाया जांच अभियान

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



भाद्रपद (भादौ) मास की अमावस्या मेला को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, जिलाधिकारी सतना मध्य प्रदेश अनुराग वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने राष्ट्रीय रामायण मेला, रामघाट आदि जगहों पर भ्रमण कर मेला में लगे जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुरक्षा बल आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट से कहा कि आज भदई मास की अमावस्या मेला का पर्व है। मेला को सकुशल संपन्न करना हम आप सब का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि कोई भी प्रतिस्थानी जब तक न आ जाएं तो वह संबंधित अधिकारी कर्मचारी अपना ड्यूटी स्थल नहीं छोड़ेगा। उन्होंने सुरक्षा में लगी सभी सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित किया कि किसी भी अप्रिय घटना न होने पाए इस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि रामघाट और परिक्रमा मार्ग पर साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। इस मौके पर राजापुर उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार झा, उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी कर्वी लाल जी यादव आदि मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू अनुज मिश्र के पर्यवेक्षण में एस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड बीडीडीएस एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा भाद्रपद अमावस्या पर्व पर सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत रामघाट, बेडीपुलिया रोडवेज, रेलवे स्टेशन परिसर में संदिग्ध वस्तुओं, व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई।

## बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी होंगे सम्मानित डीएम

**जन एक्सप्रेस/पडरौना/कुशीनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार की शाम जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक हुई। इसमें डीएम ने संस्थागत प्रसव, बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, आशाओं के द्वारा होम विजिट, मंत्रा और ई-कवच एप पर डाटा फीडिंग, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु रिपोर्टिंग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जन्म पंजीकरण, गर्भवती मां के उपचार आदि की समीक्षा की।डीएम उमेश मिश्र ने ब्लॅड स्टोरेज यूनिट मंत्रा रिपोर्ट, मां नवजात ट्रैकिंग एप की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी और कर्मचारी बेहतर कार्य करेंगे, उन्हें सम्मानित किया जाएगा, लेकिन खराब प्रदर्शन वाले कर्मचारियों को कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि सभी सीएचसी और पीएचसी पर सभी उपकरण उपलब्ध होने चाहिए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफल बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करें। संस्थागत प्रसव के मामले में प्रगति सुधार करें। शासन की स्वास्थ्य योजनाएं प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए विशेष रणनीति तैयार कर क्रियांवित करें। उन्होंने अतिरिक्त ब्लीडिंग से होने वाली गर्भवती महिलाओं की मृत्यु के लिए 40 एंटी शॉक गारमेंट्स खरीदने के लिए अनुमति प्रदान की। इस दौरान पीडी जगदीश त्रिपाठी, डीईएसटीओ श्रवण कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया आदि मौजूद रहे।

### जल जीवन मिशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखा ब्लाक प्रमुख ने किया रवाना

जन एक्सप्रेस। रामकोला/कुशीनगर



राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के अंतर्गत विकास खंड रामकोला की सभी ग्राम पंचायतों में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वृहस्पतिवार को रामकोला विकास खंड में ब्लाक प्रमुख द्विग्विजय सिंह लक्ष्मण ने जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में शुद्ध जल के बाबत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह ने की। खंड विकास अधिकारी व ब्लाक प्रमुख ने बताया कि ग्राम पंचायतों में नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला, स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति की बैठक, पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक, जल जांच, सोशल मैपिंग, फिल्म प्रोजेक्टर, आंगनबाड़ी, विद्यालय में आर्ट प्रतियोगिता, कोर कमेटी का गठन कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिला परियोजना समन्वयक अभिमन्यु सिंह ने विस्तार रूप से कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालक डीपीसी,अंकुश सिंह साजिद अली ने किया, एडीओ पंचायत मनोरंजन लाल श्रीवास्तव एडीपीसी महेंदर यादव,अहमद खान, अनुराग ओझा, आजाद खान, अरविंद यादव, राजमंगल सिंह, गोल्डी सिंह, जेई जे0पी0 सिंह, अभय प्रताप सिंह, मुन्ना खां के अलावा कई ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे।

# गोष्ठी कर हिन्दी में काम करने की ली शपथ

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



हिन्दी दिवस पर जिला उपभोक्ता आयोग में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दी को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

हिन्दी दिवस पर जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आयोग के पूर्व सदस्य केशव प्रसाद यादव ने कहा कि हिन्दी भाषा सरल भाषा है। इसके पढने में कठिनाई नहीं होती आसानी से समझा जा सकता है। इसका स्वरूप भावनात्मक एकता को बढ़वा देने वाला होता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व कार्यालयों व न्यायालयों में पहले फारसी, उर्दू एवं बाद में अंग्रेजी का प्रयोग होता रहा है। हिन्दी का प्रयोग शासन व्यवस्था में न होने के कारण इसमें शब्दावली का आभाव भी था। वर्ष 1787 में ब्रिटिश पार्लियामेंट में विधि शब्दों का भारतीय भाषा में अनुवाद का निर्णय लिया गया। जिसपर अधिकतर उर्दू अनुवाद ही तैयार कराए गए।

जिनका प्रकाशन देवनागरी लिपि में भी कराया गया। इसके बाद 8 अक्टूबर 1947 को उत्तर भारत में हिन्दी भाषा व देवनागरी लिपि को परिषद की भाषा के रूप में स्वीकार किया गया। उर्दू व फारसी सहित सभी बोलचाल में आने वाली राष्ट्रभाषा हिन्दी को सुस्थापित किया। आज हिन्दी को समृद्ध बनाने के लिए बाजार वाली नीति को त्यागने की जरूरत है तभी हिन्दी दिवस सार्थक होगा। हिन्दी राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भाषा है, जो आम जन की बोधगम्य है। न्यायालयों मे सभी आदेश एवं निर्णय हिन्दी में होने से आम जनता उसको समझ सकती है। वरिष्ठ सदस्य अंजू सिंह चौहन ने कहा कि हिंदी भाषा में कवि भारतेंदु हरिशचंद्र, आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी भगवतीशरण वर्मा ने ने कई उपन्यास, नाटक व रचनाएं लिखी हैं। जिनको आज भी पढ़ा जाता है। उन्होंने हिंदी भाषा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। वरिष्ठ सहायक सत्यदेव ओझा ने कहा कि न्यायालयों में भी हिंदी भाषा का उपयोग किया जाता है। इस दौरान सभी लोगों ने हिन्दी में काम करने की शपथ ली। इस मौके पर प्रदीप कुमार, सोमेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार शिलाफलकम लगाकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य कर रही: सांसद

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत गुरूवार को मऊ नगर पंचायत के डाक बगला मोहल्ले व विकास खंड पहाड़ी के उदघटा कनकोटा की ग्राम पंचायत में सांसद आरके सिंह पटेल द्वारा प्रत्येक परिवार के आंगन की मिट्टी अमृत कलश में एकत्र कराकर अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई।

सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि आजादी के अमृत काल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत माता की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का है। उन्होंने कहा कि आज हमारा भारत देश जी20 की अगुवाई कर रहा है। हमारे देश के प्रधानमंत्री की अगुवाई में देश के वैज्ञानिक चंद्रयान 3 का सफल परीक्षण कर विश्व पटल पर देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। हमारे देश में आजादी के 75 वर्षों बाद शहीदों के नाम पर शिलाफलकम लगाकर देश के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिलाफलकम का लोकार्पण किया तथा अमृत सरोवर के किनारे 75 वृक्षों को रोपित किया। अमृत काल के अवसर पर पंच प्रण की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि गांव से एकत्र की गई मिट्टी से ब्लॉक परिसर में वृक्षारोपण होगा तथा देश की राजधानी दिल्ली में प्रत्येक विधान सभा 8000 पेड़ो से अमृत वाटिका का निर्माण होगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई में भारत दुनिया के अग्रिम पंक्ति पर नजर आ रहा है। हम जल्द ही विश्व गुरु बनेंगे। हमारी केन्द्र की सरकार व प्रदेश की सरकार तथा जिला प्रशासन लगातार विकास की योजनाओं को जमीन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, विनीत द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता देव त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश बालाजी, मंडल अध्यक्ष भाजपा योगेंद्र सिंह, विजय बहादुर सिंह, स्वयं प्रकाश मिश्रा, रामचंद्र वर्मा, मधुरेंद्र प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान जगदीश प्रसाद शुक्ला, ग्राम प्रधान रायपुर देवनारायण, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत पांडेय आदि मौजूद रहे।

# चोरी के तीन मुकदमों का अनावरण, एक आरोपी व तीन बाल अपचारी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा चोरी के 3 मुकदमों का अनावरण करते हुए एक आरोपी व तीन बालचारियों को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली कर्वी में नियुक्त उप निरीक्षक राम आधार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा 3 बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 2 सिक्के सफेद धातु, 2 पायल सफेद धातु व 1 लोहे का सब्बल तथा चोरी के 1020 रूपये बरामद हुए। बाल अपचारियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह लोग एक साथ मिलकर बन्द मकान व दुकानों का शटर सब्बल की मदद से तोड़कर चोरियां करते है। वह तीनों ने प्रयागराज, कौशाम्बी तथा चित्रकूट आदि स्थानों में घूम कर कबाड़ बिनने के बहाने बन्द मकान व दुकान की दिन में रेकी करके चिन्हित करते थे तथा रात्रि में उन्ही चिन्हित मकान व दुकानों में सब्बल की मदद से शटर व ताला तोड़कर चोरी करते थे। बाल अपचारियों ने बताया कि वह लोगों ने इटरौर भीषमपुर के स्कूल के छत पर लगे 3 सोलर प्लेट को चोरी करके इलाहाबाद रोड स्थित साजिद कबाड़ी उर्फ लंगड़ा के यहा बेच दिया था। पुलिस टीम द्वारा तीनों बाल अपचारियों को लेकर बतायी गयी कबाड़ की दुकान पहुचें वहाँ से आरोपी मुहम्मद साजिद पुत्र मुहम्मद नसीम निवासी लक्ष्मणपुरी को 1 चोरी की सोलर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार के दौरान उप निरीक्षक राधेश्याम सिंह, आरक्षी बहोरन सिंह, शिवम राजपूत, उमेश आदि मौजूद रहे।

## सरधुवा पुलिस ने 10 के विरूद्ध की गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिऐ अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में सरधुवा प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह द्वारा जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडा गर्दी करने वाले रामप्रकाश, अशोक पुत्रगण चुनकूराम, चुनवाद पुत्र ददुवा निवासीगण साहबतारा, शिवसेवक पुत्र रामबालक निवासी देवारी, त्रिलोक पुत्र जयचन्द निवासी खोपा, चन्द्रभान पुत्र कामता निवासी बरद्वारा, राममिलन पुत्र देशराज, भोंदू पुत्र सुंदर केवट निवासीगण बड़हर पुरवा मजरा सुरवल, प्रभाकर उर्फ बउवा पुत्र दिनेश गौतम व शैलेन्द्र पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासीगण भदेदू के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

G20
उत्तर रेलवे
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 19402-SLR-F2-LKO-ADI-22-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2023 at 12.00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2023 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20415-SLR-F2-BSB-INDB-22-3(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2023 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2023 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14262-SLR-R1-LKO-GAYA-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2023 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22417-SLR-F1-BSB-NDLS-22-6 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2023 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22467-SLR-F2-BSB-GNC-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2023 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.09.2023 at 13:30 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2839/23

# करंट से युवक की मौत, नाराज ग्रामीणों ने एसडीओ कार्यालय घेरा

जन एक्सप्रेस। पडरौना/कुशीनगर

पटहेरवा थाना क्षेत्र के कुचिया मठिया गांव में बुधवार को सुबह टूटकर जमीन पर गिरे तार पर युवक का पैर पड़ गया। वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन उसे फाजिलनगर सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उपकेंद्र पर पहुंचकर एसडीओ कार्यालय को घेर लिया। ग्रामीणों का कहना था कि तार टूटने की सूचना उपकेंद्र पर सुबह ही दी गई थी, लेकिन न तो बिजली काटी गई और न रास्ते से तार हटाया गया। इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत किया गया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि तार टूटकर गिरने की जानकारी बिजली उपकेंद्र के कर्मचारियों को सुबह ही दे दी गई थी, लेकिन उसे गंभीरता से नहीं लिया गया। उस रास्ते किसी काम से जा रहे गांव के अब्दुल हसन (25) का पैर उस तार पर पड़ गया। मौजूद लोगों ने उन्हें फाजिलनगर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक की पत्नी बार-बार बेहोश हो जा रही थीं। इस घटना के बाद नाराज गांव के लोग फाजिलनगर विद्युत उपकेंद्र पहुंच गए और एसडीओ कार्यालय का घेराव कर लापरवाह बिजली कर्मियों पर कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को घर भेज दिया। इसके बाद युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दो ट्रैक्टरों के साथ 6 गिरफ्तार, 2 फरार

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



थरियांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हसवा व रामपुर से चुराये गये ट्रैक्टरों व ट्राली को ललौली व थरियांव पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर वाहिदपुर रोड पर बंद ईंट भट्ठे से बरामद करते हुए मौके से छह चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये अभियुक्त जुआं व शराब के लती हैं। जिसमें तीन लोगों के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले पंजीकृत हैं। फरार दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयासरत है।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि दो सितंबर व ग्यारह सितंबर की रात्रि ग्राम हसवा व रामपुर से ट्रैक्टर व ट्राली चोरी होने का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। ट्रैक्टर व ट्राली की बरामदगी के लिए पुलिस टीमें प्रयासरत थीं। मुखबिर की सूचना पर ललौली व थरियांव थाने की संयुक्त टीम ने वाहिदपुर रोड पर बंद ईंट भट्ठे में छापा मारा। जहां से पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर व ट्रालियों को बरामद कर लिया। मौके से छह लोगों को हिरासत में लिया गया। पकड़े गये चोरों ने अपने नाम करन पासवान पुत्र मातादीन निवासी कृष्णानगर पश्चिमी थाना ललौली, शिव वर्मा पुत्र शिवराम निवासी गोकुलपुर थाना बिंदकी हाल मुकाम 80-07 राधानगर बक्सपुर थाना राधानगर, अजय पटेल पुत्र गंगा प्रसाद निवासी रेल बाजार थाना कोतवाली, राजीव गुप्ता पुत्र स्व. जवाहर लाल गुप्ता निवासी रेल बाजार, अनुज पासवान पुत्र स्व. विकास पासवान निवासी सर्वोदय नगर कस्बा बहुआ थाना ललौली व नितिन सिंह पुत्र नरसिंह निवासी आकिलाबाद थाना ललौली बताया। एसपी ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्तों के पास से एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर व तीन मोबाइल भी बरामद हुए हैं। इस मामले में दो अभियुक्त राजेश लोधी पुत्र रामेश्वर निवासी कसरहा का पुरवा मजरे सुलेमाबाद थाना हथगाम व दीपक पुत्र अज्ञात निवासी सुखाई सिमरा थाना थरियांव फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त शातिर अपराधी हैं। अभियुक्त राजेश लोधी के विरूद्ध जनपद के अलग-अलग थानों में 19 आपराधिक अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने चोरी का सामान राजेश लोधी को बेंचने की बात स्वीकार किया है।

थरियांव के हसवा से चोरी ट्रैक्टर ट्राली में से ट्राली अभियुक्त राजेश लोधी के घर से बरामद किया गया है। अभियुक्त राजेश लोधी थाना हथगाम का हिस्ट्रीशीटर भी है। दीपक ट्रैक्टर चोरी में मास्टर चाभी का उपयोग करता है। अभियुक्तों ने यह भी बताया है कि ट्रैक्टर ट्राली को कोई चेक नहीं करता इसलिए चोरी करके बेंचने में आसानी रहती है। एसपी ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त जुआं व शराब के लती हैं।

# रैली: कुपोषण को दूर भगाना है स्वच्छ व सुरक्षित ग्राम बनाना है

जन एक्सप्रेस। खागा, फतेहपुर



6 वॉ राष्ट्रीय पोषण माह के तहत् विकास खण्ड ऐरायॉ के ग्राम पंचायत विक्रमपुर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन आईसीडीएस विभाग और ग्राम पंचायत के द्वारा किया गया। ग्राम पंचायत विक्रमपुर के ग्राम प्रधान चंद्र किशोर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व निर्णायक की भूमिका में रहे। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी ऐरायॉ आशीष कुमार पाण्डेय ने भी प्रतिभाग किया।

ग्राम पंचायत विक्रमपुर में सर्वप्रथम योगा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगन बाड़ी केंद्र पर पंजीकृत और प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत बच्चों ने योगा व चित्रकारी प्रतियोगिता मे भाग लिया। चित्रकारी प्रतियोगिता में लगभग 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। चित्रकारी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में ग्राम प्रधान चंद्र किशोर और प्रधानाध्यापक अंकलेश कुमार रहे। निर्णायको ने प्रिंस कुमार को प्रथम स्थान, रितिका कुमारी को द्वितीय स्थान और सुधा देवी को तृतीय स्थान देकर ट्राफी से प्रोत्साहित किया।

वहीं पोषण माह की विभिन्न थीम पर एक रैली का आयोजन किया गया। रैली में सभी प्रतिभागी हाथ में स्लोगन लिखी हुई तख्ती लिए हुए हमने ये ठाना है, कुपोषण को दूर भगाना है, स्वच्छ और सुरक्षित ग्राम, ग्रीन गांव क्लीन गांव, सही पोषण देश रोशन आदि नारों के साथ प्रतिभाग किया। ग्राम पंचायत विक्रमपुर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय ने कहा कि शासन का ध्येय है कि कोई भी बच्चा कुपोषित न रहें। कुपोषण को दूर करने के लिए ही आईसीडीएस योजना को सरकार ने प्रत्येक गांव में प्रारंभ किया है। प्रत्येक वर्ष सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति तक संदेश पहुंचाना है कि कुपोषण को समाज से दूर भागने में स्थानीय स्तर पर पाई जाने वाली सब्जियों, मोटे अनाजों के साथ ही यदि समय पर टीकाकरण करा लिया जाय तो कुपोषण खत्म हो सकता है। ग्राम प्रधान ने भी कहा की जल्द ही विक्रमपुर आंगन बाड़ी केंद्र का कायाकल्प कर इसे जनपद की सबसे अच्छी ई लर्निंग लैब के रूप में विकसित करेगें। इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक, सी डॉट थ्री संस्था के ब्लॉक हेड, उपकेंद्र रोशनपुर में कार्यरत सी एच ओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, आशा बहू आदि मौजूद रहे।

# जिला चिकित्सालय में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव, नवजात को दिया उपहार

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला चिकित्सालय मे कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव अवसर पर जिलाधिकारी सहित जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। वही अस्पताल मे जन्मी दो दर्जन बेटियो को बेबी किट प्रदान किया गया।

जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल, खागा विधायक कृष्णा पासवान, बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, जिलाधिकारी श्रुति, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में कन्या जन्मोत्सव के अवसर पर केक काटकर मां के माध्यम से बेबी किट भेंट कर अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। जिला अस्पताल में जन्मी 24 बच्चियों को उपहार स्वरूप एक बेबी किट, एक सेट वस्त्र, एक बेबी बेड, एक बेबी बैग, एक सेट खिलौना, एक बेबी कंबल और बच्चियों के माताओं को एक-एक साड़ी प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, एसीएमओ, सीएमएस पुरुष-महिला, डीपीएम, जिला मलेरिया अधिकारी सहित अन्य चिकित्साकगण सहित बच्चियों के अभिभावक उपस्थित रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 14-17 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.2 (+3.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.8 (+2.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 95 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 62 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.6 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# आरोप : दरोगा ने रेप पीड़िता से पूछा तुम्हारा रेप कंडोम लगाकर किया गया था या उसके बिना?

जन एक्सप्रेस। अंकित चौधरी






**कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर नगर में लगातार खाकी के कुछ खाकीधारी ऐसे ऐसे कारनामों को अंजाम दे रहे हैं जिससे लगातार खाकी शर्मसार हो रही है। बीते दिन मगंलवार को कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के थाना नवाबगंज क्षेत्र के एचबीटीआई चौकी प्रभारी ने एक रेपिस्ट को लाभ पहुंचाने के लिए रेप पीड़िता को जबरन चौकी में बैठाले रखा और मुकदमा नहीं दर्ज किया। वहीं पीड़िता को हताहत करने के लिए रेप पीड़िता से पूछा कि तुम्हारे साथ रेप कंडोम लगाकर किया गया था या उसके बिना? रेप पीड़िता के आरोपों की मानें तो चौकी प्रभारी पीड़िता पर रेपिस्ट से समझौता करने का दबाव भी बना रहा था। पीड़िता ने जब पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर अपनी दास्तान उच्च अधिकारियों को सुनाई तो बीते दिन गुरुवार को उसका मुकदमा दर्ज किया गया और उसके बाद खाकी को शर्मसार करने वाले चौकी प्रभारी के खिलाफ जांच भी आरंभ हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन सोमवार को थाना नवाबगंज क्षेत्र में रहने वाली एक रेप पीड़िता ने थाना नवाबगंज में पहुंचकर थाना क्षेत्र के ही सुखऊपुरवा में निवास करने वाले वीरेंद्र पाल पुत्र देवराज पाल वा अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी थी। तहरीर के अनुसार माने तो वीरेंद्र पाल द्वारा पीड़िता से फेसबुक के जरिए दोस्ती कर उसने अपनी हवस का शिकार बनाया गया । आरोप तो यह भी हैं की पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसे गर्भवती कर दिया गया और फिर उसका बच्चा भी गिरवा दिया गया जब पीड़िता ने अपना हक मांगा तो उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।

### चौकी प्रभारी एचबीटीआई ने खाकी को किया शर्मसार

रेप पीड़िता का आरोप है कि जब वह नवाबगंज थाने में न्याय की गुहार लगाने गई तो उसे चौकी प्रभारी एचबीटीआई प्रशांत शर्मा ने उससे पूछा कि आरोपी ने तुम्हारे साथ रेप कंडोम लगाकर किया था या बिना कंडोम के, आरोप यह भी है की चौकी प्रभारी ने चौकी में दोपहर 1:00 बजे से लेकर रात्रि 7:00 बजे तक जबरदस्ती बैठाले रखा। और अन्य व्यक्ति के सामने उसे जमकर अपमानित भी किया। साथ ही साथ यह भी आरोप है कि उसे आरोपी से समझौता करने का भी दबाव बनाया गया। उच्च अधिकारियों के सामने जब पीड़िता न्याय की गुहार लगाने के लिए गुरुवार को हाजिर हुई तो उसका मुकदमा भी दर्ज किया गया है और खाकी को शर्मसार करने वाले चौकी प्रभारी के खिलाफ भी विभागीय जांच शुरू की जा चुकी है।

# 14 सितंबर हिंदी भाषा की महत्वता और उसकी नितांत आवश्यकता की दिलाता है याद : कुलपति

जन एक्सप्रेस। प्रदीप शर्मा



**कानपुर नगर।** देश भर में 14 सितंबर हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। सन 1949 में 14 सितंबर के दिन ही हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया था जिसके बाद से अब तक हर वर्ष यह दिन हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन हिंदी भाषा की महत्वता और उसकी नितांत आवश्यकता को याद दिलाता है। यह बात चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद सिंह ने गुरुवार को हिंदी दिवस के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि पहला हिंदी दिवस 14 सितंबर 1953 को मनाया गया था। डॉ.सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकाशन में अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी का भी काफी प्रयोग होने के साथ हिंदी में पत्राचार की संख्या में वृद्धि हुई है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के पोर्टल पर भी हिंदी में जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में दिए जाने की बात कही है। जिससे छात्रों को विषय वस्तु समझने में आसानी होगी। क्योंकि मनुष्य किसी अन्य भाषा की अपेक्षा अपनी मातृभाषा में तीव्र गति से सीखता है।उन्होंने कहा कि विश्व में अनेक विकसित देशों में मातृभाषा में ही शिक्षा दी जाती है एवं उसी में कामकाज किया जाता है।जापान इसका प्रमुख उदाहरण है। जब अन्य देश अपनी मातृभाषा में शिक्षा एवं कामकाज कर सकते हैं। तो हम अपनी मातृभाषा में क्यों नहीं हमें अपनी दैनिक कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए। हिंदी दिवस के अवसर पर कुलपति ने विश्व विद्यालय परिवार के सभी अधिकारी, शिक्षक, वैज्ञानिक, कर्मचारी तथा छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

# महापौर के औचक निरीक्षण में नदारद मिले जोनल प्रभारी और कर्मचारी

जन एक्सप्रेस। विनीत सिन्हा



**कानपुर नगर।** शहर की महापौर प्रमिला पांडेय ने गुरुवार को जोनल कार्यालय-3 किदवई नगर का औचक निरीक्षण किया। यहां पर जोनल प्रभारी चंद्रपाल सिंह समेत कई कर्मचारी कार्यालय में नदारत मिले। महापौर ने जोनल प्रभारी को जमकर फटकार- लगाई। महापौर ने सभी गैर हाजिर कर्मचारी और अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने और उनसे स्पष्टीकरण तलब किया है। वहीं महापौर के औचक निरीक्षण की खबर मिलते ही कार्यालय में हड़कंप मच गया। आनन फानन में जोनल प्रभारी चंद्रपाल सिंह कार्यालय पहुंचे और महापौर को सफाई देने लगे जिस पर महापौर ने जोनल प्रभारी को जमकर फटकार लगाते हुए कहां की 11 बजने को है और आप अभी तक कार्यालय नहीं पहुंचे आखिर फरियादियों की समस्याओं का समाधान कैसे होगा। जिस पर जोनल प्रभारी चंद्रपाल सिंह ने कहा कि दोबारा ऐसा नहीं होगा। इस दौरान महापौर ने कार्यालय में आए सभी फरियादियों से पूछा कि समस्याओं का निस्तारण हो रहा है या नहीं..एक दो लोगों की शिकायत करने पर महापौर ने फिर जोन तीन के कार्यालय में बैठकर सभी फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण के लिए जोनल प्रभारी को निर्देश दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में निर्माण सामग्री डंप मिले जोनल ऑफिस में ठेकेदार भी बैठे मिले। इसको देखकर महापौर ने कड़ी फटकार लगाई। जिस पर चीफ इंजीनियर मनीष अवस्थी से डंप में पड़े ठेकेदारों की निर्माण सामग्री को लेकर जवाब-तलब किया। उन्होंने कहा कि तत्काल निर्माण सामग्री को हटवाया जा रहा है।

महापौर ने बताया कि कई जगह से लगातार उनको शिकायतें मिल रही थीं कि जोन कार्यालय में ठीक ढंग से काम नहीं हो रहा है जिस पर उन्होंने यहां का आकस्मिक निरीक्षण किया है महापौर ने बताया कि आगे भी औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

# मार्ग दुर्घटना में असिस्टेंट लोको पायलट की मौत पर कर्मचारियों ने काटा हंगामा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर में बीते दिन गुरूवार को चकेरी थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर बाइक से जा रहे रेलवे कर्मचारी (असिस्टेंट लोको पायलट) को ट्रक ने टक्कर मार दी। खुद को बचाने के लिए भागने के चक्कर में चालक ने कर्मचारी को कुचल दिया जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों से सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और घायल को कांशीराम अस्पताल लेकर पहुंची जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस कारण मृतक के साथी कर्मचारियों ने कांशीराम अस्पताल और स्टेशन पर हंगामा काटा और शताब्दी ट्रेन को भी कुछ समय के लिए रोक विरोध भी किया। मिली जानकारी के अनुसार। लखनऊ निवासी दिव्यांशु दुबे (27) रेलवे में असिस्टेंट लोको पायलट थे और उनकी तैनाती कानपुर में सरसौल स्थिति न्यू कानपुर डीएफसीसी स्टेशन में थी। राहुल, दिनेश आदि कर्मचारियों ने बताया कि दिव्यांशु की ड्यूटी रात्रि में थी और गुरूवार को वह ड्यूटी करने के बाद बाइक से बर्रा के लिए आ रहे थे जहां पर वह किराए से रहते थे। अभी वह अहिरवां के पास पहुंचे थे तभी ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी और फिर भागने के चक्कर में उसे कुचलते हुए निकल गया। इस पर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी लेकिन पुलिस समय से नहीं पहुंची। पुलिस ने घायल अवस्था में रेलवे कर्मचारी को कांशीराम अस्पताल पहुंचाया जहां पर डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही सैकड़ों कर्मचारी कांशीराम हॉस्पिटल पहुंचे। पुलिस और रेलवे विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने के साथ ही हंगामा किया। वहीं, परिवार के लोग भी हादसे की जानकारी मिलते ही कानपुर पहुंचने लगे। चकेरी कोतवाल अशोक दुबे ने बताया कि मामले की जांच करके टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर मिलते ही मामले में एफआईआर दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विरोध जताने के लिए रोक दी शताब्दी ट्रेन

असिस्टेंट लोको पायलट की मौत की जानकारी पर गुस्साए साथी कर्मचारियों ने कांशीराम अस्पताल के बाद सेंट्रल स्टेशन पहुंचे और प्लेटफॉर्म नंबर-9 पर दिल्ली से लखनऊ जा रही शताब्दी को रोककर हंगामा शुरू किया। रेलवे अफसरों ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन देकर कड़ी मशक्कत से कर्मचारियों को हटाया। तब जाकर करीब 45 मिनट बाद शताब्दी रवाना हो सकी।

# कानपुर में रिटायर्ड शिक्षक की हत्या करने वाले आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकियों को फांसी की सजा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर/लखनऊ




शहर के थाना नवाबगंज क्षेत्र स्थित विष्णुपुरी में बीती 24 अक्टूबर वर्ष 2016 में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रमेश बाबू की हत्या मामले में गुरुवार को लखनऊ की एनआईए कोर्ट ने आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकियों को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट में दोनों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता बृजेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायाधीश दिनेश चंद्र मिश्रा की कोर्ट ने दोनों पर 15-15 लाख का जुर्माना भी लगाया है। तीन अलग-अलग धाराओं 302 में फांसी, 120 बी में फांसी, 16 यूएपीए में फांसी और चौथे 18 यूएपीए में उम्रकैद की सजा सुनाई है। एनआईए के विशेष अधिवक्ता कौशल किशोर शर्मा ने बताया कि मैंने मृत्यु दंड देने की मांग करते हुए न्यायालय से कहा कि इन दोनों ने एक निर्दोष अध्यापक की केवल उनके हाथ में बांधे कलावा और माथे पर तिलक देखकर हत्या की थी। जहां अच्छा इंसान बनने की शिक्षा दी जाती है, वहां जिहाद पर चर्चा का माहौल बनाया। इनका अपराध रेयर व रेयरेस्ट की श्रेणी में आता है। इसके आधार पर कोर्ट ने मृत्युदंड दिया। उल्लेखनीय है कि 24 अक्टूबर वर्ष 2016 को अध्यापक रमेश छुट्टी के बाद घर लौट रहे थे। वह स्कूल से करीब 500 मीटर दूर ही पहुंचे थे कि दो अपराधियों ने पिस्टल से रमेश के सीने में एक के बाद एक दो गोलियां दाग दीं। जिससे रमेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। गोली की भयानक आवाज सुनकर वहां मौजूद लोग रमेश की तरफ भागे। तब तक हमलावर वहां से फरार हो गए। उधर, खून से लथपथ रमेश को किसी तरह पास के कांशीराम हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां उपचार से पूर्व ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। खुलेआम हुई शिक्षक की हत्यारों की तलाश 7 महीने तक पुलिस खोजती रही और कोई सुराग नहीं लग पाया था। हत्या के 200 दिन बाद नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि रमेश बाबू को मारने वाले कोई आम अपराधी नहीं, बल्कि आईएसआईएस संगठन से जुड़े दो आतंकी आतिफ मुजफ्फर और मोहम्मद फैसल थे।

# निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण करने के लिए ऑनलाइन करें आवेदन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पिछड़े वर्ग के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण करने के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगा है। यह जानकारी गुरूवार को कानपुर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कोमिल द्विवेदी द्वारा दी गई है।

इस दौरान उन्होने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक एवं युवतियों के लिए संचालित ÷ओ÷ लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उ.प्र.की वेबसाईट backwardwelfare.up.nic.in पर दिये गये लिंक http://obccomputertraining.upsdc.gov.in पर एवं पिछड़े वर्ग के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले बेरोजगार युवक एवं युवतिया 14 से 20 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि पिछड़े वर्ग के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले बेरोजगार युवक व युवतिया जिनके अभिभावक की समस्त स्रोतो से वार्षिक आय एक लाख है और शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट (10+2) है। आवेदन करने की अधिकत उम्र 35 वर्ष हो और जो विभाग द्वारा संचालित ÷ओ÷ लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्युटर प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है तो ऐसे इच्छुक प्रशिक्षार्थी विभागीय वेबसाईट backwardwelfare.up.nic.in पर दिये गये लिंक http://obccomputertraining.upsdc.gov.in पर आवेदन करें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर की चर्चा



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय द्वारा चार दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन मंथन गुरुवार को संपन्न हुआ। जिस पर विश्वविद्यालय से संबंधित सभी महाविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति समन्वयक, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशन के आधार पर मनोनीत विद्यार्थी, एनईपी सारथी तथा प्राचार्यो ने सहभागिता की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई।

### एलएलबी छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में एक एलएलबी छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब बड़े भाई ने फांसी के फंदे से छोटे भाई को लटका देखा तो घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर कल्याणपुर थाने का फोर्स और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पनकी रोड निवासी शिवाजी पाल अपने छोटे भाई नीलेश पाल( 22) के साथ किराए के मकान मे रहकर पढ़ाई कर रहा था। शिवाजी ने बताया कि पिता अमर सिंह पाल कन्नौज में अधिवक्ता हैं परिवार में माँ छोटा भाई निलेश एलएलबी की तैयारी कर रहा था। निलेश कई दिनों से जॉब ना लगने की वजह से परेशान था जिस कारण फांसी लगाकर जान दी है। कल्याणपुर थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि मृतक डिप्रेशन में रहता था जिसकी वजह से उसने फांसी लगा ली है। अगर परिवार वाले कोई तहरीर देते हैं तो उसे पर जांच कर आवश्यक विधि कार्रवाई की जाएगी।



### किन्नर समाज योगी आदित्यनाथ के साथ है : काजल किन्नर

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** साधु- संत, देश -दुनिया की धरोहर हैं ,सामाजिक समरसता हिंदुत्व का प्राण है, जातीय सेनाएं देश की दुश्मन नंबर एक हैं। उक्त बातें विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष, भिखारी प्रजापति ने राष्ट्र संत अवैद्यनाथ जी की नौवीं पुण्यतिथि पर कानपुर नगर बिठूर में बालाजी पार्टी लान आयोजित की गई संगोष्ठी में कही। सामाजिक समरसता हिंदुत्व का प्राण है, संगोष्ठी में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष, भिखारी प्रजापति ने कहा की सामाजिक समरसता के अग्रदूत , राम मंदिर हेतु, राष्ट्र के संतों को एकजुट करने के नाते उन्हें राष्ट्र संत कहा जाता है। प्रदेश अध्यक्ष, भिखारी प्रजापति ने कहा की, जाति के नाम पर बनी सेनाएं राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती है। ब्राह्मण सेना, क्षत्रिय सेना, भीम सैना, मीम सेना, दलित सेना जैसी सेनाओं पर भारत सरकार को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करना चाहिए। किन्नर प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष काजल किन्नर ने कहा की, किन्नर समाज योगी आदित्यनाथ के साथ है।

### गणेश महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर में आयोजित होने वाले गणेश महोत्सव आयोजन को लेकर पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी ने मर्चेंट चेंबर हाल में बैठक की,सभी आयोजको से आयोजन में उत्पन्न होने वाली समस्याओं की भी जानकारी ली गई है। कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार समस्या के लिए चारो जोन को वाट्सअप ग्रुप में आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को जोड़ा जायेगा और समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। बैठक में पुलिस कमिश्नर आर के स्वर्णकार, जिलाधिकारी विशाख जी, अपर नगर आयुक्त एवं सभी डीसीपी, एडीसीपी और एसीपी रहे शामिल।



# शहर में रही हड़ताल, अधिवक्ताओं ने फूंका पुतला

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर में कानपुर बार एसोसिएशन और दि लॉयर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम कानून लागू करने व हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में लॉयर्स गेट पर उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया गया । पुतला दहन कर रहे सभी अधिवक्ताओं ने पहले उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि हापुड़ में जिस तरह से अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज हुआ और आए दिन अधिवक्ताओं पर हमले होते हैं जिसको लेकर काफी समय से अधिवक्ता अधिनियम कानून की मांग कर रहा है लेकिन सरकार के कानों में जूं तक नहीं रह रही है जिसके लिए आज उत्तर प्रदेश सरकार शासन का पुतला दहन कर अपना विरोध प्रदर्शन प्रकट किया है।

# एचआईवी-एड्स से बचाव और रोकथाम के बारे में दी जानकारी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

**✻ ड्रामा और रील मेकिंग में 15 टीम्स में 30 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया**

युवाओं में ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस-एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम (एचआईवी-एड्स) के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद में दो दिवसीय यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया गया। एड्स नियंत्रण सोसायटी के निर्देशों के अनुपालन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. आलोक रंजन और जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. आरपी मिश्रा के निर्देशन में 10 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने फेस्टिवल में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं में रील मेकिंग, क्विज एवं ड्रामा कम्पटीशन और गुरुवार को फूलबाग स्थित क्राइस्ट चर्च डिग्री कॉलेज ग्राउंड में मैराथन का आयोजन किया गया। यह सभी आयोजन जिला क्षयरोग विभाग के नेतृत्व में श्रमिक भारती, कानपूर क्वीर और कार्तिक के सहयोग से हुए। उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि यूथ फेस्ट में जनपद के 10 कॉलेज, विश्वविद्यालय से करीब 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ड्रामा और रील मेकिंग में 15 टीम्स में 30 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इसमें विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। ड्रामा के माध्यम से बताया कि एचआईवी–एड्स के मरीजों से सार्वजनिक स्थलों जैसे-दफ्तर, स्कूल आदि जगहों पर भेदभाव न किया जाए। यह छूने या बात करने से नहीं फैलता है। ड्रामा में एचआईवी-एड्स से बचाव और रोकथाम के बारे में भी जानकारी दी गई।




# जनपद न्यायालय में हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर जनपद न्यायालय कानपुर नगर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश प्रमोद कुमार सिंह- द्वितीय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारीगण ध्रुव कुमार तिवारी, राकेश कुमार शुक्ला एवं बार एसोसिएशन कानपुर नगर के अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, महामंत्री आदित्य सिंह, दि लॉयर्स एसोसिएशन कानपुर नगर के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा तथा महामंत्री शरद शुक्ला, जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारी गण तथा कई विद्वान अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश कानपुर नगर द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि इस कार्यक्रम के साथ ही दिनांक 14 सितंबर 2023 से 28 सितंबर 2023 तक हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ जनपद न्यायालय में किया जा रहा है जिसमें सभी न्यायिक अधिकारीगण व अधिवक्तागण द्वारा समस्त कार्य हिंदी में किए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम में हिंदी भाषा की समृद्धता और विकास पर चर्चा की गई एवं हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

# सख्त निर्देशों के बावजूद भी तैनाती स्थल पर निवास नहीं करते डॉक्टर

* जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में बोले डीएम, स्वास्थ्य सेवाओं को जन सामान्य के लिए और बेहतर किया जाए

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहा।साथ ही उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों के विरुद्ध अभियान चलाकर छापेमारी करने एवं अनिमियता पाए जाने पर कठोर कार्यवाही करने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिया। इस दौरान समिति के समक्ष अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए आवश्यक सामग्री, उपकरण के क्रय करने, स्टाफ की उपलब्धता, जन जागरूकता तथा अन्य कार्यक्रम पर हुए व्यय के अनुमोदन हेतु 34 प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, नवजात शिशु टीकाकरण, आशा भुगतान, आशा रिपोर्टिंग सहित अन्य योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा किया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं, कार्यक्रमों का सही ढंग से क्रियान्वयन करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया। डीएम सभी चिकित्सकों को उनके तैनाती स्थल पर ही निवास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सीएससी, पीएससी व जिला अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता मरीजों के बैठने के लिए कुर्सी, शौचालय, पीने हेतु पानी, सफाई, बिजली व पंखा आदि सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू व मलेरिया के बचाव हेतु निरंतर छिड़काव व फागिंग कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामप्रसाद सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा समस्त एमओआईसी मौजूद रहे।

## सांसद के आश्वासन के बावजूद भी नहीं मिला गरीब महिला को आवास

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिम्मेदार अधिकारी अमेठी सांसद के दावों की हवा निकालने में जुटे हैं। लगभग दो माह पूर्व अमेठी के जामो क्षेत्र के पर्वतपुर गांव के दौरे पर आयी सांसद स्मृति ईरानी के सामने पूरे दिर्गज गांव से आयी एक महिला गिड़गिड़ा रही थी कि दीदी मेरा पूरा घर गिर गया है। सांसद ने मामले का संज्ञान लेते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया था, कि महिला को आवास दिलाया जाए। किन्तु गरीब दलित परिवार की इस महिला के घर अब तक किसी प्रकार की ना तो मदद मिली है। ना ही जिम्मेदार अधिकारियों का कोई आश्वासन। आखिर अमेठी की दीदी कहलाने वाली सांसद स्मृति ईरानी के दौरे के दौरान जनता की फरियाद की समस्या का समाधान सुनने के पश्चात जो अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है? क्या वह वहीं तक सीमित रहेगा या संसद के निर्देशो का अमेठी के जिम्मेदार अधिकारी पालन करेंगे। यह एक बहुत गंभीर सवाल है।

## हिंदी दिवस के अवसर पर गोष्ठी संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



बृहस्पतिवार को हिंदी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित विकास भवन सभागार में गोश्ठी एवम सपथ का आयोजन का किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज ने सभी को संबोधित करते हुए महानिदेशक नेहरू युवा केन्द्र नितेश मिश्रा की अपील को पढ़कर सुनाया। जिसका सारगर्भित मतलब है कि सभी अपने कार्यालयी कामकाज और वार्तालाप हिंदी में ही करें। उन्होंने कहा कि हिन्दी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है। इसी दिन 1949 को संविधान सभा ने यह निर्णय लिया कि हिन्दी केन्द्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी।

क्योंकि भारत में अधिकतर क्षेत्रों में ज्यादातर हिन्दी भाषा बोली जाती है।इसलिए हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया।और इसी निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थापित करवाने के लिए काका कालेलकर, हजारी प्रसाद द्विवेदी, सेठ गोविन्ददास आदि साहित्यकारों को साथ लेकर राजेन्द्र सिंह ने अथक प्रयास किये। हिंदी हम सभी की है, और हम हिंदी के है।

उन्होंने बताया कि 14 से 29 सितंबर 2023 तक हिंदी दिवस, पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत पोस्टर बनाना, हिंदी अंताक्षरी, निबंध प्रतियोगिता नारा लेखन संगोष्ठी, टिप्पण लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जाएगा। हिंदी दिवस पखवाड़ा के समापन पर सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। गोष्ठी के तदोपरांत हिंदी दिवस पर शपथ का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित परियोजना निदेशक अधिकारी ऐश्वर्य यादव ने सभी को सपथ दिलाई। गोष्ठी में जिला युवा कल्याण अधिकारी काशी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रितेश वर्मा, मुसाफिर खाना शुकुल बाजार अंजलि सरोज आदि सहित समस्त विकास खण्ड के खंड विकास अधिकारी तथा जिला युवा परिसद अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक विवेक मिश्र अमेठी, विकास शुक्ल, योगेश श्रीवास्तव आदि सहित सभी विकास खण्डों के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# विशेष सचिव स्वास्थ्य ने किया स्वशाषी मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

* कुछ नाराजगी, कुछ निर्देश के साथ दौरा हुआ पूरा
* डॉ.एसके गोयल व डॉ.सलिल श्रीवास्तव रहे मौजूद



स्वाशाषी राज्य मेडिकल कॉलेज की हकीकत परखने व मरीजों को दी जाने वाली मौजूदा व्यवस्था को विशेष सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा एव शिक्षा रामयज्ञ मिश्रा अपनी नजरो से देखने औचक निरीक्षण पर पहुंचे। स्वाशाषी मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही विशेष सचिव ने ओपीडी व लैब का निरीक्षण किया। सूत्रों की मानें तो हड्डी रोग विभाग में डॉक्टर के न मिलने व लैब में टेक्निशियन के उपलब्ध न रहने पर नाराज़ दिखे। बहरहाल विशेष सचिव ने मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी से ओपीडी व परिसर की विशेष साफ, सफाई मरीजों को अधिक से अधिक शासन की स्वास्थ योजनाओं का लाभ मिले इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव व सीएमएस डॉ. एसके गोयल मौजूद रहे। बताते चलें कि पूर्व में विशेष सचिव रामयज्ञ मिश्र जनपद में मुख्य विकास अधिकारी भी रहे हैं। सीडीओ रहते हुए भी अक्सर जिला अस्पताल का निरीक्षण करते रहे थे, श्री मिश्र को जनपद के बारे में संपूर्ण जानकारी पहले से ही है। विशेष सचिव ने प्राचार्य व सीएमएस को निर्देशित करते हुए कहाकि कोई भी डॉक्टर बाहर की दवाएं ना लिखे, मरीजों को स्वास्थ सुविधाए आसानी से उपलब्ध हो इसका विशेष ध्यान होना चाहिए। दौरा समाप्ति के बाद सीएमएस डॉ. एसके गोयल ने बताया कि विशेष सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा व शिक्षा का स्वाशाषी राज्य मेडिकल कॉलेज का दौरा हुआ है। विशेष सचिव द्वारा दिए गए निर्देश का पालन किया जा रहा है।

## हत्या का मुकदमा दर्ज करने की एसपी से गुहार

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के खुनशेखपुर गांव में नौ सितंबर को झाड़ियों में मिली लाश की पहचान और पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों द्वारा तहरीर देने के बाद भी लम्भुआ पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है। मुकदमा न दर्ज होने से आक्रोशित परिजनों ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर तहरीर दी और मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की। एसपी ने परिजनों को जांच कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि बीते नौ सितंबर को चरवाहों की सूचना पर पुलिस ने खुनशेखपुर गांव से एक युवक की लाश बरामद की, जिसकी पहचान आशीष पांडेय पुत्र मनोज कुमार पांडेय निवासी बेदूपारा के रूप में की। परिजनों ने खुनशेखपुर की एक लडकी से प्रेम प्रसंग होने और उनके परिजनों द्वारा हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी, पर कई दिन बीत जाने के बाद भी जब मुकदमा नहीं दर्ज हुआ तो मृतक के पिता मनोज कुमार पांडेय के साथ दर्जनों ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा से नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तत्काल कार्यवाही की मांग की।

# हिंदी दिवस पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



उच्च प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर विकास खंड जयसिंहपुर में हिंदी दिवस के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों द्वारा तरह - तरह के पेड़ की पत्तियों और फूलों द्वारा रंगोली बनाया जाना था। कक्षा 8 की छात्राओं रिशु मिश्रा, आकांक्षा प्रजापति, गौरी, मुस्कान, स्वेता पांडेय, श्रद्धा मिश्रा, कक्षा 7 की छात्राओ शिल्पा वर्मा, अनुप्रिया वर्मा, दीक्षा वर्मा, रुचि विश्वकर्मा, आदित्य, कार्तिक, आर्यन, शनि विश्वकर्मा और कक्षा 6 की अंजली यादव, नीलम, प्राची वर्मा, स्नेहा सिंह, रोशनी मिश्रा, दीपिका पांडेय, अंशुल वर्मा, खुशी, रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बच्चो द्वारा बहुत ही खूबसूरत रंगोली बनाया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 8 के बच्चो को प्रथम स्थान और कक्षा सात के बच्चो को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, सभी बच्चो को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाध्यापक अविनाश चंद्र श्रीवास्तव ने हिंदी दिवस के महत्व के बारे में बच्चो को बताया कि हिंदी को 1949 में संविधान सभा द्वारा भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी गई थी. यह भारतीय गणराज्य की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है। भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 1949 में इसकी शुरुआत की थी और हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। सहायक अध्यापक जितेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि हिंदी दिवस पर हिंदी साहित्य का सम्मान करने और हिंदी भाषा के प्रति सम्मान दिखाने के लिए इस दिन देश भर में कई सांस्कृतिक उत्सव आयोजित किए जाते हैं। इस मौके पर सहायक अध्यापक जितेंद्र कुमार मौर्य, अखिलेश मिश्र, अनुदेशक गौरव कुमार सिंह मौजूद रहे।

## 27 सफ़र को निकाला गया जुलूस

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** कुड़वार ब्लाक के मनियारपुर गांव में अंजुमन हैदरिया के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को निकाला गया जुलूस। जिसमें सोज़खानी दिलावर हुसैन ने किया। मजलिस को खेताब करते हुए मौलाना हैदर मेहदी ने कहा क़ुरआन में कायनात का पूरा इल्म है। हक़ हमेशा ज़ालिम पर भारी होता है और जालिमों का मुहॅ काला होता है मौलाना ने कहा हज़रत इमाम हुसैन की शहादत के बाद उनके घर वालों को एक साल तक कैदखाने में रखा गया। लेकिन सच्चाई हक़ इंसाफ बचाने के लिए हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम अपने बहत्तर साथियों के साथ शहीद शहीद हो गए। आज हक़ जिन्दा है ये मजलिस जालिमों का मुहॅ काला करने और मज़लूम का साथ देकर हक़ जिन्दाबाद कहने का पैगाम देती है। मौलाना ने शहीदाने कर्बला के दर्दनाक मसाएब पड़े जिसे सुनकर अजादार फफक कर रो पड़े। जिसमें नेकाबत जीशान हैदर आज़मी ने किया और निजामत गौहर सुल्तानपुरी ने किया।

# प्रतिभा किसी बैसाखी की मोहताज नहीं होती : शिवशंकर शर्मा

* गांव की माटी से माँ वैष्णों के चरणों तक का सफर कला की देन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड कटरा के चीफ आर्टिस्ट शिवशंकर शर्मा ने एक प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद रायबरेली की माटी 'साहित्य, कला संस्कृति' का अनूठा संगम है। श्री शर्मा ने रायबरेली की धरती को प्रणाम करते हुए कहा कि आज जनपद रायबरेली की कला कौशलता की पताका सम्पूर्ण जम्मू कश्मीर में जो फहर रही है, उसका श्रेय जनपद रायबरेली को जाता है। वीर-सपूतों एवं शहीदों की माटी को नमन करते हुए बताया कि मुंशीगंज शहीद स्मारक के सजाने-संवारने का अवसर मुझे दिया, जिसकी प्रेरणा से मुझे जनपद की कला संस्कृति का प्रचार-प्रसार सम्पूर्ण भारत में करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि वर्ष 1996 में भारतीय अध्यात्मिक-पारम्परिक एवं विलुप्त हो रही कला के विकास हेतु श्री माता वैष्णो देवी के पावन दरबार से कला यात्रा (भारत-भ्रमण) निकाली थी, जिसका समापन तत्कालीन महामहिम राष्ट्रपति के.आर. नारायणन द्वारा किया गया। इसी क्रम में उन्होनें बताया कि वर्ष 2011 में उन्हें श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड प्रशासन ने अधिकारिक तौर पर बुलाया और तभी से कटरा से लेकर माता के भवन तक जिसमें बाणगंगा, अर्द्धकुमारी भवन, भैरों जी घाटी सहित बोर्ड को सजाने और संवारने का कार्य अवसर श्राइन बोर्ड ने प्रदान किया। वर्ष 2016 में तत्कालीन राज्यपाल जम्मू कश्मीर द्वारा उन्हें बोर्ड में आर्टिस्ट के पद पर नियुक्त कर रायबरेली का गौरव बढ़ाया। श्री शर्मा ने बताया कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से हुई विस्तृत मुलाकात एवं भारतीय लोक कलाओं के विकास की चर्चा का जिक्र करते हुए बताया कि वह सम्पूर्ण भारत वर्ष के विभिन्न प्रदेशों की कला सांस्कृतिक लोक कलाओं और गाँव गेराँव की ठेठ देहाती कलाओं की तथा महामहिम द्वारा इनके कला के क्षेत्र की सेवाओं की प्रशंसा की। श्री शर्मा अपने सात दिवसीय श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव एवं सिद्धि कला वीथिका राष्ट्रीय कला केन्द्र के वार्षिकोत्सव में अपने गृह जनपद आये थे।

## डीएम ने बारिश से फसलों के नुकसान के आंकलन कर मुआवजा दिलाने के दिये निर्देश

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने बारिश के कारण हुए फसलों के नुकसान के लिए एक कमेटी बनाकर फसलों के नुकसान का आकलन करके किसानों को जल्दी से जल्द मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए हैं जिलाधिकारी ने बताया कि बारिश के कारण जहां धान की फसल को फायदा पहुंचा है वहीं उड़द, मूंग व दलहन की फसलों को नुकसान भी हुआ है जिलाधिकारी ने किसानों के हितों में निर्णय लेते हुए कमेटी बनाकर तुरंत बारिश के कारण किसानों की फसलों के नुकसान का आकलन करके जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए है।

# राइजिंग चाइल्ड स्कूल में हिन्दी दिवस मनाया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



शहर के प्रभुटाऊन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दोहा एवं चैपाई पर आधारित विविध प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत विद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी पूरे भारत मे ही नहीं बल्कि दुनिया के 50 से अधिक देशों में पढ़ी जाने वाली भाषा है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस प्रकार भारत में कुछ लोग दूसरे देशों की भाषाओं का अध्ययन करते हैं, उससे कहीं ज्यादा पूरे विश्व में हिंदी विषय का अध्ययन किया जाता है। प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे भारत में सभी कार्यालय एवं न्यायालयों में हिंदी को सहर्ष स्वीकार किया जा रहा है, जो सराहनीय है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रामायण पर आधारित अंताक्षरी कार्यक्रम रहा, जिसमें आराध्या, प्रांशुल, अन्वी, शिवन्या, रुद्रांश, इर्निका, आसमा, अर्पिता, अथर्व, कुणाल, वसुंधरा, तनिष्का, नित्या, शैव्या का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन सारा विल्डन एवं शालिनी सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवींद्र नाथ हरि सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

## लिफ्ट की सुविधा से युक्त जनपद का प्रथम विद्यालय बना एनएसपीएस लालगंज

**जन एक्सप्रेस । लालगंज, रायबरेली**

शिक्षा के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल करते हुए न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज सीबीएससी से मान्यता प्राप्त करने वाला रायबरेली जनपद का प्रथम एक मात्र ऐसा विद्यालय बन गया है, जिसे पहली बार में ही इण्टरमीडिएट तक की मान्यता प्राप्त हो गई।

इस जानकारी के मिलते ही लालगंज क्षेत्र के उन अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल उठे, जिनके बच्चे स्कूल में पढ़ रहे थे। न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इस्टीट्यूटस रायबरेली की यह शाखा उन सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त है जो स्कूल के बच्चों के विकास में हर तरह से सहायक हैं। यह स्कूल जनपद का एक मात्र ऐसा शिक्षण संस्थान है जिसमें बच्चों के लिए लिफ्ट की भी सुविधा है। विद्यालय में डिजिटल क्लास रूम्स की व्यवस्था के साथ ही छात्र-छात्राओं को खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियो में भी प्रोत्साहित किया जाता है।

यहाँ स्टूडेन्ट्स के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए अनुभवी शिक्षकों की टीम के साथ ही अत्याधुनिक शैक्षिक तकनीकों के प्रयोग से छात्र-छात्राओं की ज्ञान पिपासा को तृप्त किया जाता है। संस्था प्रबन्धक डॉ शशिकान्त शर्मा जी ने बताया कि बच्चों का व्यक्तित्व निखारने और उनका उज्ज्वल भविश्य संवारने में स्कूल की भूमिका सर्वाधिक होती है। स्कूल एक ऐसी जगह है जहाँ बच्चों का मानसिक, शारीरिक विकास तेजी से होता है। इसी बात को मद्देनजर रखते हुए स्कूल को गुणवत्ता पूर्ण बनाया गया।

# हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रार्थना सभा में आयोजित कार्यक्रम में छात्रा अनुष्का व अनन्या ने हिन्दी की व्यापकता, समरसता एवं प्रभावशीलता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिन्दी कालजयी भाषा है इसकी रचनाएं हर काल में समाज को सकारात्मक प्रेरणा देती रहती है, इसे 14 सितंबर 1949 को भारतीय गणराज्य की राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त हुई, इसके विकास और विस्तार के लिए ही प्रतिवर्ष 'हिंदी दिवस' का आयोजन किया जाता है। उन्होंने अपनी काव्यात्मक अभिव्यक्ति में कहा कि- 'जन-जन की भाषा है हिन्दी, भारत की आशा है हिन्दी, जिसने पूरे देश को जोड़ रखा है, वह मजबूत भाषा है हिन्दी। इसी क्रम में विद्यालय के शिक्षक रामकिशोर जी ने अपने अभिभाषण में हिंदी की व्यापकता एवं स्पष्टता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वैयक्तिक प्रगति का प्रथम सोपान हिन्दी है। इसके माध्यम से ही हम अपने भावों को सहज व प्रभावी ढंग से व्यक्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर कक्षाओं में भाषण, अनुच्छेद लेखन, काव्य पाठ एवं अन्ताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव लखन प्रजापति जी ने सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए हिंदी भाषा के प्रयोग पर बल दिया और कहा कि निःसंदेह हिंदी मात्र विषय ही नहीं बल्कि हमारे हृदय की भाषा है और इसी के माध्यम से हम अपने व्यक्तित्व को लोकप्रियता के साथ समाज के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की शिक्षिका पिंकी जायसवाल जी के नेतृत्व में छात्रा दिव्यांशी व छात्र श्रेया ने किया। इस अवसर पर विद्यालय उप-प्रधानाचार्य मो0 फैजान खान, सी0एस0 दास मिश्र, संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, रश्मि साहू, पूजा सिंह, अवधेश शर्मा, रामकिशोर यादव, राममिलन, धर्मेन्द्र शुक्ला, बालजी पाण्डेय, जितेंद्र सिंह एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विकास कार्यो एवं सीएम डैशबोर्ड की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार पूर्णतया कटिबद्ध है, जिस के क्रम में जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने सरकार की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से गुरुवार को बचत भवन सभागार में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की।

संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे तरीके से होना चाहिए। इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि अपने कार्यों में सुधार लाये। जनता के हित में कार्य करने के लिए अधिकारियों के पास जो भी पत्र आते हैं उसका समय अंतर्गत निस्तारण करें। पत्र को अपने पास ना रखा जाए। अधिकारियों को कार्य जनता के हित में जनता की भलाई लिए और सरकार की जन.कल्याणकारी योजनाओं से जनता को जोड़ने के लिए मिले हैं। इन कार्यों पर ही अधिकारी अपना ध्यान दें और मनोयोग से कार्य करें। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जो अधिकारी अपने कार्यों से बचने का प्रयास करेंगे या कार्यों के प्रति उत्तरदाई या गंभीरता प्रदर्शित नहीं करेंगे ऐसे अधिकारियों के खिलाफ उनके उच्च अधिकारियों को भी लिखा जाएगा। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पर अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार करे।

## 'आतंकी' हमलों से निपटने के लिए बनेगी एसओपी यूपी पुलिस व एनएसजी की संयुक्त मॉक ड्रिल में 23 'आतंकी' ढेर

* सीएम योगी ने देखा यूपी पुलिस और एनएसजी का शौर्य

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में आतंकी घटनाओं से सफलतापूर्वक निपटने के लिए नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स (एनएसजी) और यूपी पुलिस की संयुक्त दो दिवसीय मॉक ड्रिल 'गांडीव-5' के दूसरे दिन विधानभवन और पुलिस मुख्यालय की सुरक्षा को परखा गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई मंत्री और शासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। तय हुआ कि इस मॉक-ड्रिल में सामने आए लर्निंग पॉइंट्स के आधार पर भविष्य में घटित होने वाली आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई जाएगी। स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था एवं अपराध प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रदेश पुलिस तथा एनएसजी के वरिष्ठ अधिकारियों के सक्रिय नेतृत्व में लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस, एटीएस, फायर सर्विस द्वारा संयुक्त रूप से लखनऊ के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर काउंटर टेरर मॉक-ड्रिल की कार्यवाही बुधवार को शुरू हुई थी। बुधवार को चारबाग रेलवे स्टेशन, आलमबाग बस स्टैंड, पलासियो मॉल, ताज होटल, लोक भवन की सुरक्षा व्यवस्था को परखने के बाद आज सुबह विधान भवन और पुलिस मुख्यालय भवन में मॉक ड्रिल की गई। इसमें स्थानीय पुलिस द्वारा चार, एटीएस की कमांडो टीम द्वारा 18 और एनएसजी द्वारा कुल 23 आतंकवादियों को सांकेतिक रूप से मार गिराया गया, जबकि तीन को गिरफ्तार किया गया। शेष सभी एजेंसियों जैसे फायर सर्विस, एसडीआरएफ, एसआईबी, स्थानीय प्रशासन, फोरेंसिक टीम आदि द्वारा समय से पहुंच कर अपने से कार्यों को किया गया।



### कंट्रोल रूम को मिली विधानभवन में बम धमाके की सूचना

बृहस्पतिवार भोर 2:50 बजे विधान भवन में बम विस्फोट की सूचना एटीएस कंट्रोल रूम को मिली, जिसके बाद कमांडो टीम तत्काल वहां पहुंची। स्थानीय पुलिस से घटनास्थल को अपने नियंत्रण में लेकर तलाशी शुरू की गई। इस दौरान सुरक्षा शाखा की बीडीडीएस टीम द्वारा एक आईईडी को बास्केट में रखा तथा दूसरी आईईडी को बरामद किया गया। एसी प्लांट के कंट्रोल पैनल में छिपे दो आतंकवादियों की पुष्टि होने पर स्मोक कैंडल एवं चिली बम का प्रयोग किया गया, लेकिन वे बाहर नहीं आए। तत्पश्चात घटनास्थल एनएसजी के हवाले कर दिया गया। एनएसजी टीम भारतीय वायु सेना के एमआई हैलीकॉप्टर का प्रयोग कर छत के माध्यम से मुख्य हाल में पहुंची तथा शेष आतंकवादियों को सांकेतिक रूप से मार गिराया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, डीजीपी विजय कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार मौजूद थे।

### डीजीपी मुख्यालय में आतंकियों ने किए पांच बम धमाके

एटीएस के कंट्रोल रूम को बृहस्पतिवार सुबह 5.27 बजे गोमतीनगर विस्तार स्थित पुलिस मुख्यालय के गेट नंबर 3 के पास बम विस्फोट होने की सूचना मिली। तत्काल मौके पर पहुंची एटीएस की कमांडो टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी शुरू कर दी। पुलिस मुख्यालय के चारों गेटों को कवर करने के पश्चात गेट नंबर 2 से ऑपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान आतंकियों ने 5 विस्फोट किए,, जिसमें एटीएस के कुछ कमांडो सांकेतिक रूप से घायल हो गए। तत्पश्चात् घटनास्थल को एनएसजी टीम को ब्रीफ करते हुए हैंडओवर किया गया। एनएसजी टीम ने एमआई हैलीकॉप्टर से छत के रास्ते मुख्यालय में प्रवेश किया तथा आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

## करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज में 'हिन्दी दिवस' का आयोजन




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

गुरुवार को करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज में हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दुआ से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ0 हरिशंकर मिश्र ,पूर्व प्रोफ़ेसर, हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय का अभिनंदन पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ज़रीना सईद द्वारा अतिथिगण का स्वागत, संक्षिप्त परिचय एवं हिंदी दिवस का लघु परिचयात्मक वक्तव्य दिया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वागत गीत, भजन, ग़ज़ल और लोकगीत प्रस्तुत किया। डॉ. मिश्रा द्वारा तकनीकी विकास में हिंदी का योगदान विषय पर दिए गए व्याख्यान से सभागार में उपस्थित सभी प्राध्यापिकाएँ एवं छात्राएँ लाभान्वित हुईं। शिक्षाशास्त्र की विभागाध्यक्ष प्रो. जहाँआरा द्वारा प्रस्तुत नज़्म से पूरा सभागार रसाप्लावित हो गया। हिंदी विभाग द्वारा कहानी- लेखन, निबंध-लेखन, स्वरचित काव्य, संस्मरण, मेहंदी, रंगोली, पोस्टर, स्लोगन, त्वरित भाषण एवं गायन की विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. हुमा ख़्वाजा द्वारा सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया गया, कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्रबंधक जनाब सैयद नावेद अहमद साहब एवं प्राचार्या प्रो.हुमा ख़्वाजा के कुशल मार्गदर्शन व हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.ज़रीना सईद, प्राध्यापिकाओं पूनम सिंह, डॉ. प्रिया, अलका चतुर्वेदी, डॉ.अर्शिया रसूल, वीणा पांडेय?, अनामिका तिवारी एवं डॉ. अजिता के परस्पर सहयोग से संपन्न हुआ।

## सहकार भारती (मत्स्य प्रकोष्ठ) की बैठक लखनऊ में हुई संपन्न

* 6 अक्टूबर को मुंबई में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने पर गहनता से हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




राजधानी लखनऊ के दारुलशफा स्थित बी ब्लॉक कॉमन हाल में गुरूवार को सहकार भारती (मत्स्य प्रकोष्ठ) के तत्वाधान में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे प्रदेश से हर जिले से मत्स्य प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी सहभागिता दिखाई। इस बैठक में आगामी 6 अक्टूबर को मुंबई स्थित विष्णु दास भावे नाट्य गृह नवी वासी में होने वाले मत्स्य प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने पर गहनता से चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात से पधारे सहकार भारती (मत्स्य प्रकोष्ठ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंती भाई केवट का नरेन्द्र उपाध्याय व कैलाश निषाद ने अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगामी 6 अक्टूबर को मुंबई में होने वाले सहकार भारती (मत्स्य प्रकोष्ठ) के राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने के लिए प्रदेश के हर जिले से करीब 100 मत्स्य पालकों को अधिवेशन में शामिल होने की बात कही।

वहीं नरेन्द्र उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष, सहकार भारती ने उपस्थित लोगों को संगठन के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान अरुण कुमार सिंह, संगठन प्रमुख, सहकार भारती ने मत्स्य प्रकोष्ठ में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस दौरान कैलाश निषाद, प्रदेश कार्यवाह, सहकार भारती (मत्स्य प्रकोष्ट) ने बताया कि मछुआ समुदाय की आमदनी बढ़ाने के लिए इन्होंने यूपी में ब्लॉक स्तर पर एफपीओ बनाने के कार्य को प्रमुखता से कार्य कर रहे हैं। इन्होंने बताया कि सरकार भारती के द्वारा लखनऊ व उन्नाव जिला समेत करीब दर्जन भर से ज्यादा एफपीओ व एफएफपीओ का गठन हो चुका है। उन्होंने मछुआ समाज के लोगों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा लोग एफपीओ एफएफपीओ से जुड़कर व्यापार करें। इस बैठक में सहकार भारती (मत्स्य प्रकोष्ट) के राजेंद्र निषाद, अभिनव कश्यप, हरवंश सिंह, अरविन्द मंझवार गया प्रसाद धुरिया, जितेन्द्र निषाद, राधा निषाद, राजेश निषाद, हरिकिशन गौड़, संतोष पाल, राजीव रतन, दीपक निषाद, वीरेन्द्र निषाद, रामजी साहनी व जीपी निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

## भारतीय भाषाओं की उत्पत्ति और हिंदी का राष्ट्रीय महत्व विषय पर आयोजित की गई परिचर्चा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, रामनगर, आलमबाग, लखनऊ में प्राचार्या प्रोफेसर सारिका दुबे के कुशल दिशा - निर्देशन में हिंदी-दिवस के अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसका विषय भारतीय भाषाओं की उत्पत्ति और हिंदी का राष्ट्रीय महत्व रहा। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.सारिका दुबे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हमारे देश में 14 सितंबर 1949 को संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया, आज हमें अपनी भाषा और संस्कृति पर गर्व करना चाहिए और हमें अपने बच्चों को भी अपनी भाषा पर गर्व करना सिखाना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य मुख्य अतिथि शैलेंद्र दुबे , (अध्यक्ष ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन) ने भारतीय भाषाओं की उत्पत्ति और हिंदी के राष्ट्रीय महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जब तक हिंदी को रोजगार से नहीं जोड़ा जाएगा अर्थात रोजगार के आधार में हिंदी नहीं होगी कब तक हिंदी को उसका स्थान दिला पाना एक मुश्किल काम है। उन्होंने कहा की हिंदी के राष्ट्रीय एकता में सांस्कृतिक और राजनीतिक महत्व जग जाहिर है किंतु रोजगार के लिए आज भी अंग्रेजी बोलना और अंग्रेजी का ज्ञान जरूरी माना जाता है। उन्होंने कहा कि हिन्दी की स्वतंत्रता आन्दोलन में बड़ी भूमिका रही है किन्तु अत्यन्त खेद का विषय है कि हिन्दी को स्वतन्त्रता के बाद वह स्थान आज तक नहीं मिला जो अन्य देशों में राष्ट्र भाषा को मिलता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रमोद शुक्ला , (वरिष्ठ जेल अधीक्षक) (सेवानिवृत्त) ने अपने प्रभावपूर्ण वक्तव्यों द्वारा कहा कि- हिंदी भाषा दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है उन्होंने बताया कि हिंदी के विकास मे कवियों लेखकों और रिसर्च करने वालों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसमें भारतीय और विदेशी दोनों शामिल है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि इं.जयप्रकाश, (अध्यक्ष राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उत्तर प्रदेश) ने अपने ज्ञानवर्धक विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि -हिंदी को सिर्फ हिंदी दिवस तक ही नहीं सीमित करना चाहिए बल्कि इसे व्यापक स्तर तक प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती रीना त्रिपाठी (शिक्षिका एवं समाज सेविका) ने अपने सरल और प्रभावी विचारों को व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की छात्राओं को शुद्ध हिंदी में लिखने और पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजू शुक्ला जी ने अपने प्रभावपूर्ण शब्दों में हिंदी भाषा के व्यापक प्रचार प्रसार पर विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन- प्रियंका मिश्रा, गीता भारद्वाज, डॉ अमिता यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन -डॉक्टर अमिता यादव द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन- प्रियंका मिश्रा द्वारा किया गया।

## फार्मा और चिकित्सा इंडस्ट्री पकड़ेगी रफ्तार, स्टांप शुल्क में 100 फीसदी तक छूट, शासनादेश जारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश सरकार ने फार्मा इंडस्ट्री को रफ्तार देने के लिए बड़ी राहत दी है। उत्तर प्रदेश फार्मास्युटिकल एवं चिकित्सा उपकरण उद्योग नीति 2023 के अधीन नई फार्मा व चिकित्सा इकाई लगाने पर स्टांप ड्यूटी में छूट का फैसला किया है। इसके तहत भूखंड खरीदने व पट्टे पर देने पर 50 से 100 फीसदी तक स्टांप ड्यूटी में छूट का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में गुरुवार को प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने शासनादेश जारी कर दिया। उत्तर प्रदेश फार्मास्युटिकल एवं चिकित्सा उपकरण उद्योग नीति 2023 के अंतर्गत नई फार्मा व चिकित्सा उपकरण पार्क की स्थापना के लिए डेवलपर द्वारा जमीन की खरीद पर स्टांप ड्यूटी में 100 फीसदी छूट दी जाएगी। फार्मा व चिकित्सा उपकरण पार्क में व्यक्तिगत खरीदारों द्वारा भूखंड की प्रथम खरीद पर स्टांप में 50 फीसदी छूट मिलेगी। राज्यभर में सभी नई इकाइयों को इस नीति के अंतर्गत इकाइयां स्थापित करने के लिए जमीन की खरीद और भवन को पट्टे पर लेने के लिए स्टांप शुल्क में 100 फीसदी छूट का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में चल रही इकाइयों द्वारा नए पूंजी निवेश के जरिए अपने कारोबार को कम से कम 25 फीसदी विस्तार देने पर 100 फीसदी स्टांप शुल्क में छूट मिलेगी। इसके लिए डीएम या उपायुक्त उद्योग लिखकर देंगे कि इंडस्ट्री की स्थापना नई नीति के तहत की जा रही है। गवाह के रूप में उनके हस्ताक्षर भी होंगे। रजिस्ट्री में छूट के लिए उद्यमी को स्टांप शुल्क में मिलने वाली छूट के बराबर बैंक गारंटी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के सामने पेश करना होगा। बैंक गारंटी की अवधि कम से कम पांच वर्ष होगी। किसी भी अन्य योजना के तहत स्टांप शुल्क में लाभ ले चुकी इकाइयों को इसका फायदा नहीं मिलेगा।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0: CWM-BW-17-2023

मु0का0प्र0/पुल कारखाना/पूर्वोत्तर रेलवे/ गोरखपुर कैण्ट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है-

क्र0सं0: 1, ई-निविदा सं0: CWM-BW-17-2023 कार्य का विवरण: पुल कारखाना, गोरखपुर छावनी, में फैब्रीकेटेड स्टील स्ट्रक्चरों ओपेन वेब गर्डर इत्यादि पर ग्रिट ब्लास्टिंग एवं एल्यूमिनियम मैटेलाइजिंग तथा पेन्टिंग कार्य। अनुमानित लागत (₹) 1,41,94,800.00, बयाने की राशि (₹): 2,21,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि- 10 (दस) माह।

• ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 06.10.2023 को 11.00 बजे, • ई-निविदा की प्राप्ति की तिथि दिनांक 06.10.2023 को 10.59 बजे, • ई-निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

अधि0अभि0/पुल कारखाना/ गोरखपुर

मुजाधि/डब्लू-320

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## विधायक राजेश्वर सिंह द्वारा 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत अपने क्षेत्र में किया पौधारोपण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत सरोजिनी नगर विधानसभा विधायक डॉ0 राजेश्वर सिंह बीते दिन अपनी विधानसभा के हिन्द नगर वार्ड पहुंचे। वार्ड में पहुंचने पर हिंद नगर वार्ड के पार्षद और लखनऊ नगर निगम कार्यकारिणी के सदस्य सौरभ सिंह मोनू ने उनका स्वागत किया। हिन्द नगर वार्ड में पहुंचने पर सबसे पहले विधायक सेक्टर सी.1 निवासी शहीद अरुण कुमार त्रिपाठी के आवास पर जाकर उनके परिजनों से भेंट कर सभी का कुशल क्षेम जाना व उनके पिताजी का माल्यार्पण कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। इसके बाद उन्होंने सेक्टर सी.1 के निवासियों से अमृत कलश में मिट्टी व अक्षत प्राप्त कर क्षेत्रीय विधायक ने हिन्द नगर वार्ड स्थित अमृत वाटिका में पौधरोपण किया।इस पूरे कार्यक्रम के दौरान हिंद नगर वार्ड के पार्षद सौरभ सिंह 'मोनू' विधायक राजेश्वर सिंह के साथ रहे।

## पुलिस की नाकामी से राजधानी में हो सकती है एक और महिला अधिवक्ता की हत्या

* पति और भाइयों की साजिश के बीच उलझी महिला अधिवक्ता की जिंदगी

जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय

लखनऊ प्रदेश में कुछ दिनों के अंतराल में अलग अलग जगहों पर हुई अधिवक्ताओं की हत्या से विभिन्न संगठनों के आक्रोश की आग ठंडी भी नहीं पड़ी, लेकिन उत्तर प्रदेश की राजधानी जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य उच्च अधिकारियों का डेरा है, वहीं कानून की धज्जियां उड़ाने वाले कुछ जालसाज व आपराधिक विचारधारा के लोग एक महिला अधिवक्ता की हत्या की साजिश करने में लगे हैं। पीड़ित महिला अधिवक्ता को फोन पर जान से मार देने की धमकी कोई और नहीं बल्कि एन बी आर आई लखनऊ में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पति शत्रुहन प्रसाद मौर्या के इशारे पर पीड़िता का बड़ा भाई आदित्य मौर्या ही दे रहा है। पूरा मामला पारा थाना अंतर्गत प्रेमा विहार मोहल्ले का है जहां पारिवारिक विवाद के चलते पीड़ित अधिवक्ता महिला अपनी आठ वर्षीय बेटी के साथ अपने मायके में रह रही है। अधिवक्ता ने इस बाबत पारा थाने पर शिकायती पत्र देते हुए कहा कि उसका पति शत्रुहन प्रसाद मौर्या भी इस शाजिस में शामिल है और उसी के इशारे पर महिला अधिवक्ता की हत्या करने की साजिश रची जा रही है।



"हम शादी करके बहुत बुरे फंस गए हैं, इनका पूरा परिवार वैसा ही है। बाकी हमारा मामला न्यायालय में विचाराधीन है। फैमिली कोर्ट में महिला जज होने के नाते जज भी महिलाओं का पक्ष लेती हैं।

-शत्रुहन प्रसाद मौर्या आरोपी पति

### बड़ा सवाल!

- एनबीआरआई ने आज तक नहीं की विभागीय कार्यवाही, आखिर उच्च अधिकारियों ने क्यों नहीं लिया संज्ञान?
- थाने में शिकायत के बाद भी नहीं हुई एफआईआर, डीसीपी बोले एक दिन पुरानी घटना की नहीं दर्ज होती शिकायत
- आए दिन बूढ़े मां बाप हो रहे बेटे के जुल्म का शिकार, आखिर क्या कर रही है योगी सरकार?

### घरेलू हिंसा सहित अन्य अपराधिक मामलों में आरोपी पति हत्या करवाकर पाना चाहता है छुटकारा

पीड़ित महिला ने पारा थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि घरेलू विवाद व अन्य मुकदमें न्यायालय में विचाराधीन हैं। आरोपियों द्वारा मुकदमें को वापस लेने का दबाव बनाया गया किंतु मुकदमा वापस न लेने पर पति शत्रुहन प्रसाद मौर्य पुत्र स्व. चुन्नी लाल मौर्या व पीड़ित महिला का भाई आदित्य मौर्या द्वारा जान से मार देने की शाजिस रची जा रही है। जिसमे शत्रुहन का मौसेरा भाई मृत्युंजय मौर्या पुत्र स्व. मुन्नी लाल मौर्या निवासी नौबस्ता थाना काकोरी भी शामिल है। पीड़िता ने यह भी कहा कि हमारी आठ साल की बच्ची भी है जिसकी आरोपी पति द्वारा आज तक कोई खबर नहीं ली गई, जबकि एन बी आर आई द्वारा बेटी की शिक्षा के लिए अतिरिक्त भुगतान भी प्राप्त होता रहा है लेकिन हमारी बेटी को हर सुविधा से वंचित रखा गया है। पीड़िता ने आगे कहा कि आरोपियों द्वारा मुझ मां- बेटी की हत्या करवाकर मुकदमें से छुटकारा पाने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि भरण पोषण की राशि देने व पारिवारिक जिम्मेदारी से बचा जा सके।

### थाने में शिकायत के बाद भी नहीं हुई एफआईआर, डीसीपी बोले एक दिन पुरानी घटना की नहीं दर्ज होती शिकायत

पीड़ित महिला ने स्थानीय पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपियों की धमकी से परेशान होकर जब पुलिस के पास गई तो डीसीपी ने विजिबल वीडियो देखने के बाद यह कहते हुए किनारा कर लिया कि, यह वीडियो एक दिन पुराना है, यदि फिर ऐसा कुछ हो तो ताजा वीडियो बनाकर तुरंत आना। फिलहाल पुलिस अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैए से पीड़ित महिला असंतुष्ट होकर पुन: न्यायालय का रुख कर चुकी है।

## वित्तीय अनियमितता में जल निगम के चार अभियंता समेत छह निलंबित, 11 के खिलाफ एफआईआर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बलिया में सीवर लाइन डालने में बड़े पैमान पर वित्तीय अनियमितता उजागर होने पर जल निगम (नगरीय) के दो सहायक अभियंताओं (एई) समेत छह लोगों को निलंबित कर दिया गया है । इनमें दो अवर अभियंता (जेई) और दो खंडीय लेखाकार शामिल हैं। जल निगम (नगरीय) के प्रबंध निदेशक राकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर प्रयागराज क्षेत्र के मुख्य अभियंता अरुण कुमार ने बृहस्पतिवार को निलंबन का आदेश जारी कर दिया है। इनके अलावा जल निगम (नगरीय) छह और जल निगम (ग्रामीण) के पांच अभियंताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है। साथ ही पांच कार्यदायी संस्थाओं को भी काली सूची में डालने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य अभियंता की ओर से जारी आदेश के मुताबिक बलिया में यूआईडीएसएसएमटी व अमृत योजना के तहत सीवर लाइन डालने के काम में वित्तीय अनियमितता बरतने वाले तीन अधिशासी अभियंता और एक सहायक अभियंता से 16 करोड़ 90 लाख 99 हजार रुपये की वसूली के भी आदेश दिए गए हैं। इनसे अब तक 46 लाख 50 हजार रुपये की वसूली की जा चुकी है । यह जानकारी देते हुए प्रबंध निदेशक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि बलिया सदर नगर पालिका परिषद में वर्ष 2006 से ही अमृत योजना के तहत सीवर लाइन डालने का काम हो रहा है। इसमें वित्तीय अनियमितता की शिकायत मिली थी। जिसकी जांच कराई गई तो शिकायत सही पाई गई । इसके आधार पर बलिया में तैनात रहे सहायक अभियंता व प्रभारी अधिशासी अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव व अभिषेक वर्मा, अवर अभियंता अश्विनी कुमार व नीरज कुमार पांडेय, खंडीय लेखाकार पंकज कुमार सिंह व रवि गिरी को निलंबित करने के बाद इनके खिलाफ अनुशासनिक जांच बैठा दी गई है। अंकुर के ऊपर लगे आरोपों की जांच मुख्य अभियंता प्रयागराज करेंगे। जबकि महाप्रबंधक प्रदूषण नियंत्रण इकाई जल निगम प्रयागराज को नीरज पर लगे आरोपों की जांच दी गई है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# ड्रग्स की राजधानी बनने से कैसे बचे दिल्ली

**राजधानी दिल्ली में ड्रग्स का कारोबार मौजूदा समय में आग की तरह फैला हुआ है। दिल्ली में शनिवार को 40 करोड़ की अफीम पकड़ी गई, जिसकी सप्लाई लुटियन जोन और पॉश इलाकों में होनी थी। स्पेशल सेल के पास पूरी जानकारी है कि अफीम कहां-कहां और किन-किन लोगों में होनी थी? पर, कुछ भी नहीं बताया। हां, इतना जरूर है बलि का बकरा उनको बनाने में देर नहीं कि जो कमजोर कड़ी थे। अफीम मणिपुर और जम्मू से लाई गई थी, ड्रग्स तस्करों के नाम परमजीत सिंह और राजकुमार हैं। इनका काम मात्र इतना था, डिलिवरी लेनी थी और पहुंचानी थी?**

*दिल्ली में तेजी से फैलता नशे का कारोबार चिंता का विषय बन गया है। राजधानी में विभिन्न किस्म के मादक पदार्थों की तस्करी अब प्रत्येक गली-मोहल्लों में होने लगी है। एनसीआर क्षेत्र में भी नशे का कारोबार अब इस कदर फैल चुका है, जिसे रोकने में पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं। बीते शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तस्करों से करीब 90 किलो अफीम पकड़ी, जो दूसरे प्रदेशों से लाई गई थी। दिल्ली में मादक पदार्थों की सप्लाई सबसे ज्यादा कहां-कहां होती है और उसके शौकीन कौन-कौन हैं? दरअसल ये एक ऐसा सवाल है जिसका उत्तर अगर सच्चाई से पुलिस-प्रशासन सार्वजनिक कर दे, तो चारों ओर भूचाल मच जाएगा। हम सोच भी नहीं सकते कि इस जंजाल में कौन-कौन और कैसे-कैसे व्यक्ति शामिल हैं। हालांकि, इतना तो सभी जानते हैं कि किस्म-किस्म के महंगे मादक पदार्थों का सेवन कोई आम इंसान तो करेगा नहीं? इसके लिए मोटी रकम चुकानी पड़ती है, इसलिए कोकीन, अफीम जैसे उच्चकोटी के नशे पदार्थ के खरीददार भी बड़े लोग ही होते हैं। देखिए, दिल्ली एक ऐसी जगह हैं, जहां केंद्र सरकार से लेकर, ब्यूरोक्रेट लॉबी, उच्चस्तरीय अफसर, बड़े से बड़े उद्योगपति व विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रमुख नेताओं का जमावड़ा रहता है। इनका रहन-सहन, जीने का स्टाइल से तो सभी वाकिफ ही हैं। फिलहाल, इस सामाजिक बुराई की आंच इन लोगों तक नहीं पहुंचती? दिल्ली को ड्रग्स के जंजाल से कैसे निकाला जाए? इसकी चिंता शायद किसी को है नहीं? निकालना कोई इसलिए भी नहीं चाहता, क्योंकि ड्रग्स के काले धंधे में एक ऐसा वर्ग शामिल है जिसके लिए ये कारोबार मुनाफे का बड़ा जरिया बना हुआ है। उन्हीं को देखकर आज के नासमझ युवा भी मादक पदार्थ का सेवन करने लगे हैं, वो इसे स्टेट सिंबल समझने लगे हैं। इस गिरफत में समूचे हिंदुस्तान का युवा फंसा है। पहुंच स्कूल-कॉलेजों तक हो गई है। अभी कुछ माह पहले ही दिल्ली के नामी स्कूल में छात्र के पास से कोकीन बरामद हुई थी। छात्र बड़े औहदेदार का पुत्र था। इस घटना से अंदाजा लगा सकते हैं कि ऐसी चीजें उनके घर में खुलेआम आती-जाती होंगी, तभी उसे देखकर वो बच्चा प्रभावित हुआ। मामले को स्कूल प्रशासन ने दबा दिया, ताकि पहचान उजागर न हो? मादक पदार्थ कारोबार में इंवाल्व बड़े लोगों की पहचान कभी भी सार्वजनिक नहीं की जाती? ये दोहरा मापदंड़ क्यों अपनाया जाता है, इसके पीछे की वजह को भी सभी जानते हैं। राजधानी में ड्रग्स कई रास्तों से होकर पहुंच रही है, क्योंकि सीमाएं विभिन्न राज्यों से जुड़ती है। इसलिए तस्कर मादक पदार्थों की सप्लाई सुगमता से करते हैं। ड्रग्स डीलर्स विभिन्न प्रदेशों से चरस, गांजा, कोकीन, अफीम दिल्ली तक पहुंचाते हैं। उसके बाद दिल्ली में अपने हिसाब से आगे सप्लाई करते हैं। नॉर्थ ईस्ट के तस्कर दिल्ली में मादक पदार्थ कोरियर के जरिए भिजवाते हैं। नारकोटिक्स विभाग की मानें तो राजधानी में बीते 3 सालों में ड्रग्स के डाटा चौंकाने वाले रहे। साल 2020 में 886 किलोग्राम गांजा, 28 किलोग्राम हेरोइन, 14 किलोग्राम कोकेन जबकि 16 किलो अफीम बरामद हुई थी। जबकि, इस साल ये डाटा सिर्फ 4 महीने में उससे कई गुना ज्यादा हुआ। अभी तक 4396 किलो अफीम बरामद हो चुकी है। बीते पांच-छह सालों से ड्रग्स का धंधा धड़ल्ले से खुलेआम शाम के वक्त पॉश इलाकों में चलता है। दिल्ली में सफेदपोश या बड़े लोगों के घरों में पार्टी-फंक्शन हो और उसमें ड्रग्स का वितरण ना किया जाए, ऐसा हो नहीं सकता।*

## एक्सप्रेस आलेख

**विश्वकर्मा योजना के बहाने कुतुब मीनार की चर्चा करना समीचिन होगा। कुतुब मीनार के निर्माण में विश्वकर्मा जी का भी आशीर्वाद रहा है। यह तथ्य इतिहास के पन्नों में दर्ज है। हुआ यह कि सन 1369 में बिजली गिरने के कारण कुतुब मीनार की ऊपरी मंजिलों के कुछ हिस्से भी क्षतिग्रस्त हो गये थे। तब दिल्ली की गद्दी पर फिरोजशाह तुगलक का राज था। उन्होंने कुतुब मीनार के क्षतिग्रस्त भागों की मरम्मत के आदेश दिए। उनके आदेश के बाद कुतुब मीनार की पांचवीं मंजिल नए सिरे से बनाई गई। कुतुब मीनार के मरम्मत के काम को अंजाम देने वाले आर्किटेक्ट, ठेकेदारों और मजदूरों ने निर्माण स्थल पर अपने नाम जैसे नाना,साल्हा, लोला लक्षमना भी लिख दिए।**

# जिन कुशल कामगारों का कोई नहीं उसके लिए विश्वकर्मा योजना



आर.के. सिन्हा

**भारत की जीडीपी में असंगठित क्षेत्र का योगदान लगभग 50 फीसदी है। देश के श्रमबल का 90 फीसदी असंगठित क्षेत्र में काम करता है। पारंपरिक पेशे से जुड़े कारीगरों का हमारे समाज में खासा महत्व है। हमारे यहां ऐसे कारीगर बहुतायत है, जो अपने हाथ के कौशल से देशी औजारों का उपयोग करते हुए जीवन बसर करते हैं।**

कभी यह भी सोचा जाना चाहिए कि देश के आजाद होने के इतने दशक गुजरने के बाद भी हमने मोची, धोबी, बढ़ई, लोहार, कुम्हार जैसे निचले स्तर पर काम करने वालें कुशल कामगारों के हितों को लेकर कोई व्यापक नीति क्यों नहीं बनाई? अगर इनके बारे में पहले सोचा जाता तो ये भी देश के विकास का लाभ ले रहे होते। इनकी अनदेखी तो हुई। हां, इतना सुकून किया जा सकता है कि अब इनके बारे में सोचा जा रहा है। अब सरकार इनकी जिंदगी में खुशियां लाने के लिये विश्वकर्मा योजना लेकर आ रही है। इस योजना के ऊपर अगले पांच साल में 13 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 17 सितंबर को जन्म दिन पर शुरू होने वाली इस योजना के तहत मोची, धोबी, बढ़ई, लोहार कुम्हार आदि को पांच प्रतिशत की दर से एक लाख रुपये और दूसरे चरण में दो लाख रुपये का कर्ज मिल सकेगा। शिल्पकारों और कामगारों को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। ट्रेनिंग लेने वालों को हर दिन 500 रुपये का मानदेय देने की व्यवस्था हो रही है। सच में अफसोस होता है कि हमारे नीति निर्धारक इतने संवेदनशील भी नहीं रहे जिससे कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिये कल्याणकरी योजनाएं बन पातीं। क्या ये हमारे देश-समाज में शामिल नहीं हैं? हमने इनकी इतनी बेकर्दी क्यों की? क्या ए वोट बैंक का हिस्सा नहीं थे ? राजकपूर की 1954 में रीलिज हुई अमर फिल्म बूट पालिश के पात्र भोला जैसे बच्चे देश के तमाम शहरों के बाजारों में आराम से देखने को मिलते हैं। बूट पालिश फिल्म के विपरीत असली जिंदगी में भोला जैसे किसी बच्चे के साथ उसकी बहन बेलू या कोई और लड़की नहीं होती। ये जगह-जगह अपने एक लकड़ी के बने डिब्बे के साथ बैठे होते हैं। उसमें अलग-अलग रंगों की पालिश,ब्रुश और कपड़े होते हैं। कुछे के पास मोची का सामान भी होता है। ये इन्हीं से अपने ग्राहकों के जूते सैंडिल वगैरह चमकाते और बनाते हैं। ये 15 साल से 55 साल तक मिलेंगे। कई-कई तो बूट पालिश का काम करते हुए ही अधेड़ हो गए हैं। ये जब काम करने लगते हैं तो ये बच्चे होते हैं। घर की कमजोर माली हालत के चलते पढ़ नहीं पाते और फिर करने लगते हैं ÷बूट पालिश÷ और मोची का काम। इनकी कभी कोई मदद नहीं करता। कुछ दिन पहले राजधानी में समाप्त हुये जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति



**देश में प्लंबिंग के काम पर उड़ीसा के प्लंबरों का लगभग एकछत्र राज है। इनकी वही स्थिति है जो अस्पतालों में केरल की नर्सों की होती है। ये सुबह ही अपने औजारों का बैग लेकर खास चौराहों या हार्ड वेयर की दुकानों पर मिल जाते हैं। वहां से ही इन्हें लोग अपने घरों-दफ्तरों में ले जाते हैं या फिर इन्हें बुला लेते हैं।**

लूला भी पधारे थे। वे भी एक मोची परिवार से थे। उन्होंने भी बचपन में बूट पालिश की थी। आज वे विश्व के बेहद असरदार नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। कहने का मतलब ये है कि अगर हमने अपने समाज के हाशिये पर धकेले गये लोगों को पर्याप्त अवसर दिये होते तो वे भी देश की मुख्यधारा का हिस्सा होते। खैर, अब उन्हें अवसर मिलेंगे तो वे आगे बढ़ेंगे। विश्वकर्मा योजना के बहाने कुतुब मीनार की चर्चा करना समीचिन होगा। कुतुब मीनार के निर्माण में विश्वकर्मा जी का भी आशीर्वाद रहा है। यह तथ्य इतिहास के पन्नों में दर्ज है। हुआ यह कि सन 1369 में बिजली गिरने के कारण कुतुब मीनार की ऊपरी मंजिलों के कुछ हिस्से भी क्षतिग्रस्त हो गये थे। तब दिल्ली की गद्दी पर फिरोजशाह तुगलक का राज था। उन्होंने कुतुब मीनार के क्षतिग्रस्त भागों की मरम्मत के आदेश दिए। उनके आदेश के बाद कुतुब मीनार की पांचवीं मंजिल नए सिरे से बनाई गई। उसमें संगमरमर का भी भरपूर इस्तेमाल भी किया गया। इतिहासकार डॉ स्वपना लिड्डल कहती हैं कि कुतुब मीनार के मरम्मत के काम को अंजाम देने वाले आर्किटेक्ट, ठेकेदारों और मजदूरों ने निर्माण स्थल पर अपने नाम जैसे नाना,साल्हा, लोला लक्षमना भी लिख दिए। उन्होंने यह भी लिख दिया कि उनका सारा काम विश्वकर्मा के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। यह सब अब भी लिखा हुआ है। एएसआई की एक रिपोर्ट में संस्कृत में उत्कीर्ण ठेकेदारों तथा मजदूरों के उदगार लिखे मिलते हैं। बेशक, विश्वकर्मा योजना उन लाखों-करोड़ों लोगों की जिंदगी में ना केवल सकारात्मक बदलावों का वाहक बनेगी बल्कि विकसित भारत का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। भारत की जीडीपी में असंगठित क्षेत्र का योगदान लगभग 50 फीसदी है। देश के श्रमबल का 90 फीसदी असंगठित क्षेत्र में काम करता है। पारंपरिक पेशे से जुड़े कारीगरों का हमारे समाज में खासा महत्व है। हमारे यहां ऐसे कारीगर बहुतायत है, जो अपने हाथ के कौशल से देशी औजारों का उपयोग करते हुए जीवन बसर करते हैं। हमने कोरोना काल में इन्हें भी धक्के खाते देखा था। तब ये सैकड़ों-हजारों किलोमीटर का सड़क मार्ग से सफर करके अपने गांवों में पहुंचे थे। उस कठिन यात्रा में कई मजदूर मारे भी गये थे। इन्हें सरकार से हर तरह की मदद की जरूरत है। अगर इन्हें कुछ लोन मिलने लगे तो ये अपने काम को चमका सकेंगे। आजादी के बाद देश के पारंपरिक पेशे से जुड़े कारीगरों को सरकार से जिस मदद की आवश्यकता थी, वो उन्हें नहीं मिल पाई। यही वजह रही कि कइयों को अपना पुश्तैनी और पारंपरिक व्यवसाय छोड़ने को मजबूर होना पडा। पर इस योजना को पूरी ईमानदारी से लागू करना होगा, ताकि इसका लाभ उन्हें मिले जो इसका सच में पात्र हैं। याद नहीं आता कि पहले कभी कभी कौशल जीवियों के हित में इतनी वृहद योजना शुरू की गई हो। हमने कोरोना काल में देखा था जब लकड़ी का काम करने वाले कारपेंटर, प्लंबर, नाई आदि भी दाने-दाने को मोहताज हो गए थे। इनका लगभग दसेक महीने तक कामकाज बिल्कुल ठंडा रहा। देश में प्लंबिंग के काम पर उड़ीसा के प्लंबरों का लगभग एकछत्र राज है। इनकी वही स्थिति है जो अस्पतालों में केरल की नर्सों की होती है। ये सुबह ही अपने औजारों का बैग लेकर खास चौराहों या हार्ड वेयर की दुकानों पर मिल जाते हैं। वहां से ही इन्हें लोग अपने घरों-दफ्तरों में ले जाते हैं या फिर इन्हें बुला लेते हैं। अपने काम में उस्ताद ये उड़िया प्लंबर एक बार जो अपने काम का जो दाम मांग लेते हैं, फिर उससे पीछे नहीं हटते। ये रोज का कम से कम करीब एक-दो हजार रुपए तक पैदा कर ही लेते हैं।

## एक्सप्रेस कविता

*वफा की खातिर एक शख्स की तलाश में था वो, मुझे देख हमेशा बगले झांकता था वो, चंद टुकड़ों के लिए बना बड़ा शातिर, अपने को हमेशा संत दिखाता था वो, खुद की शक्ल में दूसरा आदमी था वो, अपने को मासूम सदैव दिखाता था वो, पल में माशा पल में तोला ऐसा क्यो, बड़ी मछली बन छोटी को निगलता था वो, खुद की बेटी बेटी है दूसरों की पराई नार, पितामह बन दूसरों की बेटियों पर बुरी नजर रखता था वो, आदमी ऊपर से दिखता तो शरीफ था शराफत का चोंगा पहनकर घूमता था वो। इंसानियत का बड़ा दुश्मन दिखाई देता था, आम लोगों को भी बहुत देर से समझ आता था वो। ईश्वर की लाठी में आवाज नहीं होती, ईश्वर के हाथों ही बुरी गति को प्राप्त होता था वो,*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*सुबह की नींद इंसान के इरादों को कमजोर बनाती है, मंजिल को हासिल करने वाले कभी देर तक सोया नहीं करते।*



*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | अमावस्या 31:09 तक |
| नक्षत्र: | मघा 28:48 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | साध्य, 26:49 |
| सूर्योदय: | 06:08 |
| सूर्यास्त: | 18:26 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 12:16-13:49 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्त: | 11:51 - 12:40 |

# जन एक्सप्रेस

**अच्छे नहीं पड़ोसी !**

*घटनाएं आतंक की ।*
*तेज़ हुई फिर आज ।।*
*होगा रहना सजग ।*
*है लगता कुछ राज ।।*
*रह कर के चौकन्ना ।*
*होगी देनी मात ।।*
*त्वरित कार्रवाई कर ।*
*है देना आघात ।।*
*साज़िश करके लगता ।*
*है बाधा पहुंचाना ।।*
*बंद इनका करना ।*
*बजा नया जो गाना ।।*
*अच्छे नहीं पड़ोसी ।*
*ये लेना संज्ञान ।।*
*भाषा में उन्हीं की ।*
*है छेड़नी तान ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गणेश चतुर्थी पर डायबिटीज मरीजों के लिए बनाएं ड्राई फ्रूट लड्डू



**गणेश** चतुर्थी इस बार 19 सितंबर को मनाई जाएगी। इस दौरान गणपति बप्पा के भक्त पूरे 10 दिन तक बप्पा की पूजा करते है। बप्पा के भक्त पूरे साल गणेश चतुर्थी का इंतजार करते हैं। ऐसा माना जाता हैं कि मन से गणपति बप्पा की पूजा करने से बप्पा हर विध्न हर लेते हैं। इस दौरान भक्त बप्पा की मूर्ति लाते है और उसकी पूजा करते हैं। महाराष्ट्र के साथ पूरे देश में ये त्योहार पूरे हर्ष-उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस 10 दिनों के दौरान बप्पा को अलग-अलग चीजों का भोग लगाया जाता है और बप्पा को प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है। अक्सर गणेश चतुर्थी पर लोग मोदक, हलवा और खीर आदि की बनाते है। ये चीजें मीठे होने के साथ डायबिटीज के मरीज इसका सेवन नहीं कर पाते हैं। इन चीजों को खाने से शुगर लेवल बढ़ने के साथ उनकी कई तरह की समस्याएं भी होने लगती हैं। ऐसे में गणेश चतुर्थी के अवसर पर डायबिटीज मरीजों के लिए स्पेशल ड्राई फ्रूट लड्डू बनाएं जा सकते हैं। यह लड्डू स्वादिष्ट होने के साथ इनके सेवन से ब्लड शुगर लेवल नहीं बढ़ेगा और शरीर को ताकत भी मिलेगी।

**शुगर फ्री लड्डू बनाने का तरीका:** गणेश चतुर्थी के मौके पर डायबिटीज मरीजों के लिए इन खास लड्डू को बनाया जा सकता है। इन लड्डू को बनाने के लिए सबसे पहले बादाम, मखाने, किशमिश, इलायची और काजू एक कढ़ाई में डालकर अच्छे से रोस्ट कर लें। अब इस रोस्ट की हुई चीजों को अलग प्लेट में बाहर कर लें। उसके बाद इसी कडाही में कद्दूकस किया हुआ नारियल, आटा और सूजी को डालकर अच्छे से रोस्ट करें। जब ये हल्के भून जाएं, तो इसमें गुड़ डालकर मिक्स करें। अब इस मिश्रण में घी, गोंद और ड्राई फ्रूट को दरदरा पीसकर इस मिश्रण में अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को कडाही में निकाल लें और हाथों पर घी लगाकर लड्डू बनाएं। मिश्रण हल्का गर्म रहने पर लड्डू आसानी से बन जाएंगे। आपके शुगर फ्री लड्डू तैयार है। इन लड्डू को बप्पा को भोग लगाने के बाद डायबिटीज मरीज संयमित मात्रा में इसका सेवन कर सकते हैं।

### शुगर फ्री ड्राई फ्रूट लड्डू खाने के फायदे

- शुगर फ्री ड्राई फ्रूट लड्डू खाने से शरीर की कमजोरी दूर होने के साथ शरीर को ताकत मिलती है।
- ड्राई फ्रूट लड्डू में मिलाएं जाने वाले नारियल के सेवन से शरीर में खून की कमी दूर होती है और इम्यूनिटी भी बढ़ती है।
- यह ड्राई फ्रूट लड्डू खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है, जिससे आप अतिरिक्त खाने से बच जाते हैं और वजन कंट्रोल में रहता है।
- अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है, तो इन लड्डू का सेवन किया जा सकता है। इसमें मौजूद गोंद ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखती है।
- ड्राई फ्रूट लड्डू में मौजूद मखाना कब्ज की समस्या से राहत देता है।
- घी हड्डियों को मजबूत बनाता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# क्या हिंदू और हिंदुत्व खतरे में है?



डॉ ओ0पी0 मिश्र

**भारत और इंडिया भी चल रहा है और अब सनातन धर्म खतरे में है हिंदुत्व खतरे में है का शिगूफा छोड़ा गया है। मेरा स्पष्ट मत है कि सनातन धर्म के समर्थक और विरोधी दोनों आम आदमी को बेवकूफ बनाकर अपनी राजनीतिक रोटी सेंक रहे हैं।**

**विश्व हिंदू परिषद में जो हिंदू शौर्य यात्रा का ताना-बाना बुना है वह इसलिए बुन गया है कि हिंदू एक मुस्त भाजपा के पक्ष में खड़ा हो जाए तथा जाति, वर्ग और उच नीच की दीवार ढह जाए तभी तो शौर्य यात्रा के दौरान विहिप और संघ के कार्यकर्ता प्रत्येक हिंदू घर से पांच दीपक एकत्र करेंगे और बताएंगे कि इन्हें अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन जलाया जाएगा। यह बिल्कुल उसी तरह है जैसे राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान गांव-गांव शिला पूजन का कार्यक्रम चला था।**

**पिछले** दिनों मैंने हिंदुस्तान टाइम्स और इंडियन एक्सप्रेस में एक समाचार पढ़ा जो विश्व हिंदू परिषद की एक वरिष्ठ पदाधिकारी के माध्यम से लिखा गया था। समाचार का आशय यह था कि विश्व हिंदू परिषद सितंबर माह के अंतिम सप्ताह से दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक हिंदुओं को जागरूक करने के लिए सनातन विरोधियों को जवाब देने के लिए और उन्हें खारिज करने के लिए हिंदू शौर्य यात्रा का आयोजन करने जा रही है। यह शौर्य यात्रा देश के पांच लाख गांवो में गुजरेगी और न केवल हिंदुओं के बीच जन जागरण करेगी बल्कि छोटे-छोटे सम्मेलन और विचार गोष्ठियां आयोजित कर अयोध्या के राम जन्मभूमि की पूरी गाथा को भी बताएगी। यात्रा के दौरान लोगों को बताया जाएगा कि भाजपा सत्ता में ना होती तथा संघ और विश्व हिंदू परिषद सक्रीय ना होता तो अयोध्या में विशाल राम मंदिर का निर्माण ना हो पाता। विश्व हिंदू परिषद ने शुरू में यह भी दावा किया था कि वह धर्म योद्धाओं की भी एक फौज तैयार करेगी जो सनातन धर्म की रक्षा तथा हिंदुओं को सुरक्षा देने का काम भी करेंगे। वैसे बाद में विश्व हिंदू परिषद के एक प्रवक्ता ने इस बात को खारिज किया कि वह धर्म योद्धाओं की नियुक्ति कर रही है। प्रवक्ता का कहना था कि हम लोगों को धर्म के प्रति आस्थावान बनाने के लिए उन्हें जागरूक करेंगे राम मंदिर के निर्माण का इतिहास बताएंगे तथा सनातन धर्म पर हो रहे चौतरफा हमलो को लेकर लोगों को सचेत करेंगे । मतलब साफ है कि अयोध्या में जब जनवरी माह के तीसरे सप्ताह में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हो रहा होगा तो विश्व हिंदू परिषद पूरे हिंदुओं को जागरुक कर चुका होगा। पाठक भली भांति जानते हैं कि जनवरी 2024 से पहले चार राज्यों में विधानसभा चुनाव है, उसके बाद अप्रेल मई में लोकसभा चुनाव है। यह चुनाव भाजपा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है और उसे यह भी लग रहा है कि यदि वोटो का ध्रुवीकरण ना हुआ तो उसकी सीटों का काम होना निश्चित है। इसी कमी को दूर करने तथा केंद्र में नरेंद्र मोदी की पुनः सरकार बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद ने यह धार्मिक नाटक शुरू करने की योजना बनाई है। भाजपा तथा संघ परिवार दोनों यह मानकर चल रहे हैं कि यदि चुनाव मेरिट के आधार पर यानी परफॉर्मेंस और उपलब्धियों के आधार पर लड़े गए तो भाजपा का नुकसान होना तय है। इसी नुकसान की भरपाई को पूरा करने के लिए तथा वोटो के ध्रुवीकरण के लिए संघ परिवार विहिप के माध्यम से हिंदू समाज के बीच इस बात को पहुंचाना चाहता है कि यदि भाजपा सत्ता में ना आयी तो हिंदू और हिंदुत्व दोनों पर खतरे के बादल मंडराने लगेंगे। मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि जिस देश में हिंदू बहुसंख्यक है केंद्र में हिंदुओं के कथित रक्षकों की सरकार है तथा लगभग एक दर्जन राज्यों में हिंदू हित रक्षकों की सरकार है यानि भाजपा की सरकार है तो फिर बहुसंख्यक हिंदू, हिंदुत्व तथा सनातन धर्म खतरे में कैसे हैं? दरअसल इस लोकतांत्रिक देश भारत या इंडिया में ना हिंदू खतरे में, न इस्लाम खतरे में है बल्कि वे सरकारे खतरे में है जहां 2024 मे चुनाव होने वाले हैं। क्योंकि चुनाव पूर्व सर्वेक्षण यही कह रहे हैं कि 2024 भी खतरे में है। इसी खतरे को भांपकर संघ और विश्व हिंदू परिषद ने आम मतदाता को भरमाने के लिए यह योजना बनाई है ताकि आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी, सरकारी नौकरी, नौकरी में छटाई तथा सरकारों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर सवाल ना उठा सके। जी-20 के सफल आयोजन के बाद भाजपा को यह विश्वास हो चला है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक छवि तथा मोदी है तो मुमकिन है का स्लोगन 2024 में पुनः 300 सिटे प्रदान कर देगा। लेकिन वास्तविकता के धरातल पर ऐसा संभव प्रतीत नहीं हो रहा है। क्योंकि महंगाई, भ्रष्टाचार तथा नौकरी का अभाव तो हर कोई झेल रहा है। वैसे भाजपा की गणित बिल्कुल साफ थी, उसे उम्मीद थी कि जी- 20 के भव्य आयोजन का असर गांव तक जाएगा और हर कोई मोदी मोदी पुकारेगा लेकिन हुआ यह है कि उच्च वर्ग तथा अपर मिडिल क्लास तो जी-20 से प्रभावित हुआ है लेकिन आम आदमी को लग रहा है (इसमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्हें खाद्यान्न मिल रहा है।) कि इससे उनकी दशा और दिशा पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। भाजपा और संघ परिवार के लिए यह चिंता का विषय है। भाजपा यह मानकर चल रही थी कि लाभार्थी वर्ग तो उसके साथ है ही और मिडिल वर्ग को धर्म की चासनी चटा दी जाएगी तथा उच्च वर्ग और अपर मिडिल क्लास जी-20 की भावनाओं से ओत-प्रोत हो जाएगा। लेकिन आज की तारीख में अब इस बात की बिल्कुल गारंटी नहीं की लाभार्थी वर्ग भाजपा को ही वोट करेगा। क्योंकि अब वह भी समझने लगा है , वह भी बोलने लगा है।

# आर. एन. इंटरनेशनल स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हिंदी दिवस

जन एक्सप्रेस । अवधेश कुमार पाण्डेय



**तिकुनियां खीरी।** विकास क्षेत्र निघासन के अंतर्गत तिकुनियाँ में स्थित आर एन इंटरनेशनल स्कूल में बड़ी ही धूम - धाम से मनाया गया हिंदी दिवस का कार्यक्रम इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक शिव कुमार गर्ग, कार्तिक गर्ग व प्रधानाचार्य, अजय अवस्थी ने कक्षा,3 से कक्षा 12 तक के सभी विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें सभी कक्षाओं के बालक / बालिकाओं ने भाग लिया ह्य हिंदी दिवस के अवसर पर कक्षा 9वीं की छात्रा जसमीत कौर ने अपनी कला का प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय अवस्थी ज़ी को माँ शारदे का चित्र स्वयं बनाकर भेंट किया जो सराहनीय रहा सभी अध्यापकों / अध्यापिकाओं ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की व कला की सराहना की ह्यविद्यालय के प्रधानाचार्य ने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया कि आज का युवा, राष्ट्र के कल की स्थिति को आकार देता है, इसलिए युवाओं को पर्याप्त अवसर देकर उनकी शक्ति और क्षमता का उपयोग किया जाना चाहिए ह्य उसके उपरांत विक्रांत दीक्षित ने सम्बोधित करते हुए कहा युवा वर्ग को ज्ञान और कौशल दोनों में निपुण करने की आवश्यकता है, जिससे राष्ट्र का विकास हो सके ह्य इस अवसर पर अंग्रेजी प्रवक्ता व्यास मुनि दास ने भी समस्त विद्यालय को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र में कुल जनसंख्या का 20 से 30 प्रतिशत हिस्सा युवा ही होते हैं ह्य किसी भी राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा वर्ग का सर्वाधिक योगदान रहा है ह्य अर्थशास्त्र के प्रवक्ता शशांक दीक्षित ने युवाओं को जिम्मेदारी बताते हुए सभी को सम्बोधित करते हुए कविताओं के जरिए अपने विचारों को प्रस्तुत किया कहा कि राष्ट्र की प्रगति, प्राद्योगिकी स्वास्थ्य प्रबंधन और अन्य क्षेत्रों में विकास पर निर्भर होती है ह्य इन सभी को पूरा करने के लिए सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक आधार पर युवा शक्तिकरण आवश्यक है ह्य हिंदी दिवस की शुभ कामना के साथ कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य ने किया ह्य ÷जिससे हैं मैंने सपने बुने जिससे जुड़ी है मेरी आशा, जिससे है,मुझे पहचान बनी वो है मेरी हिंदी भाषा ह्य इस अवसर पर हिंदी प्रवक्ता सुधीर अवस्थी, शिपेंद्र शर्मा, नमन वर्मा, करन सिंह,स्मिता शाह, अर्चना शाक्य एवं समस्त आर एन परिवार व शिक्षक / शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

# ब्लॉक संसाधन केंद्र पर समेतिक शिक्षा के अंतर्गत गोष्ठी का हुआ कार्यक्रम

* बच्चों के बेहतर भविष्य गढ़ने के बारे में अभिवावकों को दिए गए टिप्स

जन एक्सप्रेस । अनुज गुप्ता



**भीरा/बिजुआ-खीरी।** ब्लॉक बिजुआ में शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक संसाधन केंद्र पर समेतिक शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिवावकों की परामर्श गोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के कई दिव्यांग बच्चे व उनके अभिवावकों ने भाग लिया। इस गोष्ठी का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव की अध्यक्षता में किया गया जहां पर दिव्यांग बच्चों और उनके अभिवावकों को बुलाकर बच्चों में फैलने वाली हीन भावना, विकास तथा उनके अंदर छिपी कला को निखारने के बारे में अभिवावकों को बताया गया साथ ही यह भी बताया गया कि दिव्यांग बच्चों के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार अग्रसित है। इसलिए आप लोग भी बच्चों के सुंदर भविष्य के लिए सहयोग करें और उनको क्या दिक्कत है इस बारे में प्यार से जानने की कोशिश करें तभी निदान होगा। वहीं इसकी बाबत जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी ने देते हुए बताया कि यह पहली मीटिंग की गई है हमारा उद्देश्य विकलांग बच्चों में हीन भावना को खत्म करना और उनके अंदर छिपी कला को निखार कर उनके सुंदर भविष्य को गढ़ना है। आगे फिर 6 नवंबर को मीटिंग रखी गई है जिसके बारे में अभिवावकों को बता दिया गया है। इस दौरान विशेष शिक्षक कमलेश पांडेय जगदीश कुमार, सुबोध कुमार मिश्रा तथा दिव्यांग विकास, पवन, कशिश रामजी आदि तमाम बच्चे व अभिवावक मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बाइक की टक्कर से छात्रा गंभीर रूप से घायल



जन एक्सप्रेस/मोबीन अहमद/ सिंगाही खीरी। कस्बे के मेला मैदान में तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार छात्रा को मारी टक्कर,हादसे में छात्रा गम्भीर रूप से हुई घायल अस्पताल में भर्ती। आपको बता दें के सिंगाही थाना क्षेत्र के सिंगाही कस्बे में स्थित मेला मैदान में राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए जा रही साइकिल सवार छात्रा पायल को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी हादसे में साइकिल सवार छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर मौके पर पहुंची सिंगाही पुलिस ने घायल छात्रा को इलाज के लिए सीएचसी निघासन भेजा है।वहीं बाइक को कब्जे में लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### महिला को घायल कर लूटी गई भैंस तीन घंटे में बरामद

जन एक्सप्रेस/हरदोई। गांव दताचोली खुर्द में महिला को घायल कर बुधवार को तड़के पहर लूटी गई भैंस को पालीमुकीमपुर पुलिस ने तीन घंटे में ही बरामद कर लिया। पुलिस ने लुटेरे को भी दबोचा है, जो उसी गांव का था। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया। गांव दताचोली खुर्द निवासी नेकसी देवी पत्नी सूरजपाल सिंह बुधवार की तड़के पहर करीब तीन बजे अपने घर में मवेशियों के पास सोई थीं, तभी एक बदमाश उनके घेर में घुसा और भैंस खोलकर ले जाने लगा। नेकसी देवी की आंख खुल गई। उन्होंने शोर मचाने का प्रयास किया तो बदमाश ने उनके सिर पर डंडे से जोरदार प्रहार किया। इससे वह अचेत होकर वहीं गिर गईं। इसके बाद आरोपी भैंस लेकर भाग गया। कुछ देर बाद होश आने पर नेकसी देवी ने शोर मचाया तो ग्रामीण एकत्र हो गए।

### बोर्ड परीक्षा में गत वर्ष की तुलना में दस हजार विद्यार्थी कम

जन एक्सप्रेस/हरदोई। माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों की संख्या विगत वर्ष की तुलना में दस हजार कम हो गई। इस बार परीक्षा के लिए 95,621 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। विद्यार्थियों के पंजीकरण के बाद छात्र संख्या का सत्यापन किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद से संबद्ध 634 माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले हाईस्कूल और इंटर के विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया। विभागीय आंकड़ों के अनुसार इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए 95 हजार 621 विद्यार्थियों ने आवेदन किया हैं। इनमें हाईस्कूल के 54 हजार 459 और इंटर के 41 हजार 162 विद्यार्थी शामिल हैं। जो विगत वर्ष की तुलना में दस हजार 774 कम है। विगत वर्ष जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए एक लाख छह हजार 395 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से हाईस्कूल के 59 हजार 838 और इंटर के 46 हजार 857 विद्यार्थी शामिल थे।

### शाहजहांपुर में तनवीर खां तीसरी बार बने सपा जिलाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस/शाहजहांपुर। सपा के प्रांतीय नेतृत्व ने जिला कमेटी की घोषणा कर दी है। लोकसभा चुनाव नजदीक देखते हुए हर वर्ग के लोगों को संगठन में जगह दी गई है। कमेटी में आठ उपाध्यक्ष और 18 सचिव बनाए गए हैं। महासचिव रणंजय सिंह यादव पुरानी भूमिका में रहेंगे, जबकि कटरा निवासी मोहित गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। विधानसभा चुनाव के बाद सपा ने हर जिले की कमेटी को भंग कर दिया था। तनवीर खां पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भरोसा जताते हुए फिर से तीसरी बार जिले की कमान सौंपी। उसके बाद सभी की निगाहें जिला कमेटी पर लगी थीं। बृहस्पतिवार को प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कार्यकारिणी की सूची जारी की।

### खेत के विवाद में आरोपियों ने पीट-पीटकर मार डाला

जन एक्सप्रेस/शाहजहांपुर। मिर्जापुर थाना क्षेत्र में गांव कांकड़ कटा निवासी किसान रामशंकर (45) की हत्या कर दी गई। बृहस्पतिवार सुबह खेत के विवाद में कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने उन्हें लाठियों से बेरहमी से पीटा था। सूचना पर सीओ जलालाबाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। जानकारी के मुताबिक रामशंकर का पड़ोसी हरवीर सिंह से खेत को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। बुधवार को भी खेत में जानवर जाने को लेकर रामशंकर और हरवीर में गाली- गलौज हो गई थी। सुबह करीब 6:00 बजे दोनों पक्ष फिर किसी बात को लेकर आमने-सामने आ गए थे। आरोप है कि हरवीर पक्ष के लोगों ने रामशंकर को लाठियों से पीट-पीट कर बेदम कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रामशंकर को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### मालगाड़ी के आगे कूदकर युवक ने दी जान

जन एक्सप्रेस/शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार क्षेत्र में एक युवक ने मालगाड़ी के आगे कूदकर जान दे दी। बुधवार रात उसका शव रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। युवक की पहचान मोहल्ला रेलवे कॉलोनी निवासी सुजीत दिनकर (27) के तौर पर हुई। सुजीत का भाई अमित रेलवे के सिग्नल विभाग में कर्मचारी है। बुधवार रात में परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इससे नाराज होकर सुजीत घर से निकल आया और मकान के नजदीक रेलवे लाइन के पास जाकर डाउन लाइन पर आ रही ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी।

# वाद विवाद और निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप सिंह के दिशा निर्देशों के अनुपालन में एवं कुंभी ब्लॉक के नोडल/ प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल गणेशपुर सर्वेश सिंह के संयोजन में जनपद स्तरीय डॉ संपूर्णानंद एवं महीयसी महादेवी वर्मा के जीवन एवं कार्यवृत्त पर निबंध तथा वाद विवाद जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्थानीय कृषक समाज इंटर कॉलेज में हुआ। दोनों प्रतियोगिताओं में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गुलफ्शा जिला पंचायत इंटर कॉलेज बिजुआ , द्वितीय स्थान तनु त्रिवेदी कुंवर खुश वक्त राय बालिका इंटर कॉलेज लखीमपुर और तृतीय स्थान तैयब खान राजकीय हाई स्कूल गणेशपुर ने अर्जित किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुहानी सैनी कुंवर खुशवक्त राय बालिका इंटर कॉलेज लखीमपुर, द्वितीय स्थान शिफा कुरैशी कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला और तृतीय स्थान आस्था भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला खीरी ने अर्जित किया। दोनों प्रतियोगिताओं में कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला के हिंदी प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव ने सहव्यवस्थापक तथा जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार ने सहसंयोजन का उत्तरदायित्व का निर्वहन किया। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक एवं मूल्यांकन कार्य आरती देवी, अमितांशु शेखर एवं रामसनेही ने किया। कार्यक्रम के व्यवस्थापक एवम प्रधानाचार्य डॉ एल आर वर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र सिंह ने किया। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु अनंत प्रकाश सरोज, श्याम मूर्ति शुक्ला सहित विभिन्न विद्यालयों के तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।




# बार काउंसिल के आवाहन पर वकीलों ने उत्तर प्रदेश सरकार का फूंका पुतला

जन एक्सप्रेस । अख्तर अली

**निघासन खीरी।** बार काउंसिल के आवाहन पर हापुड़ में वकीलों पर पुलिस ने लाठी चार्ज की गई जिसमे कई वकील घायल हुए इस घटना के विरोध में बार काउंसिल आफ उत्तरप्रदेश ने बुधवार और गुरुवार को कार्य बहिष्कार का ऐलान किया था जिसके समर्थन में निघासन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सर्वेश कुमार गुप्ता ने वकीलों के साथ तहसील परिसर में उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका।साथ ही साथ यह भी कहा जैसा बार काउंसिल का दिशा निर्देश मिलता रहेगा उसके निर्देशों का पालन निघासन के वकील करते रहेंगे।इस दौरान संघ के संयुक्त मंत्री हरिओम बाथम कार्यकारिणी सदस्य मायाराम चौधरी शशिकांत पांडे सहित ब्रह्मप्रकाश श्रीवास्तव,रामफल जयसवाल, सुबोध कुमार पाण्डे,राम कृष्ण चतुर्वेदी, रमेश कुमार मौर्य, ओमप्रकाश अवस्थी, उमाकांत जयसवाल, जितेंद्र प्रताप, महताब खान, मयंक वर्मा, सोनेलाल,सर्वेश कुमार मिश्र, श्यामबाबू, मो लतीफ,मो इजहार, महेश पांडे, बशीर अहमद, रामप्रताप, आशीष कुमार कश्यप आदि वकील मौजूद रहे।

# दो बाईकों में हुई भीषण टक्कर बाइक सवार सहित मासूम घायल



जन एक्सप्रेस । भीरा-खीरी

लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर ग्रामपंचायत इटकुटी के समीप स्थित गुरुद्वारा के पास आमने सामने दो बाईकों में भीषण टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार और एक मासूम सहित गंभीर रूप से घायल हो गई जिनको ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा बिजुआ सीएचसी ले जाया गया। जहां पर घायलों स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बताते चलें मामला थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत इटकुटी के समीप हाइवे पर स्थित गुरुद्वारा के पास का है जहां पर राहुल निवासी इटकुटी अपनी बाइक से कुछ काम के चलते भीरा की ओर जा रहा था वहीं सामने से आ रहे बाइक सवार रवि पुत्र महेंद्र निवासी मोहम्मदी की आमने सामने भीषण टक्कर हो गई जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं रवि के साथ में बैठा व्यक्ति व एक मासूम बच्ची भी गंभीर रूप से घायल हो गई जिनको ग्रामीणों ने 108 की मदद से बिजुआ सीएचसी भिजवाया जहां पर डॉक्टरों ने उपचार करते हुए हालत गंभीर पर जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया है।



# गणेश महोत्सव की तैयारियां शुरू, हुआ भूमि पूजन ध्वजारोहण

जन एक्सप्रेस । बिजुआ- खीरी

श्री गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में 19 सितंबर से 25 सितंबर तक आयोजित होने वाले प्रथम गणेश महोत्सव के लिए बृहस्पतिवार को भूमि पूजन, ध्वज पूजन किया गया। जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में 19 सितंबर से 25 सितंबर तक आयोजित होने वाले प्रथम पांच दिवसीय श्री गणेश महोत्सव के लिए ग्राम पंचायत भैठिया में बृहस्पतिवार को पंडित राधेश्याम मिश्र ने वैदिक मंत्रों के साथ भूमि पूजन,ध्वज पूजन कराया।ग्राम पंचायत भैठिया में होने वाले प्रथम आयोजन को भव्यता के साथ मनाने के लिए सभी तैयारियां शुरू हो गई हैं।श्री गणेश के दिव्य दर्शनों के लिए भक्तों द्वारा गणेश चतुर्थी पर दरबार सजाया जाएगा।जहां पांचो दिन कलाकारों द्वारा रात्रि जागरण व सजीव झांकियां दिखाई जाएंगी। भूमि पूजन के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# युवराज दत्त महाविद्यालय में मनाया गया हिन्दी दिवस, की गई विचार गोष्ठी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




युवराज दत्त महाविद्यालय में हिन्दी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में विचार गोष्ठी तथा कविता पाठ का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 डॉ हेमंत कुमार पाल द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया।इसके पश्चात परास्नातक की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी तदुपरांत कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य महोदय तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करतल ध्वनि से किया गया।राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य सौरभ वर्मा ने संक्षेप में हिन्दी की सवैधानिक स्थिति पर प्रकाश डाला।बी. ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र दुर्गेश चमन द्वारा हिन्दी भाषा के महत्व को दर्शाती हुई कविता प्रस्तुत की गयी। महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो नीलम त्रिवेदी ने राष्ट्र के विकास हेतु हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालने के साथ-साथ स्वरचित कविता सुनायी। प्रो नूतन सिंह ने व्यक्तित्व निर्माण में साहित्य के प्रभाव को रेखांकित किया। सहायक आचार्य धर्म नारायण ने हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए कार्य कर रही संस्थाओं के विषय के छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। इसी क्रम में बी. ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा काशिफा ने केदारनाथ अग्रवाल की कविता वसंती हवा का सस्वर वाचन करके सभी का मन मोह लिया। महाविद्यालय के चीफ प्राक्टर प्रो. सुभाष चंद्रा ने हिन्दी भाषा में हो रहे नवीन प्रयोगों की ओर विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम के अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि हिन्दी राष्ट्र की आत्मा की अभिव्यक्ति है तथा महाविद्यालय हिन्दी के विकास के लिए कृतसंकल्प है।हिन्दी विभाग प्रभारी श्री देशराज जी ने हिन्दी विभाग द्वारा वर्ष भर चलने वाली गतिविधियों का खाका प्रस्तुत करने के साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।उक्त कार्यक्रम में प्रो. डी. के. सिंह, प्रो0 विशाल द्विवेदी, प्रो0 ज्योति पंत, डॉ डी. एन. मालपानी, डॉ. डॉ अमित ओ. पी. सिंह, डॉ विनोद कुमार सिंह, डॉ. मनोज कुमार, मोहम्मद आमिर रचित कुमार सिंह, विनयतोष गौतम के साथ भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एडीएम के फार्म हाउस पर मुनीम की धारदार हथियार से हुई हत्या

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



मंगलवार की रात थाना मैलानी क्षेत्र की पुलिस चौकी कुकुरा अंतर्गत आने वाले ग्राम ढाका के एक फार्म हाउस में मुनीम की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। यह फार्म हाउस अपर जिलाधिकारी प्रेम प्रकाश पाल पुत्र स्व रघुनाथ प्रसाद का बताया जाता है।जानकारी के अनुसार ग्राम कुकुरा निवासी आफाक 40 वर्ष पुत्र अफसर एडीएम के फार्म हाउस पर बतौर मुनीम कार्य करता था। बताते हैं मृतक ने अपनी पहली पत्नी को छोड़ दिया था और दूसरा विवाह हिंदू बिरादरी की लड़की पूनम के साथ किया था। मंगलवार की रात किन्हीं अज्ञात हमलावरों ने फार्म हाउस में घुसकर आफाक की धारदार हथियारों से हत्या कर दी। उसके शव को घसीट कर 50 मीटर दूर गन्ने के खेत में डाल दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कुकरा चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर , थाना अध्यक्ष मैलानी देवेंद्र कुमार गंगवार और गोला सी ओ प्रवीण कुमार यादव ने घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना किया और शव को सील कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के चाचा अतहर पुत्र अनवर ने तहरीर दी है। पूरे घटनाक्रम की छानबीन की जा रही है। चर्चा है कि पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है परंतु पुलिस किसी को हिरासत में लिए जाने की बात से इनकार कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला किसान का शव

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई जिले में संडीला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर आशू निवासी एक किसान सुबह अपने खेत पर गया था। देर शाम होने पर जब घर वापस नहीं आया, तो परिजन ढूंढने के लिए निकले। कुछ देर बाद संदिग्ध परिस्थियों में किसान का शव खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम रामपुर आशू निवासी अमर सिंह उर्फ छोटा (45) पुत्र स्वस्र राम भरोसे बुधवार सुबह अपने खेत पर जाने के लिए निकला था। देर शाम जब वह वापस नहीं आया, तो परिजन ढूंढने के लिए निकले। उसका शव उसके खेत से 500 मीटर की दूरी पर स्थित माधवबाग के कमरों के चबूतरे पर मिला। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

मृतक के पुत्र सूरज ने बताया कि शरीर पा चोट के निशान है। हमारी किसी से भी कोई दुश्मनी नहीं है...न ही किसी पर आरोप लगा रह, लेकिन पिता की हत्या हुई है। खेती किसानी कर जीवन यापन करते थे। परिवार में मां रूपा, दो पुत्री और चार पुत्र हैं। कोतवाल नित्यानंद सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# चीनी एवं खांडसारी उद्योग से जुड़े व्यापारी शासन से टैक्स में राहत की मांग पर शासन ने लिया निर्णय

जन एक्सप्रेस । शाजिफ हुसैन



**लखीमपुर खीरी।** बीते काफी समय से चीनी एवं खांडसारी उद्योग से जुड़े व्यापारी शासन से टैक्स में राहत देने की मांग कर रहे थे।व्यापारियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश सरकार ने इस दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में मंडी शुल्क को दो प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत कर दिया है।गुड़ एवं खांडसारी बनाने वाली लघु उद्योग इकाईयों को चीनी वर्ष 2022-2023 के लिए समाधान योजना के दायरे में लाया गया है।इसे लागू करने के लिए मंडी कानून, 1964 में संशोधन कर चीनी वर्ष 2022-2023 के दौरान समाधान योजना लागू करते हुए मौजूदा मंडी शुल्क 2 प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत कर दिया गया है। ज्ञात हो कि इस फैसले से न सिर्फ गुड़ एवं खांडसारी उद्योग से जुड़े व्यापारियों को राहत मिलेगी, बल्कि किसानों व ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े मजदूरों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा।शासन के इस फैसले का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश गुड़ एवं खांडसारी मैन्युफैक्चर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री कार्यालय पर योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर कर प्रदेश सरकार के फैसले की सराहना की। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार सदैव ही व्यापारियों के हित में फैसले लेती आई है। कैबिनेट के इस महत्वपूर्ण फैसले से व्यापारियों के साथ ही किसानों को भी समुचित लाभ मिलेगा। वहीं प्रदेश के मुखिया ने व्यापारियों के हित में आगे भी महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया है। व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से सोम प्रकाश अग्रवाल, वेद अग्रवाल, डॉक्टर आदित्य पुरवार, सनुज गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, रजत अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने कान्हा गौशाला सरसौखी व गौशाला चमारी का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को कान्हा गौशाला सरसौखी व गौशाला चमारी का औचक निरीक्षण किया। साथ ही अव्यवस्था मिलने पर संबंधित अधिकारियों की फटकार लगाकर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पम्प हाउस के स्थान पर दवाई मिली, जबकि कान्हा गौशाला में पशु अस्पताल में दवाइयां का रखरखाव होना चाहिए। गौवंशों के उपचार के लिए दवाइयां का रखरखाव सही न मिलने पर पशुधन प्रसार अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। साथ ही निर्देशित किया कि गौवंशो के उपचार के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध रहें और बीमार गौवंशों को समय रहते उपचार दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने गौवंशों के लिए भूसा, हरा चारा, पानी, सफाई आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कान्हा गौशाला में 239 गौवंश संरक्षित होना बताया गया। उन्होंने गौशाला में गोवंश के भरण पोषण के लिए भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे और हरा चारा की उपलब्धता किये जाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत गौशाला चमारी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में 616 गोवंश संरक्षित होना बताया गया, गौशाला में गंदगी व चारे की गुणवत्ता देख नाराजगी जाहिर की संबंधित को चेतावनी देते हुए कहा कि तत्काल प्रभाव से मशीन लगाकर कीचड़ साफ किया जाए। साथ ही पर्याप्त मात्रा में भूसा व हरा चारा व पानी उपलब्ध रहे। गोवंशों के संरक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने गोवंशों के टीकाकरण व बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए समय-समय पर परीक्षण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, ईओ विमलापति, नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि विजय चौधरी, ग्राम चमारी के प्रधान सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के कन्हैया गेस्ट हाउस के पास डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में रामबिहारी की मौत हो गई, जबकि उसका पुत्र आशीष घायल हो गया। जालौन नगर के छोटी मातामंदिर के पास रहने वाले आशीष कुमार वर्मा अपने पिता रामबिहारी वर्मा (55) पुत्र गोरे लाल के साथ बाइक से दूध डेरी पर देने के लिए जा रहा था। जब वह नगर के कन्हैया गेस्ट हाउस के पास पहुंचा। तभी तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार पिता-पुत्र उछलकर सड़क पर जा गिरे। वहीं टक्कर के बाद डंपर चालक सड़क पर पड़े रामबिहारी वर्मा को रौंदता हुआ आगे बढ़ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पुत्र को मामूली चोट आई। घटना देख मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जिसे देखकर चालक डंपर छोड़कर मौके से भाग गया। वहीं इस दर्दनाक हादसे की जानकारी पुलिस को हुई मौके पर पहुंची और पिता-पुत्र को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन लेकर आई, मगर चिकित्सकों ने रामबिहारी को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके पुत्र आशीष का इलाज किया जा रहा हैं। इस घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे, जिनकी हालत रो-रो कर बुरी है। वहीं पुलिस ने राम बिहारी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 'त्रिनेत्र' के तहत मुठभेड़ में दो अंतर्जनपदीय टप्पेबाज गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**जन एक्सप्रेस । उरई**

**एसओजी, सर्विलांस व थाना पुलिस को मिली सफलता, कई राउंड हुई फायरिंग में दोनों बदमाश घायल**



एसपी के निर्देशन पर ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसमें संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद अंतर्जनपदीय टप्पेबाज गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस के बचाव में की गई कई राउंड फायरिंग में पैर में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

कालपी क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेन्द्र पचौरी ने बताया कि विगत कई दिनों से कदौरा व कालपी क्षेत्र में लोगों के साथ टप्पेबाजी की घटनाएं घटित हुई थी। जिसकी शिकायते लेकर फरियादी थाने में आ रहे थे, और उनके द्वारा बताया गया कि बाइक सवार युवक अपना रिश्तेदार बताकर उनके जेब और बैग से रुपए जेवरात उड़ा दे रहे है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ईरज राजा द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गये थे, और खुलासे के लिए टीमें भी लगाई गई थी। जिसको लेकर कदौरा थाना पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरा की मदद से टप्पेबाज बदमाशों की तलाश में लगी हुई थी। गुरुवार को ऑपरेशन त्रिनेत्र चलाने में लगी संयुक्त टीम को मुखबिर ने टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देने वाले अंतर्जनपदीय बदमाशों की सूचना दी। सूचना मिलते ही टीम ने मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश डाल दी और हरचंदपुर रोड पर नाकाबंदी कर दी, और बाइक सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस को देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने भी बचाव करते हुए जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। कई राउंड जवाबी फायरिंग में बाइक सवार दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। जिससे दोनों घायल हो गए, और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूंछतांछ के दौरान घायल बदमाशों ने अपने नाम राजू कंजर पुत्र बदरी निवासी बदनपुर नारायणपुर थाना कोतवाली औरैया व दूसरे ने रमेंद्र उर्फ रविंद्र कंजर पुत्र श्यामलाल निवासी पांडेताला सुजानपुर थाना ललौली फतेहपुर बताया। इस दौरान पुलिस ने बदमाशों के पास से दो तमंचे व तीन जिंदा कारतूस, दो खोखा, 47 सौ रुपए नगद और बाइक बरामद की। वहीं गोली लगने से घायल दोनों बदमाशों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# डीएम ने जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक की

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जल जीवन मिशन की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। साथ ही प्रगति कार्य में लापरवाही बरतने वाली ऐजेन्सियों पर कड़ी नाराजगी जाहिर कर, ब्लैक लिस्ट करने की चेतावनी दी।

उन्होने समस्त कंट्रेक्टिंग ऐजेन्सियों को अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिये। साथ ही मजदूरों की संख्या बढ़ाकर तीव्र गति से समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराये। उन्होने जीवीपीआर ऐजेन्सी के सलाग्राम समूह, पाईप पेयजल योजना की प्रगति अत्यधिक धीमी होने पर नाराजगी जाहिर की। कहा कि समस्त 212 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने पर संबंधित ऐजेन्सी के विरूद्व कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। कंट्रक्टिंग ऐजेन्सी बीजीसीसी के तहत 256 भूजल आधारित तथा सतही स्त्रोत आधारित कोटा, रामपुरा एवं मधेपुरा स्कीम के सभी कम्पोनेटस के कार्यो की प्रगति निराशजनक होने पर कड़ी फटकार लगायी। उन्होने बीजीसीसी व एसजीएम को निर्देशित करते हुये कहा कि सरकार के मंशानुरूप सभी 662 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि एक सप्ताह के अन्दर कार्य की प्रगति में तेजी लायी जाये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होने समस्त कार्यो की गुणवत्ता मानक के अनुरूप हो, प्रभावी परीक्षण हेतु जल निगम एवं टीपीआई को निर्देशित किया। बैठक में एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, अधिशाषी अभियन्ता व सहायक अभियन्ता जल निगम सिविल, कंट्रेक्टिंग ऐजेन्सियों के डीपीएम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्य कर विभाग ने शिविर लगाकर बताए जीएसटी के फायदे

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने विभागीय असिस्टेंट कमिश्नर की अध्यक्षता व व्यापारियों एवं उद्यमियों की मौजूदगी में शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर जीएसटी में कारोबारी का पंजीयन कराए जाने के लिए जागरुक कर, उसकी खूबियों को बताया।

नगर पालिका कालपी के सभागार में आयोजित बैठक में राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त भरत लाल ने बताया कि जो भी व्यापारी जीएसटी में पंजीकृत होता है, अगर किसी दुर्घटना में असमय मृत्यु हो जाती है तो 10 लाख रुपए का बीमा सहायता राशि प्रदान की जाती है। असिस्टेंट कमिश्नर अजय श्रीवास ने बताया कि हम दो पक्ष हैं, एक पक्ष व्यापारी दूसरा पक्ष राज्य सेवा कर अधिकारी है। उन्होंने व्यापारियों को जीएसटी रिटर्न भरने की जानकारियां दी। गोष्ठी का संचालन करते हुए वाणिज्य कर अधिकारी अफजल हुसैन ने बताया कि पिछले महीने इटौरा की एक फार्म का 5 दिन पहले रजिस्ट्रेशन हुआ था। पंजीकृत व्यापारी लोकेंद्र सिंह का दुर्घटना में निधन होने पर एक महीने के अंदर वाणिज्य कर विभाग ने 10 लाख रुपए बीमा की सहायता दी है। इस मौके पर हाथ कागज निर्माता व व्यापारियों की जीएसटी संबंधी कई समस्याओं के निदान करने की मांग उठाई। असिस्टेंट कमिश्नर भरत लाल एवं विभागीय अधिकारियों ने पंजीकृत व्यापारियों को वाणिज्य कर विभाग का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर देवीशरण, आलोक मिश्रा, विवेक पटेरिया, हरभूषण सिंह एकाउंटेंट, नरेंद्र कुमार तिवारी सलीम, विनीत गुप्ता, मनीष बंसल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा की मौत

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र में बंगरा रोड़ पर तेज रफ्तार कार ने सुल्तानपुरा के पास बीए द्वितीय की छात्रा को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुरा निवासी किसान विनोद सिंह की 19 वर्षीय पुत्री राखी स्व. वहादुर सिंह डिग्री कालेज में बीए द्वितीय की छात्रा थी। जो गुरुवार की सुबह अपनी सहेली छमा व रिया के साथ सेमिस्टर के समाज शास्त्र की परीक्षा देने के लिए सुबह घर से निकली थी। तभी तीनों छात्राएं रोड के किनारे बैठी बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान बंगरा की ओर से तेज रफ्तार काले रंग की कार ने दूसरी दिशा में बैठी छात्रा राखी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छात्रा व गाड़ी का वंम्फर गहरे गड्ढे में जा गिरे। शोरगुल सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए।

## नगर पालिका कालपी में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा क्रांतिकारियों को याद कर, नमन किया गया। नगर पालिका पार्क में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए पालिकाध्यक्ष ने कहा कि भारत को आजाद करने में हमारे देश के क्रांतिकारियों ने बहुत ही योगदान दिया है। जिसे हम सब नमन करते हैं। इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करके देश की मिट्टी को नमन किया। अधिशाषी अधिकारी वेद प्रकाश यादव ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के घरों से मिट्टी तथा चावल को एकत्रित करके कलश में रखा जाएगा। इसके उपरांत स्वंय सहायता समूह से जुड़े लोगों को माटी भरे कलश के साथ झांसी रवाना किया जाएगा। झांसी में मंडल स्तर की मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सफाई निरीक्षक सुनील कुमार राजपूत, एकाउंटेंट हरभूषण सिंह चौहान, राजस्व निरीक्षक राम भवन सिंह की मौजूद रहे।

## साक्षात्कार 29 एवं 30 सितंबर 2023 को

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** उपायुक्त उद्योग ने बताया है कि एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, देवरिया द्वारा आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। विभिन्न ट्रेडों (सजावटी उत्पाद, कढ़ाई-बुनाई सम्बन्धित उत्पाद एवं रेडिमेड गारमेन्ट) का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी जो कि इस जनपद के स्थाई निवासी हों तथा उनकी उम्र 18 वर्ष से कम न हो।

# हिंदी दुनिया में बोली जाने वाली तीसरी बड़ी भाषा है: डॉ पवन

**जन एक्सप्रेस । भाटपार रानी, देवरिया**

मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज के उपाध्यक्ष डॉ पवन कुमार राय ने कहा कि हिंदी भारत में सबसे अधिक लोगों के द्वारा बोली और समझी जाने वाली भाषा है। बीतते समय के साथ इसकी लोकप्रियता और बढ़ती जा रही है। 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने जनभाषा हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया। उक्त बातें डॉ राय गुरुवार को मालवीय संस्थान के स्मार्ट क्लास में आयोजित ÷भूमंडलीकरण के दौर में हिंदी भाषा की प्रासंगिकता÷ नमक गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में हिंदी भाषा तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। प्रोफेसर कमलेश नारायण मिश्र ने भूमंडलीकरण के दौर में हिंदी भाषा की प्रासंगिकता पर अपना पक्ष रखा।

डॉ दिनेश शर्मा ने भारत की भाषाई विविधता पर प्रकाश डालते हुए चरणबद्ध तरीके से सहमत एवं प्रेम भाव से हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने की बात कही। डॉ जय सिंह यादव ने अपने वक्तव्य में हिंदी को सरल व्यावहारिक और समयानुकूल बनाने पर जोर दी। अध्यक्षीय संबोधन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सतीश चंद्र गौड़ ने हिंदी भाषा के साथ आने वाली चुनौतियां एवं उसकी निदान पर अपना विचार विस्तार पूर्वक रखा।संचालन विभागाध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने की।

# प्रत्येक ब्लॉक में बनेंगे एक-एक ग्रामीण स्टेडियम

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**




जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट स्थित सभागार में युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तावित प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम निर्माण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को अपने-अपने तहसील क्षेत्र में आने वाले ब्लॉकों में न्यूनतम तीन एकड़ भूमि स्टेडियम के लिए चिन्हित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में स्टेडियम बनने से बालक-बालिकाओं में खेल के प्रति रुचि पैदा होगी और उनके प्रतिभा के विकास में सहायता मिलेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित ग्रामीण स्टेडियम में मल्टीपरपज हॉल का निर्माण होगा जिसमें इंडोर गेम्स की सुविधा जैसे कुश्ती, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, वेटलिफ्टिंग इत्यादि की सुविधा उपलब्ध होगी। आउटडोर खेलों में रनिंग ट्रेक का निर्माण किया जाएगा।

विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण के लिए कोच की नियुक्ति भी की जाएगी। उसके अतिरिक्त ओपन एयर जिम का भी प्रावधान है जहां युवा व्यायाम कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी 16 ब्लॉकों में एक-एक ग्रामीण स्टेडियम खोलने का प्रस्ताव है जिसमें से भटनी ब्लॉक में सल्लहपुर, सदर ब्लॉक में सरौली, गौरी बाजार ब्लॉक में अवधपुर तथा तरकुलवा ब्लॉक में भिसवा में निर्विवादित भूमि चिन्हित हो चुकी है। शेष 12 ब्लॉकों में एक माह के भीतर भूमि चिन्हित करके अवगत कराया जाए। बैठक में एसडीम रुद्रपुर विपिन द्विवेदी, एसडीएम बरहज अवधेश कुमार निगम, एसडीएम सलेमपुर सीमा पांडेय, जिला युवा कल्याण अधिकारी नीतीश राय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण आरके सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# देवरिया: दो दिवसीय निपुण असेसमेंट टेस्ट सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । भटनी, देवरिया**

जनपद के परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में 13 व 14 सितंबर को निपुण असेसमेंट टेस्ट का आयोजन किया गया। बुधवार को सुबह 8.50 से 10.20 बजे तक होने वाली परीक्षा में कक्षा एक से तीन तक के विद्यार्थी एवं बृहस्पतिवार को इसी समय में कक्षा चार से आठवीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए।

खास बात यह है कि प्रश्न पत्रों का जवाब परीक्षार्थी ओएमआर शीट पर दिये। इसके लिए प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट पहले ही बीआरसी पर परियोजना कार्यालय स्तर से भेज दी गई थी। परीक्षा के लिए कक्षा एक से तीन तक में पांच बच्चों पर एक प्रश्नपत्र एवं आठ विद्यार्थियों पर एक ओएमआर शीट निर्धारित की गई थी एवं शिक्षक स्वयं प्रश्न पूछकर खुद ही ओएमआर शीट भरा गया। जबकि कक्षा चार से आठवीं तक सभी छात्रों को ओएमआर शीट दी गई । नैट को लेकर अधिकारी गंभीर रवैया अपना रहे हैं।

इधर इन दो दिनों के लिए आए अवकाश के आवेदनों को निरस्त कर दिया गया था। इसमें कुछ खंड शिक्षाधिकारी व कुछ शिक्षकों के भी आवेदन शामिल थे। परीक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से संपन्न हुई ।नकल रोकने के लिये दस्ते के रूप में दिनभर अधिकारी दौड़ते नजर आए उधर अध्यापक भी पूरी मुस्तेदी से व्यवस्था में ड्यूटी रहे पर्यवेक्षक बने। अध्यापकों ने कड़ाई से नियमो का पालन कराया तथा समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे।

# जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ने परिषदीय विद्यालयों में पहुँच कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों का किया बौद्धिक परीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चरखारी/महोबा**

कक्षा 1 से 8 तक के परिषदीय विद्यालयों में निपुण असिस्मेंट टेस्ट गुरूवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी तथा टेस्ट सम्पन्न हुआ। दूसरे चरण में कक्षा 4 से 8 तक बच्चों ने सभी परिषदीय विद्यालयों में नवीन रूचि और उत्साह के साथ परीक्षा में प्रतिभाग किया।

बताते चलें कि प्रदेश के सभी प्राथमिक उच्च, प्राथमिक कम्पोजिट व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का निपुण असिस्मेंट टेस्ट के तहत कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों का टेस्ट शासन के निर्देश पर कराया गया जिसमें प्रथम चरण में कक्षा 1 से 3 तक तथा दूसरे चरण में कक्षा 4 से 8 तक बच्चों का टेस्ट ओएमआर शीट के माध्यम हुआ। निपुण असिस्मेंट टेस्ट के आयोजन के लिए जिलाधिकारी महोबा मृदुल चैधरी की अध्यक्षता में गठित टीम में बीएसए अजय कुमार मिश्र सहित नोडल अधिकारी के रूप में मुख्य एबीएसए राजेश कुमार त्रिपाठी, एबीएसए महोबा गौरव शुक्ला, प्रवेश बाजपेयी जैतपुर, शैलेश कुमार त्रिपाठी, अवनीश कुमार यादव कबरई तथा प्रीति राजपूत चरखारी निगरानी के रूप में तैनात किए गए।

एबीएसए चरखारी प्रीति राजपूत तथा प्रशिक्षण गुणवत्ता जिला समन्वयक प्रवीन वर्मा ने चरखारी विकास खण्ड के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय रिवई, पूर्व माध्यमिक पूंछा, कन्या पूर्व माध्यमिक रूपनगर, कन्या पूर्व माध्यमिक जयंती देवी चरखारी व प्राथमिक विद्यालय पीलीकोठी का निरीक्षण किया तथा संचालित परीक्षाओं में बच्चों को ओएमआर के माध्यम से ली जा रही परीक्षा के संबंध में जानकारी दी।

इस दौरान प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, फिरदौस खातून, रागिनी मिश्रा, परवीन जहां, पुष्पलता खरेला, निखत जवीं, अनिल कुमार, राजकुमार दिहुलिया, पूजा सिंह, सुनील खरे मौजूद रहे। जिला समन्वयक श्री वर्मा ने बताया कि स्कूलों के बच्चे अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तरह ओएमआर शीट पर परीक्षा देंगे जिसका लाभ बच्चों को भविष्य में प्राप्त होगा तथा बच्चे प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में भी निपुण होंगे। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 90767 बच्चे अध्ययनरत है जिसमें पनवाड़ी ब्लाक में 16668, जैतपुर में 18957, कबरई में 35667, महोबा नगर में 1749 व चरखारी में 17726 बच्चे पंजीकृत हैं।

# कम्प्यूटर प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



सरस्वती विद्या मंदिर इं0का0 महोबा मे विद्या भारती कानपुर प्रांत का कम्प्यूटर प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक मा0 आत्मानंद तथा सम्भाग निरीक्षक शिवकरन तथा प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण वर्ग मे कानपुर, फर्रूखाबाद, कन्नौज, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट झांसी ललितपुर फतेहपुर तथा महोबा सहित अनेक जनपदो के सरस्वती शिशु मंदिर तथा विद्या मंदिरो के आचार्यो ने कम्प्यूटर का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम मे प्रदेश निरीक्षक आत्मानंद ने आचार्यो को बताया कि आज के भौतिक युग मे कम्प्यूटर के ज्ञान के बिना हम सब अधूरे है अतः आज के विद्यार्थी को कम्प्यूटर का ज्ञान होना अति आवश्यक हैं। उन्होने कम्प्यूटर की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यालय मे कम्प्यूटरीकृत शिक्षा अति आवश्यक हैं सम्भाग निरीक्षक व शिक्षक ने भी कम्प्यूटर शिक्षा को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया है। प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने सभी आगंतुको का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संगीताचार्य पं0 जगप्रसाद तिवारी ने किया।

# सभी विभागाध्यक्ष अपने दायित्वों का निर्वहन लगन निष्ठा के साथ करें: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी नें बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, पशुपालन, पंचायती राज, पर्यटन, समाज कल्याण, पूर्ति तथा ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी नें बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त परिषदीय स्कूलों में जर्जर भवन का कायाकल्प कराएं तथा सभी विद्यालयों में शौचालय, लाइट, पानी की व्यवस्था जरूर होनी चाहिए, अगर किसी स्कूल में व्यवस्था नहीं है तो सर्वे कराकर तत्काल कार्य शुरू कराएं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को दिसंबर 2023 तक निपुण प्रदेश बनना है। शिक्षा के स्तर में हम जिले में नंबर एक पर रहे यही कोशिश होनी चाहिए। 90 प्रतिशत स्कूलों का कायाकल्प हो चुका है शेष जो भी स्कूल बचे है उन पर भी कार्य शुरू कराएं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में खेल मैदान, ओपन जिम तथा दिव्यांग शौचालय भी बनवाये जाएँ।

बच्चों को नई शिक्षा नीति से पढ़ाई कराई जाए तथा हफ्ते में एक बार बच्चों का टेस्ट जरूर कराएं। उन्होंने जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सफाई कर्मी रोज स्कूल के अंदर साफ-सफाई करें और उनकी मॉनिटरिंग करी जाए। उन्होंने कहा कि 25 सितंबर से 02 अक्टूबर तक अभियान चलाकर नशे से मुक्त देश बनाना है। और कहा कि आबकारी विभाग अभियान चलाकर अवैध कच्ची शराब पकडे तथा नस्ट करें तथा पुलिस विभाग अन्य मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाए तथा ऐसा कार्य करने वालों पर कार्यवाही करें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें और जो भी कमियां वहां मिलें उनको दूर कराएं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी, औषधि निरीक्षक आशुतोष चौबे सहित सभी सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

## सरकार द्वारा पुलिस प्रशासन पर कोई कार्रवाई न किए जाने से अधिवक्ताओं में दिखा आक्रोश

**जन एक्सप्रेस । मिल्कीपुर -अयोध्या**



हापुड़ की घटना के बाद से अधिवक्ताओं का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है बार एसोसिएशन मिल्कीपुर तहसील के अधिवक्ताओं का हड़ताल 16वें दिन भी जारी रहा।

अधिवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला फूंक कर तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पैदल मार्च करते हुए पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए सैकड़ो अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। विगत दिनों हापुड़ के अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बरतापूर्वक किए गए लाठी चार्ज और अधिवक्ताओं पर दर्ज किए गए फर्जी मुकदमा से प्रदेश के सभी अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। हापुड़ की घटित घटना से अब तक सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। इसी कड़ी में धरना प्रदर्शन के आज 16 वें दिन मिल्कीपुर तहसील के अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का पुतला फूंका।

अध्यक्ष पवन शुक्ला ने बताया कि बार काउंसिल के आवाहन पर अधिवक्ताओं ने प्रदेश भर में हड़ताल जारी रखा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार हापुड़ पुलिस प्रशासन पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा हैं, जब तक सरकार द्वारा दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही व स्थानांतरण नहीं किया जाएगा तब तक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा।

इतना ही नहीं होना यह भी बताया कि सरकार के इशारे पर ही अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया गया और उल्टे अधिवक्ताओं पर मुकदमा भी दर्ज किया गया है। बार काउंसिल जो भी निर्णय लेगा इस पर हम अधिवक्ता लोग कायम भी करेंगे। सुबह 10:00 बजे से ही क्षेत्र के लोग अपने कार्यों को कराने के लिए तहसील व रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे लेकिन अधिवक्ताओं के आक्रोश के चलते तहसील तथा रजिस्ट्री कार्यालय में कोई कार्य नहीं हुआ जिससे सरकार का काफी राजस्व का नुकसान भी हुआ वहीं क्षेत्र की जनता भी परेशान नजर आई।

इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष शिवराज तिवारी, बृजेश मिश्रा, राजेन्द्र चौरसिया, महेंद्र प्रताप सिंह, अमित मिश्रा, अमरजीत सिंह, लालू तिवारी, स्वामीनाथ उपाध्याय, दयानंद पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, खुशीराम पाण्डेय, अशोक श्रीवास्तव, दिनेश कांत यादव, पहलाद तिवारी, जितेंद्र सिंह, बृजेश पाण्डेय शंभू नाथ तिवारी, अभय शंकर त्रिवेदी सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पूरी दुनिया के लिए भारत आज पथ प्रदर्शक बना हुआ है: सांसद लल्लू सिंह

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



मिल्कीपुर विधानसभा के तरौली कुचेरा बाजार में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने घरों से कलश में मिट्टी एकत्र की। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर आयोजक कार्यकताओं द्वारा सांसद का स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए तथा उसे बाद भारत माता के गौरव के लिए देश के अनेकों वीरों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। मेरी माटी मेरा देश अभियान क्रांतिकारियों व शहीदों के विचारों को आत्मसात करते हुए उनके संकल्पों सार्थक करने हेतु अपना योगदान देने के प्रति जागरुकता फैलाने का कार्य कर रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाया गया यह कार्यक्रम देश के अमर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के साथ सशक्त, समर्थ और शक्तिशाली भारत के निर्माण में भी सहायक होगा। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पूरी दुनिया के लिए भारत आज पथ प्रदर्शक बना हुआ है। देश में युवाओं को नए अवसर मिले है। किसान समृद्ध हुए है। गरीबों के जीवन में सुधार हुआ है। सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किये है। देश विकसित बनने की ओर अग्रसर है।कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष कमला शंकर पाण्डेय, अर्जुन सिंह, जिपंस बब्लू पासी, अशोक मिश्र सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय कार्यशाला का महाविद्यालय प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग तथा लखनऊ के डीएनए एवं साइटोजन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर द्वारा संयुक्त रूप से डीएनए फिंगरप्रिंटिंग विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया।

जानकारी के अनुसार 14 सितंबर को एमएलके पीज कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग के सभागार कक्ष में आयोजित किया जा रहे तीन दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिन कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं पूरे मानोवैज्ञानिक ढंग से लगकर कार्यशाला में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के समन्वक एवं विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार ने कार्यशाला के विषय वस्तु के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यशाला को विशेषज्ञ डी0एन0ए0 एवं साइटोजीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डायरेक्टर सुजीत कुमार सिंह ने कार्यशाला में 3 दिन होने वाले समस्त गतिविधियों को छात्र छात्राओं को बताया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में ही प्राणी विज्ञान विभाग के पूर्व छात्र इरफान अली को सीएसआईआर जेआरएफ क्वालीफाई करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ0 सतगुरु प्रकाश ने समस्त अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। संचालन डॉ. आनंद बाजपेई ने किया। इस अवसर पर डॉ. आकांक्षा त्रिपाठी, डॉ. कमलेश कुमार, मानसी पटेल, डॉ. आरबी त्रिपाठी, अल्पना परमार, संतोष कुमार व वर्षा सिंह सहित जंतु विज्ञान के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जनपद न्यायालय सभागार में हिंदी दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** गुरुवार को जनपद न्यायालय सभागार में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार झा द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितंबर को प्रति वर्ष हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी को अधिकारिक भाषा के रूप में स्थापित करने में अथक प्रयास किये जा रहे हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी है। हिन्दी भाषा पूरी दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। भारत बहुत सी भाषाएँ बोली जाती है लेकिन हिन्दी राष्ट्र को जोड़ने का काम करती है। हिन्दी सरल भाषा है जिसका उपयोग हमें अपने दैनिक जीवन में लिखने-पढ़ने में करना चाहिए।

# हिंदी दिवस के अवसर पर बाल कवि सम्मेलन का आयोजन

✱ **छात्र-छात्राओं ने निजी तथा विभिन्न कवियों की कविताओं के माध्यम से बिखेरी छटा**

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बाल कबि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभा किया। जानकारी के अनुसार 14 सितंबर को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। विद्यालय के कक्षा 5 से लेकर कक्षा 12 तक के 15 विद्यार्थी कवियों ने स्वरचित एवं हिंदी साहित्यकारों की विभिन्न कृतियों पर सस्वर कविता पाठ किया। हिंदी दिवस के अवसर पर इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हिंदी संभाग द्वारा किया गया। हिंदी विभाग के द्वारा विद्यालय मे भारतेंदु युग छायावाद युग और आधुनिक युग के प्रख्यात साहित्यकारों के जीवन परिचय एवं उनकी कृतियों के साथ बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया। आज के इस बाल कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति की निर्देशिका सुजाता आनंद एवं निदेशक सुयश कुमार रहे।

कार्यक्रम का आरंभ मां शारदे एवं हिंदी साहित्य के मूर्धन्य साहित्यकार राजेंद्र सिंह के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। तदुपरान्त मां शारदे के चित्र के समक्ष दिव्य ज्योति को मुख्य अतिथियों के साथ विद्यालय प्राचार्य आसिम रूमी व समन्वयक राजेश जयसवाल द्वारा सामूहिक रूप से प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में प्राचार्य आसिम रूमी द्वारा हिंदी दिवस पर हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की शुभारंभ की औपचारिक घोषणा की गई। विद्यालय अध्यापक अखिलेश तिवारी ने सरस्वती वंदना के साथ अपनी काव्य रचना का पाठ किया।विद्यालय अध्यापिका कंचन मिश्रा ने भी अपनी कविता का पाठ किया। कार्यक्रम की शुरुआत मे कक्षा 6 के युवराज सिंह के द्वारा रचनाकार पीयूष मिश्रा के वेशभूषा में आरंभ है प्रचंड..पर सस्वर प्रचंड पाठ किया गया। महादेवी वर्मा की प्रतिरूप में आरोही शर्मा ने स्वप्न में रखा आस्था.. और जयशंकर प्रसाद के प्रतिरूप में अमोघ पांडे ने विमल इंदु की विशाल किरणें.. पर कविता पाठ किया। हिमांशु त्रिपाठी ने रश्मिरथी का भावपूर्ण पाठ किया। इसी क्रम में विद्यालय के समन्वयक राजेश जायसवाल में अपने संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें काव्य एवं वाचन परंपरा से परिचित करवाते हुए इसे संप्रेषण का सबसे सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए हिंदी विभाग के संजय सिंह तोमर, कंचन मिश्रा, विभा मिश्रा एवं त्रिशला को विशेष धन्यवाद दिया।

समन्वयक आफाक हुसैन ने भी अपने संबोधन में हिंदी की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि हिन्दी मानव में चरित्र का निर्माण करती है इसके साथ-साथ उन्होंने काव्य पाठ भी किया जो बच्चों ने बहुत सराहा। इसी क्रम में कक्षा 8 से लेकर 12 तक के बच्चों ने काव्य पाठ करके शमा बांध दिया। वीरभद्र त्रिपाठी, मनकीरत, अनुशिका सिंह, सिद्दिता सिंह, प्रियांशी, रितिशा उपाध्याय, अनुप्रिया, विद्या भूषण, निधि पटेल, हर्षित शुक्ला, विदुषी पाठक, ज्योति गुप्ता ने अपनी अपनी काव्य रचनाओं का ससुर वाचन विभिन्न कवियों की तर्ज पर किया, जिसे सुनकर सभी विद्यार्थी झूम उठे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति एवं प्रशिक्षण प्रदाताओं की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन अन्तर्गत 2023-24 के लक्ष्य आवंटन हेतु जिला कौशल समिति एवं प्रशिक्षण प्रदाताओं की आहूत बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद अयोध्या में आवंटित होने वाले लक्ष्य हेतु जिला कौशल विकास योजना के विषय में चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में चल रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं सेवायोजन पर विशेष बल दिये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक द्वारा बताया गया कि वर्ष 2023-24 में आवंटित लक्ष्य 3992 के सापेक्ष 2508 प्रशिक्षार्थियों का पंजीकरण कर प्रशिक्षण कराया जा रहा है तथा शेष का प्रशिक्षण शीघ्र ही आरंभ कर दिया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण प्रशिक्षण प्रदाताओं के बनाये गये प्रशिक्षण केन्द्रों के अतिरिक्त माध्यमिक विद्यालय, जिला कारागार तथा बाल सम्प्रेक्षण गृह में भी संचालित है, अवध विश्वविद्यालय के कौशल विकास प्रभारी प्रो0 जसवंत सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि प्रशिक्षार्थियों को अयोध्या जी के मंदिरों में अर्पित पुष्पों द्वारा इत्र, गुलाब के पुष्पों से गुलाब जल, तुलसीदल से तुलसी तेल एवं नीम की पत्तियों से नीम का तेल आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्ष 2022-23 के उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों में से 378 को रोजगार से जोड़ा गया है तथा शेष हेतु समय समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने माध्यमिक विद्यालय में चल रहे प्रशिक्षण हेतु बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया।

# इंडियन कौंसिल ऑफ़ प्रेस ने श्रम मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**




राम नगरी में एक कार्यक्रम में पहुंचे श्रम मंत्री अनिल राजभर को इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस के प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव अपनी टीम द्वारा तीन बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा। संविधान का चौथा स्तम्भ जो कि मीडिया है इसको माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कई बार कहा जा चुका है कि मीडिया जगत/पत्रकार समाज की एक ऐसी कड़ी है जो कि संविधान के अनुरूप दबे-कुचले लोगों की बात को देश के सामने बेबाक रूप से बिना किसी भय के लिखकर/दिखाकर उनको न्याय दिलवाता है और सरकार,शासन-प्रशासन की मदद करता है। जिस घटना को स्थानीय प्रशासन द्वारा दबाया जाता है उस पर पाबंदी लगाकर संविधान की मूल भावनाओं को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। किसी प्रकरण को जो मीडिया या पत्रकार द्वारा किसी घटना को दिखाता/ लिखता है तो वह बेबाकी से तथ्यों के साथ दिखाता है। तो उस पर प्रश्नचिह्न लगाकर शासन द्वारा अपनी मशीनरी का प्रयोग कर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को खत्म करने हेतु पत्रकार/मीडिया को डराने का प्रयास किया गया है उक्त शासनादेश का सहारा लेकर दबे-कुचले, ईमानदार लोगों की समस्याओं के निराकरण हेतु आवाज उठाने वाले लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के सिपाहियों को भय दिखाकर उनकी स्वतंत्रता को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 16 अगस्त 2023 को शासनादेश जारी करके लिखा गया है कि मीडिया द्वारा तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर नकारात्मक समाचार प्रकाशित कर शासन एवं जिला प्रशासन की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है जोकि यह पूर्णतया असत्य है जबकि मीडिया/पत्रकार द्वारा न्यायपालिका के सामने तथ्यों को रखा गया है जिसको न्यायपालिका ने भी माना है और समय-समय पर स्वत संज्ञान लिया है। न्यायपालिका ने मीडिया को संविधान का चौथा स्तंभ माना है यह मीडिया/पत्रकार ही हैं। इसको खत्म करने का मतलब तानाशाही व्यवस्था को जन्म देकर लोकतंत्र को खत्म करने जैसा है न्याय पालिका ने शायद ही मीडिया की कभी आलोचना नहीं की है लेकिन सरकारों जिला प्रशासन के बारे में कितनी बार टिप्पणी कर बताया है कि कौन किसकी छवि धूमिल कर रहा है।

इस शासनादेश से आमजन का पूरा नुकसान है इस शासनादेश से पत्रकारों के लिए भय पैदा कर दिया गया है जिससे पत्रकारों का हौसला हताश एवं निराश है। मीडिया/पत्रकारों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिये गये शासनादेश का निरस्त करने का आदेश पारित करने की कृपा की जाय। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव, रूपेश श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष, संगठन मंत्री राजेंद्र दुबे (राजू), वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, अंबिका पांडे नौशाद आलम, अजेन्दर पांडे, भानु प्रताप सिंह, सम्राट अशोक मौर्य, आचार्य चंद्रधर द्विवेदी के साथ दर्जनों की संख्या में इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल है।

## हिंदी सिर्फ हमारी मातृभाषा ही नहीं बल्कि या राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का प्रतीक है: संजय महिंद्रा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर के टी पब्लिक स्कूल अयोध्या में हिंदी दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्जित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम सिंह तथा अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य भज्जा को स्कूल की छात्राओं ने बैच व तिलक लगाकर स्वागत व अभिनंदन किया।हिंदी दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेंद्र ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा होने के साथ- ही हमारी मातृभाषा भी है हम सब बचपन से ही हिंदी बोलते पढ़ते चले आए हैं लेकिन जब हम बड़े हो जाते हैं तब लोग जबरदस्ती ही अंग्रेजी भाषा को महत्व देना शुरू कर देते हैं यह सही है कि अपना करियर प्रारंभ करने के लिए और नौकरी हासिल के लिए अंग्रेजी का सहारा लेते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं की हम अपनी मातृभाषा को भूल जाएं हिंदी दिवस का उद्देश्य भाषा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उसे घटना को याद करना है जब इसे भारत की आधिकारिक भाषाओं में एक रूप में अपनाया गया था हिंदी दिवस से हमें प्रेरणा मिलती है हिंदी सिर्फ हमारी मातृभाषा ही नहीं बल्कि या राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का प्रतीक है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य भज्जा ने कहा कि हमको अपनी मातृभाषा आदर व सम्मान करने की आवश्यकता है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश की पहचान हमारी संस्कृति से होती है।

# आक्रोशित अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर किया प्रदर्शन, फूँका पुतला

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



हापुड़ की घटना में अभी तक शासन की ओर से कोई कार्रवाई न किए जाने को लेकर अधिवक्ता गुरुवार को काफी गुस्से में दिखे। अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और पुतला भी जलाया।

बहराइच बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गया प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ता गुरुवार को भी कार्य बहिष्कार पर रहे। न्यायालय का काम काज ठप रखा। अधिवक्ताओं का गुस्सा शासन प्रशासन के खिलाफ फूटा। पुलिस के ख़िलाफ़ जमकर मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। हापुड़ में अधिवक्ता से दुर्व्यवहार करने के मामले व अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज के मामले को लेकर बहराइच जिला बार एसोसिएशन के नेतृत्व नेतृत्व में अधिवक्ता दीवानी कचहरी से जुलूस की शक्ल में डीएम चौराहा से जिला अधिकारी कार्यालय होते हुए वापस दीवानी कचहरी के गेट पर पहुंचे। हापुड पुलिस और प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई न होने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में कचहरी गेट पर पुतला जलाया। बहराइच दीवानी न्यायालय बार एसोसिएशन अध्यक्ष गया प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कहा कि अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा जब तक मांगे पूरी नहीं हुई तब तक आंदोलन स्थगित नहीं किया जाएगा। बल्कि आंदोलन को उग्र किया जाएगा। वही मीडिया से बात करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि अगर हमारी मांगे नही मानी गयी तो यह धरना और भी बड़ा रूप लेगा। उधर तहसील नानपारा मे भी हापुड़ के दोषी पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी और घायल वकीलों को मुआवजा देने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार भी किया। प्रियंका जायसवाल और महामंत्री परम त्रिपाठी की अगुवाई में सभी ने तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और पुतला जलाया। सभी ने कहा कि सरकार 48 घंटे हापुड़ के डीएम और एसपी का स्थानांतरण करें, नहीं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने दोषी पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार करने, घायल वकीलों को मुआवजा देने, वकीलों की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रियंका जायसवाल, परम त्रिपाठी, जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव, जग प्रकाश त्रिपाठी, जयदीश श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सवा तीन करोड़ की चरस के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

✱ **जिले के शातिर अपराधी हैं तस्कर थानों में दर्ज हैं दो दर्जन से अधिक गंभीर मामले**

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास तीन किलो ग्राम से अधिक चरस बरामद की है। जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग सवा तीन करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा द्वारा वांछित अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी महसी के निर्देशन में थानाध्यक्ष थाना बौण्डी के नेतृत्व में उप निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय, कुलदीप कुमार, जितेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल श्यामबिहारी चौहान, अब्दुल साकिर, शशी पाण्डेय,कांस्टेबल प्रतीक वर्मा, रामगोपाल वर्मा, आदर्श वर्मा, शमशुद्दीन खाँ, प्रदीप यादव, अजय यादव की टीम द्वारा नसीम उर्फ भुर्री पुत्र नसीर निवासी मुड़कट्टी रामगढ़ी थाना बौण्डी जनपद बहराइच उम्र 50 वर्ष, फिरोज पुत्र फौजदार निवासी मुड़कट्टी रामगढ़ी थाना बौण्डी जनपद बहराइच उम्र 34 वर्ष, मैसर पुत्र हनीफ निवासी कन्दौसा थाना बौण्डी जनपद बहराइच उम्र 32 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध असलहे एवं 3 किलोग्राम से अधिक चरस बरामद की गई है। इन तीनों के खिलाफ जिले के विभिन्न स्थानों में दर्जनों गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को इन तीनों की लंबे समय से तलाश चल रही थी। आखिरकार तीनों मादक द्रव्य के साथ पकड़े गए। इनके खिलाफ थाने पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर जेल रवाना कर दिया गया।

# हिन्दी दिवस पर नेहरू युवा केन्द्र ने कराती विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**




नेहरू युवा केंद्र बहराइच की ओर से हिंदी दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक गुरुवार को हिंदी दिवस समारोह का आयोजन राम रहीम इंटर कॉलेज महाराजगंज महसी में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न युवा महिला मंडलों के युवकों व युवतियों ने प्रतिभाग किया। महानिदेशक की ओर से सभी जारी अपील को पढ़ कर सभी प्रतिभागियों को सुनाया गया। हिंदी दिवस में संगोष्ठी, वाद विवाद, भाषण, रैली, पद यात्रा, आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विजेता मुदिता मिश्रा, मोहम्मद आवेश व पारुल को मुख्य अतीत रमेश चंद्र पाठक प्रबंधक ने पुरस्कार देकर उत्सवर्धन किया। सभी युवाओं को हिंदी राजभाषा के महत्व पर जानकारी दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट राजेश कुमार पाठक प्राचार्य व शिक्षक अशोक कुमार शुक्ला ,रमेश चंद्र वर्मा व मनोज कुमार तिवारी ने भी हिंदी राजभाषा के महत्व पर जानकारी दिया।

कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार चौधरी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ने किया और हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 14 सितंबर से 29 सितंबर तक आयोजित किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों व प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में रवि शंकर तिवारी, संतोष कुमार आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम की जानकारी दिया व और सभी प्रतिभागियों को पंचप्रण की शपथ दिलाया गया केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक इंद्रसेन चौधरी ने सभी स्वयंसेवकों वे युवाओं से अपील किया की लिखने व बोलने में शत प्रतिशत हिंदी राजभाषा का प्रयोग करें और कार्यवाही हिंदी में लिखें और हिंदी में वार्तालाप करें जिससे हम सभी लोग राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व्यापारी दिवस सम्मेलन धूमधाम से मनाया गया

✻ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल एक मात्र ऐसा संगठन जो व्यापारी वर्ग के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहता है: देवेश बंसल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल जिला पीलीभीत द्वारा व्यापारी दिवस एवं जिला सम्मेलन का आयोजन बुधवार रात्रि शहर में स्थित ऑकेजन बैंकेट हॉल में किया गया। इस जिला सम्मेलन में पूरे जनपद पीलीभीत से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष देवेश बंसल के नेतृत्व में व्यापारी भिन्न-भिन्न इकाईयों से एकत्रित हुए जिसमें पूरनपुर इकाई, बीसलपुर इकाई, बरखेड़ा इकाई, पौटा इकाई, धुंधचिहाई इकाई, अमरिया इकाई, माधोटांडा इकाई, बिथरा इकाई, के साथ-साथ नगर पीलीभीत इकाई के सभी व्यापारियों ने जिला सम्मेलन में एकजुट होकर व्यापारी एकता की एक नई मिसाल कायम की।

व्यापारी दिवस एवं जिला सम्मेलन में लखनऊ से आये हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल मुख्य अतिथि रहे एवं नगर पालिका परिषद पूरनपुर के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के रुप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## नहीं आए राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार तथा नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल,रोष

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला सम्मेलन एवं व्यापारी दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल उपस्थित हुए तो वहीं राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार देर रात तक इस सम्मेलन में शामिल नहीं हुए साथी विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद पीलीभीत अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल भी नहीं आई इस पर व्यापारियों में काफी रोष भी देखा गया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल पीलीभीत के जिला सम्मेलन में बरेली के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता, बरेली के महानगर अध्यक्ष सुधीर गोयल, बदाँयू के जिला अध्यक्ष, सम्भल के जिला अध्यक्ष ने सहभागिता कि। व्यापारी दिवस एवं जिला सम्मेलन कार्यक्रम का शुभारम्भ संदीप बंसल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, नगर पालिका परिषद पूरनपुर के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष देवेश बंसल द्वारा संयुक्त रुप से गणपति महाराज जी के समक्ष दीप प्रज्जवलन और माल्यार्पण कर व व्यापारी प्रार्थना से किया गया। इसके पश्चात मंचासीन सभी व्यापारी विभुतियों को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल का पटका व माला पहनाकर सभी का स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष देवेश बंसल ने कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल एक मात्र ऐसा संगठन हैं। जो व्यापारी वर्ग के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहता है एवं एकता व एकजुटता की मिसाल कायम करता हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने व्यापारी समाज के उत्थान के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन व्यापारी समाज को समर्पित कर दिया है। जिला अध्यक्ष द्वारा जी.एस.टी. के सरलीकरण व बिजली की बडी हुई दरों को वापस लेने की मांग प्रशासन तक पहुचाने की बात भी कही गयी और उन्होने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए असलहों के लाइसेंस जरुतमंद व्यापारियों को पूरी निषपक्षता से उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की जाये जिसके लिए जिला अध्यक्ष देवेश बंसल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल से आवाहन किया कि ये मांग वे मुख्य मंत्री तक रखें। जिला अध्यक्ष द्वारा जिले भर से आये हुए सभी व्यापारी बन्धूओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो आप सब ने एकजुट हो कर कार्यक्रम में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया है उसके लिए प्रत्येक व्यापारी बधाई का पात्र है एवं आप सब की एकता से हमारे संगठन में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि अगर सभी व्यापारी एकजुट होकर रहेंगे तो हम व्यापारियों पर आने वाले किसी भी संकट का सामना कर सकते है। विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, पूरनपुर ने जिला अध्यक्ष देवेश बंसल को बधाई देते हुए कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, पीलीभीत द्वारा आयोजित व्यापारी दिवस एवं जिला सम्मेलन का कार्यक्रम एक ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा है जिसमें पूरे जनपद पीलीभीत से इतनी भारी संख्या में व्यापारियों की सहभागिता होना समाज को व्यापारी एकता का बहुत बड़ा उदाहरण है।

### सभी व्यापारियों से एकजुट रहने की अपील की

प्रदेश उपाध्यक्ष अजमेर सिंह छीना ने कहा कि अगर सभी व्यापारी एकजुट रहेंगे तो कोई भी अधिकारी व्यापारियों का शोषण नहीं कर सकता व इसी के साथ उन्होंने सभी व्यापारियों से एकजुट रहने की अपिल की। युवा जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल जिला पीलीभीत की युवा इकाई पूरे जोश से सभी व्यापारी भाईयों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर सदैव तत्पर है। उन्हें जहाँ कही भी आवश्यकता होगी वो और उनकी युवा टीम व्यापारी भाईयों के साथ मौजूद रहेगी। जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, पीलीभीत के जिला सम्मेलन में आये हुए सभी व्यापारीगण, विभिन्न समाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि के साथ-साथ सभी अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया।

### सभी व्यापारी एकजुट होकर रहेंगे तो वह समाज में प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त कर सकते है: संदीप बंसल

मुख्य अतिथि संदीप बंसल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने सभी व्यापारियों से एकजुट रहने की अपील की और कहा कि अगर सभी व्यापारी एकजुट होकर रहेंगे तो वह समाज में प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि अगर एक सैनिक राष्ट्र की सीमा का पहरी है तो व्यापारी राष्ट्र की अर्थ व्यवस्था का पहरी है। उन्होंने कहा कि किसान समाज का अन्नदाता है तो व्यापारी समाज का भाग्य विधाता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि वह बिजली की बढ़ी हुई दरों को वापस लेने के लिए प्रमुख सचिव से भेंट कर चुके हैं एवं बहुत ही जल्दी वह प्रदेश के मुख्य मंत्री से भी इस विषय में भेंट करेंगे। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि सभी व्यापारी अपने नाम से पहले व्यापारी शब्द अंकित करें जिससे सभी व्यापारियों की समाज में एक नई पहचान बन सके। उन्होंने जिला अध्यक्ष देवेश बंसल को बधाई देते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम जो कि पीलीभीत द्वारा आयोजित किया गया है वह पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल है उन्होने कहा कि उन्होने ऐसा व्यापार मण्डल का कार्यक्रम आज तक कभी नहीं देखा। उन्होंने पीलीभीत इकाई को मजबूत बनाने के लिए पीलीभीत के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त भी किया।

## आकाशीय बिजली गिरने से मजदूर की मौत, दो महिलाएं गंभीर झुलसी



✻ पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** जंगल से सटे धान के खेत में निराई कर रहे मजदूरों पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। चपेट में आने से एक मजदूर व दो महिलाएं बुरी तरह झुलस गई। आनन फानन में उपचार के लिए सभी को सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने एक मजदूर को मृत घोषित कर। गंभीर घायल दो महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। भगवंतापुर क्षेत्र के गुलरिया खास निवासी संतराम (40) पुत्र कालिका चंद्रा देवी पत्नी श्यामलाल, शिवदेयी पत्नी सियाराम जंगल से सटे धान के खेत में मजदूरी पर निराई कर रहे थे।दोपहर बादल उमड़ने के बाद अचानक घने काले बादल उमड़ने के साथ रिमझिम बरसात शुरू हो गई। आकाशी बिजली की तड तडाहट से सभी मजदूर पेड़ के नीचे आकर खड़े हो गए। आकाशीय बिजली अचानक पेड़ के नीचे खड़े मज़दूरों पर गिर गई। चपेट में आने से संतराम चंद्रा देवी व सिया देवी बुरी तरह से झुलस गए। मजदूरों को देख आज पड़ोस खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर जुट गए।आनन फानन में सूचना स्वजनों को दी। गंभीर हालत में सभी को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने संतराम को मृत घोषित कर दिया। दो महिलाओं की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। संतराम की मौत से स्वजनों में चीत्कार मच गया। जिला अस्पताल में दोनों महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने पंचायत नामा भर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम गांव पहुंचे तहसीलदार हेमराज बोनाल ने मृतक के परिजनों से वार्ता कर शीघ्र सरकार द्वारा आर्थिक सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया।

### हजारा में आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत

तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से एक दुधारू भैंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। परिजन बाल बाल बचे। ट्रांस शारदा क्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी उत्तम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी भैंस घर के बाहर बांस के नीचे बंधी हुई थी।गुरुवार को लगभग दो बजे अचानक मौसम खराब हो गया था। इस बीच आकाश में बिजली की जोरदार कड़कड़ाने की आवाज होने लगी फिर अचानक जोरदार कड़कड़ाने की आवाज के साथ आकाशीय बिजली भैंस के ऊपर गिर गई। आगे उन्होंने कहा कि जब तक हम लोग कुछ समझ पाते तब तक भैंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई पशुपालक ने भैंस की साठ हजार रुपये कीमत बताया है।पीड़ित पशुपालक ने घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल राहुल सिंह को फोन के माध्यम देते हुए क्षेत्रीय पशु चिकित्साधिकारी व तहसील प्रशासन को दिया है साथ ही पशुपालक उत्तम शर्मा ने मुआवजा की मांग किया है।अचानक हुई दुधारू भैंस की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है तो वहीं ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### विधान सभा अध्यक्ष ने दो सप्ताह में जिला पंचायत अधिकारी जौनपुर से मांगा स्पष्टीकरण

**बदलापुर विधायक ने विधानसभा में दिया है विशेषाधिकार हनन की नोटिस**

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। बदलापुर भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने उत्तर प्रदेश विधान सभा संचालन प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2023 के नियम 63/64 के अंतर्गत जिला पंचायत जौनपुर द्वारा बदलापुर विधान सभा में कराए गए विकास कार्यों के लोकार्पण शिलापट्ट में नाम अंकित न किए जाने के संबंध में जिला पंचायत जौनपुर के संबंधित अधिकारियों को अभीसूचित विशेषाधिकार हनन का पत्र 9 अगस्त 2023 को विधानसभा अध्यक्ष को दिया था


विधान सभा सचिवालय
उत्तर प्रदेश

जिसके क्रम में विधान सभा संयुक्त सचिव अजीत कुमार शर्मा ने जिलाधिकारी जौनपुर को दिनांक 5 सितंबर को पत्र लिखकर उक्त मामले में दो सप्ताह के भीतर जिला पंचायत के संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण विधानसभा अध्यक्ष के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है । पत्र पहुंचते ही जिला पंचायत कार्यालय में हड़कंप मच गया

### फसल अवशेष प्रबंधन गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। ब्लॉक ललौरीखेड़ा के ग्राम पंचायत पिपराभगू में फसल अवशेष प्रबंधन गोष्ठी एवं कृषि योजनाएं तथा संचारी रोग नियंत्रण के बारे में कृषकों को जानकारी दी जिसमें फसल अवशेष जलने से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया गया और जो अवशेष फसल काटने के बाद रह जाता है उसका उपयोग किस प्रकार से कर सकते हैं जिसमें




बताया गया कि पशुओं के चारे के रूप में फसल अवशेष का प्रयोग कर सकते हैं मशरूम की खेती में प्रयोग करना मिट्टी में मिलाकर खाद बनाने में अवशेषों को खेत में जुताई कर बेस्ट डीकंपोजर का छिड़काव कर गला कर और इकट्ठा कर कम्पोस्ट बना सकते हैं इस प्रकार किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया जिसमें उप कृषि निदेशक संतोष कुमार सविता, उपसंभाग कृषि प्रसार अधिकारी, कृषि कर्मचारी सतवीर सिंह और गांव के किसान इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### हिंदी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सितंबर 14 सितंबर को नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। जो की एम के जूनियर हाई स्कूल अमखेड़ा लखनऊ विकासखंड बरखेड़ा में आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रबंधक महेश कुमार ने किया जिसमें हिंदी दिवस के बारे में बताया गया जिसमें लगभग 40 से 50 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। वही युवा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार के द्वारा कराया गया। जिसमें अध्यापक वरुण कुमार ,रोहित कुमार ,दशरथ कुमार, कमलेश कुमार आदि उपस्थित रहें।

## 14 वर्षों से लगातार बाबा की सेवा में लीन है सेवक विशाल

✻ आसपास क्षेत्र से ही नहीं दूर दराज जनपदों से भी सेवक विशाल के दरबार में आते हैं भक्त अपनी-अपनी हाजिरी लगाने

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार बाबा का यह दरबार सेवक विशाल द्वारा बाबा का ध्यान पूजन करते हुए लगाते चल आ रहे हैं जिसमें हजारों श्रद्धालुओं का कल्याण भी हो रहा हैं। बताते चले कि विगत 14 वर्ष हो चुके उसके बाद भी श्री बालाजी महाराज की कृपा बनी हुई है और दरबार कर्ता सेवक विशाल बिगत 4 वर्षों से बाबा का दरबार पीलीभीत जिला ईदगाह काशीराम कॉलोनी बिल्डिंग नंबर दो बालाजी मंदिर पर लगते चले आए हैं। और प्रत्येक मंगलवार को हमेशा की तरह दरबार लग रहा हैं। श्री बालाजी महाराज का प्रत्येक मंगलवार को भव्य दरबार जिसमें भक्त अपनी समस्या एवं अपनी बीमारी संकट निवारण हेतु संकट श्री बालाजी महाराज के पावन दरबार में आते हैं। महंत सेवक विशाल श्री बालाजी महाराज की सेवा एकदम निशुल्क भाव से दरबार में आने जाने वाले भक्तों का कोई चार्ज नहीं लेते है ना ही किसी प्रकार की दरबार में फीस है भक्त अपनी इच्छा अनुसार श्रद्धा से जो भी आरती करते हैं वह उनके श्रद्धा अनुसार ही होती हैं। इस दरबार में दरबार कर्ता सेवक विशाल समस्त समस्या निवारण निशुल्क ही करते हैं। श्री बालाजी महाराज के पावन दरबार से 3 वर्ष के अंदर जिनके कई साल से काफी समय से कोई संतान नहीं थीं। श्री बालाजी महाराज के पावन दरबार से 62 लड़के 4 पुत्रिया श्री बालाजी महाराज के दरबार से भक्तों को प्राप्त हुए बताते हैं। कि भयंकर से भयंकर बीमारी एवं किसी भी प्रकार का संकट श्री बालाजी महाराज के दरबार में आने वाले भक्तों का संकट निवारण दो-चार मंगल में ही हो जाता हैं। श्री बालाजी महाराज का यह पावन दरबार गुरुदेव नीम करोली महाराज जी के पावन सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का भजन कीर्तन करके होता हैं। श्री बालाजी महाराज का दरबार दरबार कर्ता सभासद महंत सेवक विशाल द्वारा निशुल्क लगाया जाता हैं।

### जिले भर से ही नहीं दूर-दराज से भी दर्शन को आते हैं भक्त

बताते चलें कि बाबा के सेवक विशाल 14 वर्षों से जहां धूमधाम एवं हरसोलस के साथ दरबार लगाते हुए चले आ रहे हैं। जनपद पीलीभीत में जहां हजारों की तादाद में कई समाज सेवी नेता पत्रकार जो अपनी तमाम समस्याएं लेकर बाबा के दरबार में आते हैं और उनका निस्तारण भी होता हैं। और हो रहा हैं। साथ ही इसके दूर दराज से भी सेवक विशाल के दरबार में लोग अपनी-अपनी समस्याएं लेकर आते हैं चाहे वह दूर जनपद लखीमपुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गोला, तहसील क्षेत्र बीसलपुर, पूरनपुर, अमरिया आसपास क्षेत्र से भी लोगों का कल्याण होता चला आया हैं।

## बाल श्रम विभाग की टीम ने अमरिया में मारे छापे

जन एक्सप्रेस । अमरिया

जनपद की तहसील अमरिया क्षेत्र में बाल श्रम विभाग की टीम आज जनपद की तहसील अमरिया में पहुंची जहां पर टीम ने जैकिटो के कारखाने पर छापेमारी की जिससे जैकिटो के कारखाने पर हड़कंप मच गया। बताते चले की बाल श्रम विभाग की टीम ने कारखाने पर छापे मारते वक्त कारखाने पर तीन बच्चे नावालिक पकड़े उनका नाम पूछा और उनके पिता का नाम पूछा बच्चों से पूर्ण रूप से पूछताछ करने पर बच्चों ने बताया एक 13 साल और दूसरा 15 साल तीसरा बच्चा 16 साल के कार्य कर रहे थें। उसके बाद मधुवन स्वीट हाउस में छापा मारा तो होटल में भी एक बच्चा नाबालिक काम करते हुए पाया गया बाल श्रम विभाग से जानकारी ली तो मीडिया को बताया कहीं पर नाबालिक काम करते हुए पाए जाने पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान बाल श्रम विभाग की टीम में घनश्याम दास वर्मा, प्रयंका वर्मा उनके साथ अमरिया पुलिस वरिष्ठ उप निरीक्षक सिद्धार्थ उपाध्याय सहित अन्य लोग शामिल रहें।

## विवाहिता की हत्या करने वाले दो आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** विवाहिता की हत्या करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने अभी गिरफ्तार नही कर पाया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी हैं। वही मृतिका के भाई ने दो आरोपियों को गिरफ्तार न करने का पुलिस पर आरोप लगाया है। दस दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर चारपाई पर विवाहिता का शव पड़ा हुआ मिला था। मृतिका के भाई ने ससुरालियों पर दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शेष दो आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर मृतिका के भाई ने पुलिस पर गिरफ्तार न करने का आरोप लगाया है। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव केसरियापुर की रहने वाली चंदा देवी की 4 सितंबर को गला घोटकर हत्या कर दी गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने की पुष्टि हुई थी। आरोप है कि ससुरालियों ने घटना को मोड़ने के लिए उसका शव फंदे पर लटका दिया गया था। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा था। इस पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा था।

## वर्क बीजा पर इंग्लैंड भेजने के नाम बार पन्द्रह लाख की ठगी

✻ पीड़ित ने उप पुलिस महानिदेशक से की शिकायत


जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** युवाओं को विदेशी मुद्रा की खनक सुनाकर धोखाधड़ी किए जाने के मामले थम नहीं रहे हैं। इससे न केवल युवाओं के सपने तार-तार हो रहे हैं। बल्कि उन्हें अनेकों परेशानियों के साथ-साथ भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला प्रकाश आया है। इंग्लैंड भेजने के नाम पर पंद्रह लाख रुपए की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने पुलिस उपमहानिदेशक को पत्र भेज कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। विदेश भेजने के नाम पर लोगों से ठगी करने के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब तक कई लोग ठेगी का शिकार होकर लाखों रुपए गंवा चुके हैं। कई बार ऐसे मामलों की शिकायतें भी की गई लेकिन ना तो ऐसे लोगों पर कार्रवाई हो पा रही है और ना ही इन पर रोक लगा पा रही है। ऐसा ही मामला एक प्रकाश में आया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव पूरनपुर कुरैया निवासी बलविंदर सिंह ने बताया कि उनके पुत्र गुरविंदर सिंह को इंग्लैंड भेजने के नाम पर एक व्यक्ति उनसे 15 लाख रुपए की ठगी कर ली है। बलविंदर सिंह ने बताया कि युवक द्वारा 15 लाख रुपए लेकर उनके बेटे गुरविंदर को इंग्लैंड का पक्का वर्क परमिट वीजा दिलाने का आश्वासन दिया गया था। उन्होंने अपने नाते रिश्तेदारों से रुपया इकट्ठा कर 15 लाख रुपए 3 नवंबर 2022 में नगद दिए थे। इसके अलावा युवक ने गुरविंदर सिंह के नाम का बैंक खाता एटीएम तथा पिन नंबर लिंक मोबाइल नंबर भी अपने पास रख लिया था। काफी दिन बीत जाने के बाद पीड़ित के पुत्र गुरविंदर सिंह क पासपोर्ट पर फर्जी वीजा लगवा कर दे दिया और 23 अगस्त को इंग्लैंड की टिकट करा दी ।पीडित के फोटो गुरविंदर सिंह वीजा पर टिकट लेकर दिल्ली एयरपोर्ट पर इंग्लैंड जाने के लिए पहुंचे तो वहां अफसर ने गुरविंदर को रोक लिया और वीजा रिजेक्ट होने की बात कहकर वापस लौटा दिया। इसके बाद उन्हें पूरे मामले की जानकारी हुई। कि उनसे फर्जी प्रपत्रों के आधार पर ठगी कर ली गई है। आरोप है कि विदेश भेजने वाले युवक से इसकी शिकायत कर पैसे वापस मांगे गए तो युवक रुपए लौटाने के लिए आजकल बहाना करता रहा। 8 सितंबर को पीड़ित रुपए मांगने के लिए पहुंचे तो अभद्रता करते हुए गाली गलौज धक्का देकर ऑफिस से बाहर भगा दिया गया।

## परीक्षा में लापरवाही बरतने वाले विद्यालयों के समस्त स्टाफ के वेतन रोकने की संस्तुति से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक के पत्र द्वारा निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कक्षा 1 से 8 तक के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत सभी बच्चों का सरल ऐप के माध्यम से लर्निंग आउटकम पर आधारित त्रैमासिक आकलन 13 सितंबर, 2023 व को होना था जिसमें जिले के विकास खंड सुईथाकला के कम्पोजिट विद्यालय सवायन, प्राथमिक विद्यालय भैसौली, प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद, प्राथमिक विद्यालय सरपतहा, कंपोजिट विद्यालय संसारपट्टी, कंपोजिट विद्यालय कटघर, के प्रधानाध्यापक सहायक अध्यापक शिक्षामित्र अनुदेशकों के वेतन विद्यालय निपुण होने तक रोकने की संस्तुति खंड शिक्षा अधिकारी राजेश



कुमार वैश्य ने किया है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल के लिखे पत्र में कहा है कि उक्त विद्यालयों के समस्त स्टाफ द्वारा परीक्षा के प्रति उदासीनता बरती गई है और बच्चों अथवा अभिभावकों से संपर्क नहीं किया गया।

# जौनपुर भी बनेगा एनसीआर की तरह मेट्रो सिटी मॉडल जिला

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित

**जौनपुर।** मोदी योगी सरकार नोएडा एनसीआर की तर्ज पर बृहद बनारस की परिकल्पना साकार होगी। जिसका लाभ बनारस के साथ जौनपुर को भी मिलेगा जिसका मंथन शासन स्तर पर नीति आयोग के अधिकारियों के साथ मंथन शुरु हो गया है और जल्द ही उक्त पायलट योजना को जमीनी धरातल पर उतारने का काम शुरू होने की संभावना है।

### इन जिलें के बीच मेट्रो सेवा की योजना

नीति आयोग ने वाराणसी और मिर्जापुर मंडल के छह जिलों के बीच मजबूत कनेक्टिविटी के लिए मेट्रो परियोजना की योजना बनाई है। इसमें वाराणसी के बाहरी हिस्सों को कनेक्ट करते हुए जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, मिर्जापुर और भदोही के बीच मेट्रो सेवा की योजना है। इसके साथ ही इन जिलों को इंटर कनेक्ट करते हुए सिटी बसों का संचालन भी कराया जाएगा।




### चयनित जिलों के इन कामों को गति देगा नीति आयोग

- जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, मिर्जापुर, भदोही से बनारस के बीच तेज रफ्तार ट्रेनों का संचालन
- बृहद बनारस में हाईवे के किनारे नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना और बड़े उद्योगों को आमंत्रण
- हैंडीक्राफ्ट, जीआई उत्पादों सहित पूर्वांचल के उत्पादों के लिए ट्रेड सेंटर की स्थापना
- रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए ऑटोमोबाइल सहित बड़े उद्योगों की स्थापना
- रेल लाइन के किनारों पर लाजिस्टिक पार्क की स्थापना और सुविधाएं विकसित करना
- छह जिलों के बीच सिटी बसों का संचालन, बनारस को केंद्र बनाकर रोजगार का सृजन

### हाईवे के किनारे व्वसायिक शहर बसाने की योजना

प्रयागराज-वाराणसी हाईवे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे सहित अन्य सड़कों के किनारे औद्योगिक क्षेत्र के साथ ही आवासीय व व्यावसायिक विकास की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। इसके लिए शासन स्तर पर एक विशेष टीम भी गठित की गई है। संबंधित जिलों में विकास की संभावनाओं पर प्रस्ताव तैयार कराए जा रहे हैं। वाराणसी की जरूरतों को पूरा करने के लिए वृहद बनारस के जिलों में अलग-अलग सुविधाएं विकसित की जाएंगी। अगले पांच दशक की विकास संभावनाओं पर प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। शासन स्तर पर नीति आयोग के अधिकारियों के साथ मंथन के बाद वाराणसी के मंडलायुक्त को इस परियोजना का नोडल बनाया गया है। वे सभी जिलों के संबंधित जिलाधिकारियों व मंडलायुक्त से समन्वय कर उन जिलों के विकास संभावनाओं की रिपोर्ट तैयार करेंगे। इसके साथ ही योजना विभाग के दो अधिकारियों की नियुक्ति वाराणसी में की गई है। नीति आयोग की पांच सदस्यीय टीम सितंबर के अंतिम सप्ताह से वाराणसी में डेरा डाल डालने की संभावना है।

### एक बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का रखा गया लक्ष्य

वाराणसी की आबादी करीब 40 लाख है और रीजनल प्लान में जुड़ने वाले बाकी पांच जिलों की आबादी करीब 1.25 करोड़ है। ऐसे में बृहद बनारस की अनुमानित आबादी 1.75 करोड़ है। पिछले पांच वर्ष में वाराणसी की जनसंख्या तीन से पांच फीसदी की दर से बढ़ रही है। शासन स्तर से ही आने वाले पांच साल में वाराणसी की अर्थव्यवस्था को एक बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए पर्यटन, यातायात, बनारसी साड़ी, लकड़ी के उत्पाद, गुलाबी मीनाकारी सहित छह जिलों के अलग अगल उद्योगों को संगठित कर उन्हें विकसित करने की योजना के कामों को गति देगा नीति आयोग।

“ नीति आयोग ने वाराणसी के समग्र विकास की योजना पर काम शुरू किया है। वाराणसी और मिर्जापुर मंडल के छह जिलों को जोड़कर एनसीआर की तर्ज पर वाराणसी को विकसित करने की योजना है। इसके लिए नीति आयोग और शासन की संयुक्त टीम का गठन हो गया है। अक्तूबर से नीति आयोग धरातल पर काम शुरू करेगा।

– कौशल राज शर्मा, मंडलायुक्त, वाराणसी

## फास्ट फॉरवर्ड

### पुरवा विधायक को फोन पर मिली धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** जिले की पुरवा विधानसभा सीट से भाजपा विधायक को अनजान व्यक्ति ने फोन कर गाली गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। विधायक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सर्विलांस टीम की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने नशे की हालत में फोन करने की बात स्वीकार की है। पुरवा सीट से भाजपा विधायक अनिल सिंह के मुताबिक मंगलवार शाम को एक अज्ञात नंबर से उनके पास फोन आया। पहली बार में उन्होंने काल नहीं रिसीव की। दूसरी बार फिर उसी नंबर से फोन आने पर जैसे ही उन्होंने फोन उठाया तो दूसरी ओर से बोल रहे युवक ने गाली गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। जिस पर उन्होंने फोन काट दिया। विधायक की तहरीर पर पुरवा कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। सर्विलांस के जरिए पता लगाने पर उक्त नंबर घसनाखेड़ा तल्हौरी गांव निवासी परमेश्वर उर्फ जोधा का निकला। पुलिस उसे गिरफ्तार कर कोतवाली लाई जहां उसने पूछताछ में बताया कि नशे की हालत में गलती से फोन मिल गया था। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। विवेचना में हकीकत सामने आएगी।

### संदिग्ध हालातों में महिला का फंदे से लटका मिला शव

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र बिरसिंघी गांव में गुरुवार सुबह संदिग्ध अवस्था में महिला का शव घर की कोठरी में फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। माखी थाना क्षेत्र के बिरसिंघी गांव निवासी रामकली (48) पत्नी राधेलाल बुधवार रात खाना खाने के बाद पति के साथ छत पर सोने गयी थी। गुरुवार सुबह नींद से जागने के बाद पति राधेलाल नीचे आया तो उसे पत्नी दिखाई नहीं दी। तब वह घर के अंदर कोठरी में गया तो धन्नी से साड़ी के सहारे फंदे पर पत्नी का शव लटका देखा तो पैरो तले जमीन खिसक गई। रोते चिल्लाते घर से बाहर आया। तब आसपास के ग्रामीणों को घटना की जानकारी हो सकी। घर के बाहर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्राम प्रधान अकील की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका रामकली की दो विवाहित बेटियां रोशनी उर्फ माधुरी और नीशू हैं। ग्रामीणों में चर्चाएं हैं कि दम्पत्ति के बीच किसी बात को लेकर अनबन होने से महिला ने घटना को अंजाम दे डाला है। थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि महिला फांसी लगाई है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पति की तहरीर पर कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पेड़ काटते समय गिरा युवक, हाथ टूटा

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** पेड़ पर चढ़ कर डाल काट रहा युवक संतुलन बिगड़ने से नीचे आ गिरा जिससे उसका हाथ टूट गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को औरास सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया।
औरास थाना क्षेत्र के कुशलखेड़ा निवासी सर्वेश गुरूवार को पेड़ पर चढ़कर उसकी डाल काट रहा था। इसी बीच उसका संतुलन बिगड़ गया जिससे वह नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया हाथ भी फैक्चर हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंश से उसे औरास सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### सर्विलांस की मदद से दो चोर दबोचे




**जन एक्सप्रेस/बिछिया उन्नाव।** दही थाना पुलिस ने गुरुवार को सर्विलांस की मदद से लोन नदी के पास से दो चोरों को पकड़ कर कोर्ट में पेश किया है। दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया की सर्विलांस की मदद से लोन नदी के निकट से माखी थाना क्षेत्र के शंकर खेड़ा मजरा भदेसा निवासी अशोक उर्फ भोगा और थाना क्षेत्र के टीकरगड़ी निवासी आशू उर्फ बजरंगी को पकड़ लिया जिनके पास से 40समर सेबल मोटर मिली चोरी की जिन पर रिपोर्ट दर्ज थी कोर्ट में पेश किया है।

### स्वास्थ्य कर्मी ने लगाया अभद्रता का आरोप

**जन एक्सप्रेस/नवाबगंज उन्नाव।** स्वास्थ्य केंद्र पर मरीज देखने गये परिजनों पर स्वास्थ्य कर्मी ने अभद्रता का आरोप लगाया है। कोतवाली पर दोनों पक्षों की तरफ से प्रार्थना पत्र दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। असोहा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी अनुज पत्नी मुस्कान के साथ सोहरामऊ में किराये के मकान में रहता है। गुरुवार की सुबह उसने अपनी गर्भवती पत्नी मुस्कान को प्रसव के लिए नवाबगंज सीएचसी पर भर्ती कराया था। सकुशल प्रसव के बाद उसे जच्चा बच्चा वार्ड में भेज दिया गया। जिसे देखने के लिये आशाखेड़ा निवासी उसका मामा सलिल बाजपेई और उसकी पत्नी कंचन बाजपेई अस्पताल आये थे। बताते हैं कि स्टाफ नर्स द्वारा वार्ड से बाहर जाने के लिये कहने पर रिस्तेदारों से विवाद हो गया। स्टाफ नर्स शिल्पा द्वारा कोतवाली पर दिए गये प्रार्थना पत्र में मामा सलिल पर इस दौरान अभद्रता करने का आरोप लगाया गया है। वही दूसरे पक्ष से कंचन बाजपेई द्वारा भी स्वास्थ्य कर्मी के विरुद्ध प्रार्थना पत्र कोतवाली पर दिया गया है। इस संदर्भ में कोतवाली निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह से बात करने पर बताया दोनों पक्षों की ओर से प्रार्थना पत्र दिया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

### नगर के घाटों पर दिखी श्रद्धालुओं की भीड़

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** इस बार गुरूवार और शुक्रवार को आज भदई अमावस्या का स्नान होना है। जिसे देखते हुये पहले दिन अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से ही नगर के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। जहां श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दूध, घृत, शहद, अक्षत, रोली, चंदन, पुष्प, सुगंध, धूप, दीप व नैवेद्य आदि समर्पित कर पतित-पावनी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। उनसे सुख और समृद्धि की कामना की। मिश्रा कालोनी घाट, गंगा बिशुन घाट, शिव बाबा घाट, आनंद घाट, पुल के नीचे बने घाट व चंदन घाट पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भोर पहर से ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान प्रारंभ कर दिया। श्रद्धालुओं ने गंगा के घाटों और तटों पर भगवान सत्य नारायन की कथा सुनी व प्रसाद बांटा। इसके साथ ही घाटों पर सत्यनारायण की कथा सुनी। इसके साथ ही घाटों के आस पास लगी दुकानों में भी श्रद्धालुओं ने खरीददारी की। वहीं शाम के समय नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से मां गंगा की महाआरती का आयोजन किया।

### एनडीपीएस एक्ट में एक वर्ष के कारावास के साथ जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** नवीन पुल बालूघाट निवासी सूरज धानुक पुत्र हरीश धानुक को वर्ष 2020 में एनडीपीएस एक्ट के तहत गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही की थी। मामला कोर्ट में चल रहा था। गंगाघाट कोतवाली पुलिस गुणवत्ता पूर्ण विवेचना और अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल की प्रभारी पैरवी के चलते एनडीपीएस के अभियुक्त को कोर्ट द्वारा एक साल का कारावास और पांच हजार अर्थदंड की सजा सुनायी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अभियोजन पक्ष से मनीष शुक्ला, आनंद कुमार गौड़, विवेचक शिव सागर की प्रभावी पैरवी से आरोपित को सजा हुई है।

### डंपर फंसने से सैकड़ों वाहनों के पहिए थमे

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** गुरूवार सुबह करीब दस बजे गायत्री मंदिर की ओर एक डंपर जा रहा था। नवीन पुल मोड़ के पास डंपर फंसने गया। जिससे शुक्लागंज से कानपुर जाने वाले सैकड़ों वाहनों के पहिये थम गये और जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल पूरी तरह से ठंसाठंस वाहनों से भर गया। इधर फोरलेन सब्जी मंडी तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। वहीं पोनी रोड, मनोहर नगर, शक्ति नगर के रास्ते पर भी जाम लग गया। भीषण जाम लगा होने के बावजूद पुलिस नदारत रही। जाम में फंसे लोगों ने सोशल साइटों पर जाम की फोटो डाली। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। जाम में कई एम्बुलेंस भी फंसी रही। जिससे उसमें लेटे मरीज भी बिलबिला उठे।

# डेंगू से हुई फौजी की दर्दनाक मौत, परिजनों ने विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

**✻ दिल्ली के आर्मी हॉस्पिटल में चल रहा था इलाज**

जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे






**कानपुर नगर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सत्यम विहार के रहने वाले फौजी की डेंगू से दिल्ली के आर्मी हॉस्पिटल में दर्दनाक मौत हो गई। फौजी की मौत की खबर मिलते ही फौजी के घर पर कोहराम मच गया। फौजी की मौत के बाद उनके पार्थिव शरीर को बीते दिन सुबह उसके निज निवास सत्यम बिहार लाया गया। जिसके बाद फौजी का भैरव घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सत्यम विहार कल्याणपुर के रहने वाले अरुण प्रताप सिंह उम्र 40 वर्ष पुत्र मलखान सिंह ने सन् 2001 में सेना में भर्ती हुए थे। मृतक फौजी के परिवार में पत्नी शारदा सिंह, दो बच्चे अभय प्रताप सिंह, व आस्था सिंह है। पिता मलखान सिंह यूपीएफ में प्रवर्तन अधिकारी के पद पर कार्य करते थे। सेवा में भर्ती होने के बाद से अरुण प्रताप सिंह ले लद्दाख सियाचिन के प्रतापपुर में तैनात थे। बीती 20 जुलाई को दिल्ली में शिफ्ट हुए थे। सूत्रों के मुताबिक 1 सितंबर को मृतक फौजी अरुण प्रताप सिंह को फीवर आया था। जिसके बाद वे लगातार बीमार चल चल रहे थे। मंगलवार को आर्मी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान फौजी की दर्दनाक मौत हो गई। पत्नी शारदा सिंह ने बताया कि 12 तारीख को अरुण प्रताप सिंह से उनकी बात हुई थी जिसके बाद से मेरी उनसे बात नहीं हुई। मंगलवार की सुबह जब परिजनों को अरुण प्रताप सिंह की मौत की सूचना मिली जिसके बाद से परिवारीजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गुरुवार की सुबह जब मृतक फौजी को कल्याणपुर स्थित सत्यम विहार उसके आवास पर लाया गया। तो घर में रोना पीटना मच गया। इसके बाद भैरव घाट पर राजकीय सम्मान के साथ फौजी के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। घाट पर ही मृतक अरुण प्रताप सिंह को आर्मी बैंड द्वारा सलामी दी गई।

**पिता मलखान सिंह ने आर्मी हॉस्पिटल के डॉक्टर पर लगाया इलाज में लापरवाही बरसाने का आरोप**

मृतक फौजी अरुण प्रताप सिंह के पिता मलखान सिंह अपने बेटे की मौत से बहुत आहत हुए हैं। मृतक के पिता मलखान सिंह रो रो कर बताने लगे कि मेरे बेटे की अभी ऐसी उम्र नहीं थी जो वह हम लोगों को छोड़कर चला जाता। मेरे बेटे का अभी कच्चा परिवार था। यदि मेरे बेटे का आर्मी हॉस्पिटल में सही से इलाज होता तो वह बच सकता था। लेकिन दिल्ली के आर्मी बेस हॉस्पिटल में उसका सही से इलाज नहीं हुआ। मेरे बेटे को डेंगू हुआ था जिसकी वजह से उसकी मौत हुई है।

**बेटी आस्था बोली मेरे पिता संसार के सबसे अच्छे पिता थे**

मृतक फौजी अरुण प्रताप सिंह की बेटी आस्था का पिता की अचानक हुई मौत का गहरा सदमा लगा है। वह इस बात को मानने को तैयार ही नहीं कि उसके पिता अब इस दुनिया में नहीं है। बेटी आस्था की जुबान अपने पिता की अच्छाइयों को गिनाते हुए नहीं थकती है। इतना ही नहीं वह अपने पापा की बात करते-करते रोने लगती है और बेहोश हो जाती है।

## हापुड़ घटना के विरोध में बांगरमऊ में अधिवक्ताओं ने फूंका पुतला, की नारेबाजी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



हापुड़ की धटना के विरोध में गुरूवार बांगरमऊ तहसील के अधिवक्ताओं ने आक्रोश जताते हुए मुख्यमंत्री का पुतला फूंककर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान अधिवक्ताओं और पुलिस की नोक झोंक भी हुई। लगातार तीसरे दिन अधिवक्ताओं ने निबंधन कार्यालय बंद कराया। बांगरमऊ तहसील के अधिवक्ताओं ने जनपद हापुड़ में साथियों से हुई मारपीट की घटना के विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला फूक कर पुलिस प्रसासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौजूद भारी पुलिस बल ने दौड़कर पुतला छीना। पानी डाल कर बुझाया। पुतला छीने जाने के दौरान अधिवक्ताओं और पुलिस बल में नोकझोक भी हुई। वही अधिवक्ताओं ने तीसरे दिन भी उप निबंधक कार्यालय बंद करा दिया। इसी के साथ ही तहसील परिसर में धरना दिया। सीओ विजय आनंद ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस मौके पर अध्यक्ष राम भरोसे वर्मा, सत्यपाल वर्मा, सत्यनरायण कनौजिया, अनिल वर्मा, सुभास चंद्र शुक्ला, श्रीकांत द्विवेदी, छोटेलाल, मनोज गौतम, मुजम्मिल अहमद, प्रतीक कटियार, ललित बाजपेयी, मनोज सेंगर, परवेज आलम, विनोद यादव, योगेश लोधी, महमूद आलम, सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस वे पर एंबुलेंस, ट्रक व कार आपस में टकराई, तीन घायल

**✻ दिल्ली से शव लेकर बिहार जा रही थी एंबुलेंस**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बीती देर रात शव लेकर जा रही तेज रफ्तार एंबुलेंस अनयिंत्रति हो गई। इस दौरान एंबुलेंस अन्य तीन वाहनों से भी टकरा गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना की जानकारी पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया। वहीं क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे करा कर यातायात बहाल कराया। बेहटामुजावर थाना क्षेत्र के सबलीखेड़ा गांव के सामने एक्सप्रेस वे पर बुधवार रात करीब ढाई बजे लखनऊ की ओर जा रहा ट्रक अनियंत्रित हाकर डिवाइडर की सेंट्रल जाली तोड़ता हुआ दूसरी लेन पर पहुंच गया। इसी बीच दिल्ली से शव लेकर बिहार जा रही एंबुलेंस उसी में जा भिड़ी। इसी बीच एक कार भी उसी एंबुलेंस से जा टकराई। हादसे में बिहार प्रांत के लखीसराय जिलेके गेरूवा पुरसंदा हालसी निवासी एंबुलेंस सवार मुकेश, दीनानाथ और चालक शिवा राठौर घायल हो गए। सभी लोग दिल्ली से अपने परिवार के जवाहर कुमार का शव लेकर बिहार प्रांत जा रहे थे। यूपीडा की टीम ने सभी को सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवा कर यातायात बहाल कराया।

## महिला कैदी के भागने के मामले में दो बंदी रक्षकों पर निलंबन की हुई कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**✻ 8 सितंबर को जिला अस्पताल से बंदी रक्षकों को चकमा देकर हुई थी फरार**

**✻ दो दिन बाद पुलिस ने फिरोजाबाद से महिला को किया था गिरफ्तार**

जिला अस्पताल से बंदी रक्षकों को चकमा देकर भागी महिला कैदी को वापस गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने के बाद जिला कारागार प्रशासन ने लापरवाही बरतने का दोषी मानते हुए एक महिला व पुरूष बंदी रक्षक को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच पड़ताल अभी जारी है। बता दें कि बिहार थाना क्षेत्र के संगमखेड़ा गांव निवासी अनीता अपने पति चंद्रपाल की हत्या के आरोपी में जिला कारागार में बंद थी। पेट दर्द की शिकायत पर बीती छह सितंबर को उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आठ सितंबर को निगरानी के लिए तैनात महिला व पुरुष बंदी रक्षक को चकमा देकर वह अस्पताल से फरार हो गयी। सदर कोतवाली पुलिस ने महिला बंदी अनीता को दो दिन बाद फिरोजाबाद से गिरफ्तार कर वापस जेल भेज दिया था। जेल प्रशासन ने इस मामले में कैदी की निगरानी में तैनात बंदी रक्षकों को लापरवाही बरतने का दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया है। जेल अधीक्षक राम शिरोमणि यादव ने बताया कि सुरक्षा में तैनात बंदी रक्षक सुनील व महिला बंदी रक्षक प्रियंका पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## किराना की दुकान से नगदी समेत चालीस हजार का माल उठा ले गए चोर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पुरवा कोतवाली के मंगतखेड़ा स्थिति एक किराना की दुकान को बीती रात चोरों ने निशाना बनाते हुए नगदी समेत हजारों का माल पार कर दिया। पीड़ित ने घटना की लिखित शिकायत कोतवाली पुलिस से की है।
अचलगंज थाना क्षेत्र के पड़रीखुर्द गांव निवासी सचिन कुमार पांडेय मंगतखेड़ा गांव में किराना की दुकान चलाते हैं। सचिन के मुताबिक बुधवार शाम वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चला गया था। देर रात गोदाम की छत की सरिया तोड़ कर घुसे चोरों ने दुकान से दो बोरी पान मसाला, सिगरेट, मेवा, घी व 12 हजार की नकदी समेत करीब 40 हजार रुपये का माल पार कर दिया। गुरूवार सुबह जब उसने दुकान पहुंच कर ताला खोला और अंदर दाखिल हुआ तो सामान बिखरा देख उसके होश उड़ गए। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि शिकायत पत्र मिलने पर जांच कर शीघ्रता से खुलासा किया जाएगा।

## बिल्हौर की अफसाना ने जिला स्तर पर कुश्ती में हथियाया गोल्ड मेडल

**✻ अफसाना अब मंडल स्तर पर कुश्ती में दिखायेंगी अपने दांव**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से होने वाली जिलास्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता हरिमिलाप मिशन स्कूल रतन लाल नगर कानपुर में आयोजित की गयी।खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुजीत कुमार सिंह व मीनू गोसाई प्रधानाचार्य हरिमिलाप स्कूल ने बुधवार को किया था जिसमें जिले के विभिन्न विकास खंडों से आये बालक एवं बालिकाओं ने प्रतिभाग कर अपनी उपस्थित दर्ज कराई। प्रथम दिवस में बालकों की कुश्ती एवं आज दूसरे दिन बालिका वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गई। बिल्हौर ब्लाक की बालिका वजन वर्ग 30 से 35 द्वन्द्व में स्वर्ण पदक विजेता बनी अफसाना। अफसाना बिल्हौर विकास खंड के गोहलियापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 8 की छात्रा है।अफसाना ने कल्यानपुर विकास खंड की छात्रा को पटकनी देकर फाइनल में हराकर जिला स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।अब अफसाना मंडल स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। कुश्ती प्रतियोगिता के साक्षी बने शिक्षक अवनीश कटियार, आकाश बाजपेयी, मो0सलीम, मुक्ति त्रिपाठी, आशा कटियार, उषा पाल, अनूप यादव, कुलविंदर सिंह भल्ला, जरियाब, विकास तिवारी आदि।

## शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का 13 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन के बैनर तले शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने 13 सूत्रीय मांगो को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय कानपुर में धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपा।इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री संतोष तिवारी ने कहा कि प्रचंड बहुमत से सरकार बनने पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में आशा जगी थी कि कर्मचारियों की जायज मांगे पूरी होगी किन्तु अभी तक नही हुई। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि सब का साथ सबका विकास के अंतर्गत सरकार हमारी मांगों को पूरा करें। प्रदेश उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद जोशी ने कहा कि संगठन जनपद, मण्डल व प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन व संघर्ष कर सरकार का ध्यान मांगो पर आकर्षित करेगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने कहा कि कर्मचारियों के साथ भेदभाव से उनमे रोष व्याप्त है। जो एक बड़े आन्दोलन को प्रेरित कर रहा है। धरने में संघर्ष समिति के संयोजक शिशिर अस्थाना, जिलाध्यक्ष अजय प्रधान, जिला मंत्री प्रसून तिवारी,राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला मंत्री उदय राज , प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश बाबू पांडे सहित जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक, कर्मचारी, प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

## आईआईटी में चोरी करने वाले शातिर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



आईआईटी स्टूडेंटों का लैपटॉप चार्जर व अन्य सामान चोरी कर घटना को अंजाम देने वाले शातिर को कल्याणपुर पुलिस ने आखिरकार बीते दिन दबोच ही लिया। इस मामले में पीड़ित स्टूडेंट ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कल्याणपुर थाने में शिकायती पत्र दिया था जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र निवासी धनंजय भरत सातव कानपुर आईआईटी में रहकर पीएचडी कर रहे हैं। धनंजय भरत सातव ने कल्याणपुर पुलिस को दी दहरीर में बताया कि बीते शनिवार वह दोपहर लगभग 2 बजे अपने दोस्तों के साथ बाहर गए हुए थे जब लौटकर आए तो देखा कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। रूम के अंदर दाखिल होने पर लैपटॉप व लैपटॉप का चार्जर और मोबाइल चोरी हो चुका था इसके बाद आसपास अपना सामान ढूंढ रहे थे तभी अभिषेक जो कि उनके हॉल में रहता है उसका भी लैपटप चोरी हो चुका था। दोनो मिलकर सामान ढूंढ रहे थे ढूंढते हुए हाल -03 में पहुंचे तब अंचित गुप्ता ने बताया गया कि मेरा भी लैपटाप व चार्जर चोरी हुआ है। कल्याणपुर थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि पीड़ित स्टूडेंट की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश की जा रही थी। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है पूछताछ के दौरान शातिर चोर ने अपना नाम सनी थापा निवासी भोला चाउमिन बिठूर रोड तिराहा बताया है ।गहना से पूछताछ करने पर शातिर चोर ने बताया कि आईआईटी में पढ़ने वाले स्टूडेंटों का लैपटॉप लैपटॉप चार्जर मोबाइल व अन्य सामान चोरी किया था।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत सुघरदेवा के प्रधानपति ने गांव में एक-एक चुटकी माटी मांगी

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर ब्लॉक के गांवों मे बलिदानी वीरांगनाओ और देश पर न्योछावर करने वाले वीर सपूतों के लिए गांव में हर घर की दहलीजों से एक चुटकी मिट्टी अमृत कलश ने लेकर उनको मेरी माटी मेरा देश के प्रति याद किया जा रहा है साथ ही उन वीर वीरांगनाओ और वीर शहीद सपूतों को एक चुटकी मिट्टी से सम्मान देने का अभियान शुरू हुआ है।ग्रामीण हाथो मे तिरंगा लेकर हर दहलीज पर से अमृत कलश में मिट्टी एकत्रित कर रहे है गुरुवार को क्षेत्र के सुघरदेवा प्रधानपति हरपाल सिंह ने गांव के हर घर जाकर अमृत कलश में एक चटकी मिट्टी ली है उन्होंने बताया की देश पर अपनी जान न्योछावर करने वाले वीर सपूतों के लिए हर घर से एक चुटकी मिट्टी ली जा रही है साथ ही गांव वालो को उन वीर सपूतों के बारे में जानकारी दी जा रही है जिससे एक चुटकी मिट्टी का महत्त्व ग्रामीण जान सके।
मेरी माटी मेरा देश के माध्यम से हर ग्रामीण को एक साथ जोड़ा जाना है जिसके लिए केंद्र सरकार ने यह अभियान चलाकर प्रदेश के हर गांवो में ग्रामीण जागरूकता एवं एक चुटकी मिट्टी की महत्वता का अनुमान होना चाहिए। केंद्र सरकार ने इस अभियान से देश के सारे प्रदेशों को एकसाथ जोड़कर देश भारतीय अखंडता का निर्माण होने का रूप ले सकता है इसी कारण यह अभियान शुरू किया गया है ग्राम प्रधानपति सहित सैकड़ों ग्रामीण एक चुटकी मिट्टी गांव के हर दहलीज पर मांगने पहुंचे थे।

# अनंतनाग में सेना-आतंकियों के बीच लगातार दूसरे दिन फायरिंग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अनंतनाग/राजौरी

कश्मीर में पिछले 3 दिनों में आतंकियों के साथ एनकाउंटर में आर्मी और पुलिस के 3 अफसर शहीद हो गए। एक अन्य जवान लापता है। दरअसल, अनंतनाग जिले के गाडोल में 3 से 4 आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद सेना और पुलिस ने मंगलवार शाम संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया था। रात होने पर ऑपरेशन रोक दिया गया था। 13 सितंबर यानी बुधवार सुबह जब दोबारा तलाश शुरू की गई, तो आतंकियों ने घने जंगल में घात लगाकर घेराबंदी की और हमला किया। उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग की। इसके चलते 19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट शहीद हो गए। मनप्रीत मोहाली के और मेजर आशीष पानीपत और भट कश्मीर के बडगाम के रहने वाले थे। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े प्रतिबंधित रेजिस्टेंट फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है।



### कर्नल मनप्रीत के पिता भी सेना में थे

न्यू चंडीगढ़ के गांव भड़ोजिया के रहने वाले कर्नल मनप्रीत सिंह के पिता स्वर्गीय लखबीर सिंह भी आर्मी में सैनिक थे। शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह को 2 साल पहले सेना ने सेना पुरस्कार से सम्मानित किया था। मनप्रीत का अंतिम संस्कार शुक्रवार को होगा। कर्नल मनप्रीत सिंह शादीशुदा थे। उनके दो भाई और एक बहन है। कर्नल के परिवार में एक 7 साल का बेटा कबीर सिंह और ढाई साल की बेटी बानी है। मनप्रीत के बहनोई वीरेंद्र गिल ने कहा कि उनसे आखिरी बार सुबह 6:45 बजे बात हुई थी। तब उन्होंने कहा था कि वह बाद में बात करेंगे। पिछले साल, उन्हें सेना मेडल से मिला था।

### कुलगाम में भी इन्हीं आतंकियों ने सेना को निशाना बनाया था

अफसरों का मानना है कि ये वही आतंकी हैं, जिनसे 4 अगस्त को कुलगाम के जंगल में मुठभेड़ में 3 जवान शहीद हो गए थे। कश्मीर में पिछले तीन साल में यह सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले इससे पहले कश्मीर के हंदवाड़ा में 30 मार्च 2020 को 18 घंटे चले हमले में कर्नल, मेजर और सब-इंस्पेक्टर समेत पांच अफसर शहीद हुए थे।

### अनंतनाग एनकाउंटर से जुड़े अपडेट्स

- अनंतनाग एनकाउंटर में शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोंचक के शव श्रीनगर में सेना के 92 बेस अस्पताल लाए गए हैं।
- पुलिस के मुताबिक अनंतनाग में लश्कर के 2 आतंकी छिपे हैं, जिन्हें सेना ने घेर लिया है। इनमें से एक नागम कोकरनाग का रहने वाला उजैर खान है। जो पिछले साल जुलाई में लश्कर से जुड़ा था।
- केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा- जब तक पाकिस्तान को अलग-थलग नहीं करेंगे, वे सोचेंगे कि सब नॉर्मल है। बॉलीवुड वाले आ जाएंगे, क्रिकेट खेलने वाले आ जाएंगे। अगर उस पर दबाव डालना है तो उसे अलग-थलग करना होगा।
- नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला बोले- सरकार रोज चिल्लाती है, आतंकवाद खत्म हो गया। अब मुझे बताओ, क्या वाकई खत्म हो गया? शांति लड़ाई से हासिल नहीं की जा सकती, यह बातचीत से आ सकती है।

# केरल में निपाह का बांग्लादेशी वैरिएंट मिला

## यह इंसानों से इंसानों में फैलता है, 2 की मौत, स्कूल-कॉलेज 2 दिन के लिए बंद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस के बढ़ते मामलों के बीच गुरुवार 14 सितंबर को सभी स्कूल-कॉलेज दो दिनों के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। यहां निपाह वायरस से दो लोगों की मौत हो चुकी है। एक 9 साल का बच्चा आईसीयू में है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एक स्वास्थ्य कर्मचारी में भी निपाह वायरस की पुष्टि हुई है। इसी के साथ केरल में निपाह के अब तक पांच मामले सामने आ चुके हैं। गुरुवार को सेंट्रल हेल्थ टीम केरल के कोझिकोड पहुंची है। ये टीम जिला प्रशासन के साथ निपाह वायरस को लेकर बैठक करेगी। बुधवार को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज की एक टीम ने निपाह वायरस की जांच के लिए मरुथोंकारा गांव से सुपारी और अमरूद के सैंपल लिए। इससे पहले केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि प्रदेश में जिस वायरस की पुष्टि हुई है, वह बांग्लादेशी वैरिएंट है। यह इंसानों से इंसानों में फैलता है। इस वायरस से मृत्यु दर अधिक है, पर ये कम संक्रामक है।



### कोझिकोड में 7 कंटेनमेंट जोन बनाए गए

- कोझिकोड में निपाह वायरस से पहली मौत 30 अगस्त और दूसरी मौत 11 सितंबर को हुई थी। वायरस को लेकर केरल के चार जिले- कोझिकोड, कन्नूर, वायनाड और मलप्पुरम अलर्ट पर है। अस्पतालों में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है।
- यहां की 7 ग्राम पंचायतों को कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। सुबह 7 से शाम 5 बजे तक सिर्फ दवाइयों और जरूरी चीजों की दुकानें ही खोलने की इजाजत है।

### पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बोलीं, 2018 जितनी खराब स्थिति नहीं

केरल की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के शैलजा ने कहा कि निपाह वायरस से घबराने की जरूरत नहीं है। कोझिकोड में 2018 जितने खराब हालात नहीं हैं। तब यह वायरस हमारे लिए नया था और इससे निपटने का कोई अनुभव भी हमारे पास नहीं था। अब हमारे पास इसे रोकने के लिए जरूरी सुविधाएं मौजूद हैं। कोझिकोड और मलप्पुरम जिले में 2018 में निपाह वायरस से 17 लोगों की मौत हुई थी। 2019 में निपाह वायरस का मामला कोच्चि में सामने आया था। वहीं, 2021 में भी कोझिकोड में इसका एक केस मिला था।

### केरल के बाद कर्नाटक में निपाह वायरस का अलर्ट

कर्नाटक के दक्षिण कन्नड जिले में भी अलर्ट जारी किया गया है। मेडिकल डिपार्टमेंट ने जिले में केरल से आने वाले फलों की जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही गाड़ियों की जांच के लिए सीमाओं पर चेकपोस्ट बनाने को कहा है। मंगलुरु में ब्रेन फीवर की आशंका वाले मरीजों को ऑब्जर्वेशन में रखने को कहा गया है। डब्लूएचओ के मुताबिक, निपाह वायरस चमगादड़ और सूअर जैसे जानवरों से इंसानों में फैलता है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि यह वायरस एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी फैल सकता है। बांग्लादेश और भारत के कुछ पुराने मामलों में देखा गया है कि चमगादड़ों के पेशाब या लार से फलों में भी यह वायरस फैलता है।

# बिहार की बागमती में नाव डूबी, 13 लापता

## रस्सी टूटने से पलटी, डूबने वालों में ज्यादातर स्कूली बच्चे, अंधेरा होने से रेस्क्यू बंद



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बिहार के मुजफ्फरपुर में गुरुवार को बागमती नदी में बड़ा हादसा हो गया है। 32 लोगों से भरी नाव नदी में डूब गई। नाव पर ज्यादातर स्कूली बच्चे थे। हादसा सुबह साढ़े 9 बजे गायघाट थाना क्षेत्र के बेनीबाद ओपी में हुआ है। अब तक 20 लोगों को बाहर निकाल लिया गया। नदी की तेज बहाव में 13 लोग बह गए, इनमें ज्यादातर बच्चे ही हैं। सात घंटे रेस्क्यू के बाद भी इनका पता नहीं चल पाया है। अंधेरा होने की वजह से शाम 6 रेस्क्यू बंद कर दिया गया। अब शुक्रवार सुबह फिर से टीमें तलाश करेंगी। नदी में बहाव तेज होने की वजह से रस्सी के सहारे नाव को पार कराया जा रहा था। तभी रस्सी अचानक टूट गई। नाव नदी में पलट गई। गांव में पुल नहीं होने की वजह से बच्चे और आसपास के लोग इसी तरह से आते-जाते थे। गायघाट और बेनीबाद पुलिस के साथ एसडीआरएफ-एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू में लगी रही। उधर, मुजफ्फरपुर में ही एसकेएमसीएच में नवनिर्मित पीकू वार्ड का उद्घाटन करने पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि डीएम और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। जो भी हताहत होगा सरकार उसके परिवार की मदद करेगी। डीएसपी पूर्वी शहरयार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। रस्सी के सहारे नाव को पार कराया जा रहा था। वह रस्सी अचानक से टूट गई थी। जिससे हादसा हो गया है।

### डीएम बोले-14-15 लोग बाहर आ गए हैं

डीएम प्रणव कुमार ने बताया कि सभी टीमें रेस्क्यू में लगी हुई हैं। कितने लोग डूबे हैं, इसका आंकड़ा बता पाना मुश्किल है। 14 से 15 लोग बाहर आ गए हैं। हमारी पहली प्राथमिकता लोगों को सुरक्षित निकालना है।

### एसडीओ बोले, किनारे पर पलटी नाव

एसडीओ पूर्वी अमित कुमार ने बताया कि हमारा मेन फोकस बच्चों को सुरक्षित निकालने पर है। कितने लोग डूबे हैं उसका अभी कोई क्लियर आंकड़ा नहीं है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू शुरू कर दिया है। डूबने वालों में बच्चे, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग सभी हैं। नाव किनारे पर पलटी थी, इसलिए कई लोग बचकर बाहर आ गए।

### नाव से स्कूल जा रहे थे बच्चे

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि रोज की तरह गुरुवार को नाव पर सवार होकर बच्चे स्कूल जा रहे थे। नाव पर 30 से ज्यादा बच्चे थे। बहाव तेज होने की वजह से नाव का संतुलन बिगड़ा और वो पलट गई। हादसे के बाद नाव सवार बच्चों में चीख पुकार मच गई।

# बीजेपी का लोकसभा-राज्यसभा सांसदों को व्हिप जारी पीएम मोदी नई संसद पर 17 सितंबर को तिरंगा फहराएंगे

**सत्र के पहले दिन राज्यसभा में 75 सालों की संसदीय यात्रा, उपलब्धियां, यादों और सीख पर चर्चा होगी**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया है। इस दौरान संसद में चार बिल पेश किए जाएंगे। राज्यसभा की ओर से 13 सितंबर को जारी संसदीय बुलेटिन में इसकी जानकारी दी गई। उधर, 14 सितंबर को बीजेपी ने अपने सभी लोकसभा और राज्यसभा सांसदों को व्हिप जारी किया है, ताकि सभी सांसद 5 दिन संसद के दोनों सदनों में मौजूद रहें। सत्र के पहले दिन यानी 18 सितंबर को राज्यसभा में 75 सालों की संसदीय यात्रा, उपलब्धियां, अनुभव, यादों और सीख पर चर्चा होगी। उधर, 17 सितंबर को पीएम नए संसद भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसी दिन मोदी का जन्मदिन और विश्वकर्मा जयंती है। नए भवन में कामकाज अभी शुरू होना है। सूत्रों के अनुसार, ध्वजारोहण के बाद ही संसद में कामकाज शुरू हो सकेगा, क्योंकि देश के फ्लैग कोड के अनुसार किसी भी सरकारी इमारत को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद ही ये दर्जा मिल पाता है।



### चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़ा बिल पेश होगा

विशेष सत्र में राज्यसभा में पोस्ट ऑफिस बिल 2023 और मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े बिल पेश किए जाएंगे। ये दोनों बिल राज्यसभा में पेश होने के बाद लोकसभा में रखे जाएंगे। इसके अलावा लोकसभा में एडवोकेट्स अमेंडमेंट बिल 2023 और प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियॉडिकल्स बिल 2023 पेश किए जाएंगे। ये दोनों बिल मानसून सत्र के दौरान 3 अगस्त को राज्यसभा से पास हो चुके हैं। इसके बाद 4 अगस्त को इन्हें लोकसभा में टेबल किया गया, लेकिन वहां मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के चलते ये बिल पास नहीं हो सके।

### सीईसी की नियुक्ति वाले बिल के विरोध में विपक्ष

मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को रेगुलेट करने से जुड़े बिल पर राज्यसभा में 10 अगस्त को चर्चा हुई थी। बिल के मुताबिक आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यों का पैनल करेगा। जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। राज्यसभा में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों ने इस विधेयक का विरोध किया था। विपक्षी दलों ने कहा, सरकार सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ बिल लाकर उसे कमजोर कर रही है।

# मणिपुर में असम राइफल्स के खिलाफ असहयोग आंदोलन, जवानों को हटाने की मांग, मैतेई महिलाओं ने केंद्रीय संस्थानों पर ताले जड़े

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पिछले 4 महीनों से हिंसा से जूझ रहे मणिपुर से असम राइफल्स को हटाने की मांग तेज हो गई है। इस मांग के समर्थन में कई इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने असहयोग आंदोलन शुरू किया है। खुद को मैतेई बताने वाली महिलाओं के एक संगठन ने पहाड़ी जिलों के उलट घाटी जिलों में सेंट्रल फोर्सेस, खासतौर से असम राइफल्स को वापस बुलाने की मांग को लेकर घाटी में केंद्र सरकार के संस्थानों पर ताले लगाना शुरू कर दिया है। कुछ महिलाओं ने इंफाल पूर्व के अकम्पत में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान को बंद कर दिया। इसके पहले इंफाल पश्चिम जिले के इरोइसेम्बा में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय परिसर पर ताला जड़ दिया।



### असम राइफल्स ने कहा, हम मदद में समुदाय नहीं देखते

असम राइफल्स के शीर्ष अधिकारी ने बताया, 'प्रदर्शनकारियों के ऐसे रवैये से राज्य में शांति स्थापित करने के प्रयास में बाधा आएगी। पक्षपात करने के आरोप बेबुनियाद हैं। हमारे लिए प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा अहम है। लोगों का समुदाय देखे बगैर मदद करना ड्यूटी है।

### कोकोमी ने कहा, हम इसके सपोर्ट में नहीं

दूसरी ओर, खुद को मैतेई समुदाय का असली नेतृत्वकर्ता कहने वाली कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी (कोकोमी) ने कहा कि वह इस तरह के किसी भी आंदोलन का समर्थन नहीं करती है। कोकोमी के नेता किरण कुमार ने बताया, 'असम राइफल्स को हटाने की हमारी मांग जस की तस है। असल में शुक्रवार को पल्लेल इलाके में दो मैतेई लोगों की हत्या से लोगों में आक्रोश है। उस घटना का हमारे पास वीडियो फुटेज है। हमले के दौरान लोगों ने असम राइफल्स जवानों से मदद मांगी थी, लेकिन उन्हें मदद नहीं मिली। इसलिए कुछ स्थानीय लोगों ने केंद्रीय संस्थानों को बंद कर दिया है। इसमें मीरा पैबिस या फिर हमारे कोकोमी से जुड़ा कोई भी संगठन शामिल नहीं है। हम केंद्रीय संस्थानों पर ताला लगाने के इस आंदोलन का समर्थन नहीं करते।'


### जवान अत्याचार की सीमा पार कर गए: टी निवेदिता

स्थानीय मीरा पैबिस नेता टी. निवेदिता देवी ने कहा कि असम रायफल्स की वापसी जरूरी है। इसलिए संस्थानों में तालाबंदी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जवान अत्याचार की सीमा पार कर गए हैं। जवान हिंसा की आग को शांत करने के बजाय भड़का रहे हैं। 3 मई के बाद से अब तक मणिपुर में मैतेई और कुकी के बीच हो रही सामुदायिक हिंसा में 200 लोगों की मौत हो चुकी है।

# सुप्रीम कोर्ट: वकील पर लगा जुर्माना, स्थायी जजों के लिए हाईकोर्ट के 18 अतिरिक्त न्यायाधीशों के नाम की सिफारिश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड पर गुरुवार को 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया। दरअसल, स्थगन की मांग के लिए वकील ने अपने स्थान पर एक जूनियर को अदालत में भेजा था और वह बिना तैयारी के ही कोर्ट में पेश हुआ। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड यानी वह वकील है, जो क्लाइंट का प्रतिनिधित्व करने और सुप्रीम कोर्ट में मामले दायर करने के लिए अधिकृत है।



### क्या है मामला?

दरअसल, एक मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। जैसे ही मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने मामले को उठाया, एक जूनियर वकील ने मामले को स्थगित करने की मांग की। ऐसा इसलिए क्योंकि मुख्य वकील उस वक्त मौजूद नहीं थे। पीठ में न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि आप हमें इसे हल्के में नहीं ले सकते। अदालत के कामकाज में ढांचागत लागत शामिल है। बहस शुरू करें। इस पर जूनियर वकील ने कहा कि उन्हें मामले के बारे में जानकारी नहीं है और इस मामले पर बहस करने के लिए उनके पास कोई निर्देश भी नहीं है।

### पीठ ने जताई नाराजगी

इस पर पीठ ने आपत्ति जताते हुए कहा कि हमें संविधान से मामले की सुनवाई के निर्देश मिले हैं। कृपया वकील को ऑन रिकॉर्ड बुलाएं। उन्हें हमारे सामने पेश होने के लिए कहें। बाद में एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए और शीर्ष अदालत से माफी मांगी। पीठ ने उनसे पूछा कि उन्होंने बिना किसी कागजात और मामले की जानकारी के एक जूनियर को अदालत में क्यों भेजा?

# मुंबई एयरपोर्ट पर चार्टर्ड प्लेन क्रैश: बारिश के चलते रनवे पर फिसला, दो हिस्सों में टूटा और आग लग गई, 3 घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

मुंबई एयरपोर्ट पर गुरुवार को एक चार्टर्ड प्लेन लैंडिंग के दौरान रनवे पर क्रैश हो गया। दरअसल, प्लेन रनवे पर बारिश के चलते फिसल गया था। इसके बाद प्लेन दो हिस्सों में टूट गया और उसमें आग लग गई। मामले की जानकारी मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। प्लेन में 6 पैसेंजर्स और 2 क्रू मेंबर सवार थे। जिनमें से 3 लोग घायल हुए हैं, उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने बताया कि विशाखापट्टनम से मुंबई आ रहा वीएसआर वेंचर्स लियरजेट 45 एयरक्राफ्ट यहां रनवे 27 पर फिसल गया। मुंबई में भारी बारिश हो रही है, इसके चलते विजिबिलिटी 700 मीटर रह गई है। इसी वजह से यह घटना हुई।



# गुजरात विधानसभा में उठा हिट-एंड-रन का मामला पिछले तीन साल में 3000 से ज्यादा की जान गई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

गुजरात में विधानसभा के अंदर गुरुवार को हिट-एंड-रन का मुद्दा उठाया गया, जिसमें पिछले तीन वर्षों के आंकड़े पेश किए गए। इस दौरान सदन में बताया गया कि पिछले तीन वित्तीय वर्षों में करीब 3400 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और 2700 से ज्यादा घायल हुए हैं। सदन में पेश आंकड़ों के अनुसार राज्य में कुल 4860 मामले हिट-एंड-रन के सामने आए हैं, जिसमें वर्ष 2020-21 में 1499, 2021-22 में कुल 1,591 और 2022-23 में 1,770 शामिल हैं। इन 4,860 सड़क हादसों में 3,449 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जिनमें अहमदाबाद जिले में 329 मौतें शामिल हैं और 2,720 व्यक्ति घायल हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2020-21 में 1,069, 2021-22 में 1,158 और 2022-23 में 1,222 लोगों की मौत हुई, जिससे इस तरह की घातक दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि का संकेत मिलता है।



### क्या कहती है राज्य सरकार?

राज्य सरकार ने कहा कि उसने हिट-रन-मामलों को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें नियमित अंतराल पर यातायात जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना, अधिसूचना जारी करके गति सीमा तय करना। इसके अलावा स्पीड-गन का उपयोग करके नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहचान करना और ऐसे मामलों मे शामिल अपराधियों को दंडित करना और उन्हें पकड़ने के लिए विशेष अभियान आयोजित करना शामिल है। राज्य सरकार ने विधानसभा को यह भी बताया कि गुजरात उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार गश्त करने और कानूनों को लागू करने के लिए शहरी क्षेत्रों में पुलिस, नगर निगम और आरटीओ अधिकारियों की संयुक्त प्रवर्तन टीमें बनाई गई हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)